राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 257, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली रविवार 31 मार्च 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

इलेक्टोरल बॉन्ड आजाद भारत का सबसे बड़ा घोटाला, भाजपा ने ईडी से कराई उगाही : आप

.... पेज 03

बहराइच : फोन पर फिरौती और बेटे को मारे की धमकी देने वाले अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

.... पेज 05

बाबर के कप्तान के तौर पर वापसी से बढ़ सकती हैं पाकिस्तान की मुश्किलें

.... पेज 07

**विरोध प्रदर्शन**




कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आयकर विभाग द्वारा पार्टी को जारी किए गए नए नोटिस और पार्टी के बैंक खातों को फीज करने के खिलाफ लखनऊ में पार्टी कार्यालय के पास विरोध प्रदर्शन किया।

## दिल्ली जल बोर्ड केस– ईडी ने पहली चार्जशीट दाखिल की

### 140 पन्नों की चार्जशीट में जल बोर्ड के पूर्व चीफ इंजीनियर और कॉन्ट्रेक्टर आरोपी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को दिल्ली जल बोर्ड केस में पहली चार्जशीट दाखिल की है। इसमें एक कंपनी और 4 लोगों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि दिल्ली जल बोर्ड ने ठेका देने में भ्रष्टाचार किया। घूस की रकम आम आदमी पार्टी को इलेक्शन फंड के तौर पर दी गई।

दिल्ली जल बोर्ड केस में यह ईडी की पहली चार्जशीट है। इसे दिल्ली की स्पेशल प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट कोर्ट में पेश किया गया।

चार्जशीट में जल बोर्ड के पूर्व इंजीनियर जगदीश कुमार अरोड़ा, कॉन्ट्रेक्टर अनिल कुमार अग्रवाल, एनबीसीसी इंडिया लिमिटेड कंपनी के पूर्व जनरल मैनेजर डीके मित्तल, एनकेजी इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और तेजिंदर सिंह को आरोपी बनाया गया है।

#### केजरीवाल को नोटिस भेजा था, पीए के घर छापा मारा

एजेंसी ने इस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी पूछताछ के लिए नोटिस भेजा था, पर वो नहीं पहुंचे। ईडी ने केजरीवाल को शराब घोटाला केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था, वे अभी भी श्रष्ठ की कस्टडी में हैं।

ईडी ने जल बोर्ड केस में केजरीवाल के पर्सनल असिस्टेंट वैभव कुमार, आप के राज्यसभा सांसद एनडी गुप्ता, दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सदस्य शलभ कुमार, चार्टर्ड अकाउंटेंट पंकज मंडल और कुछ और लोगों के घर छापा मारा था।

#### 38 करोड़ के कॉन्ट्रैक्ट में सीबीआई ने दर्ज की थी एफआईआर

सीबीआई ने भी इस मामले में एक एफआईआर दर्ज की है, इसमें जगदीश अरोड़ा को आरोपी बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि अरोड़ा ने जल बोर्ड का एक ठेका एनकेजी इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को दिया था। ये 38 करोड़ का ठेका था।

सीबीआई का आरोप है कि कंपनी तकनीकी तौर पर ठेका लेने के काबिल नहीं थी, इसके बावजूद उसे ठेका दे दिया गया। अरोड़ा को ईडी ने 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। कांट्रैक्टर अनिल अग्रवाल भी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

## 4 शख्सियतों को भारत रत्न

### पीवी नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह, कर्पूरी ठाकुर , डॉ. एमएस स्वामीनाथन चारों को मरणोपरांत यह सम्मान मिला

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को 4 शख्सियतों को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। इनमें पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन शामिल हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को 31 मार्च को भारत रत्न दिया जाएगा। न्यूज एजेंसी ने बताया– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को आडवाणी के घर जाकर उन्हें सम्मानित करेंगी। तबीयत खराब होने के कारण आज वे नहीं आ सके। आडवाणी के घर पीएम मोदी, गृह मंत्री शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा मौजूद रहेंगे।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित आज के कार्यक्रम में चारों शख्सियतों के परिजनों ने यह सम्मान हासिल किया। नरसिम्हा राव के बेटे पीवी प्रभाकर राव, चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी, कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर और एमएस स्वामीनाथन की बेटी नित्या राव ने राष्ट्रपति से यह सम्मान लिया।

#### अब तक 53 हस्तियों को भारत रत्न दिया गया

केंद्र ने इस साल 5 हस्तियों को



भारत रत्न सम्मान देने का ऐलान किया था।

2014 में सत्ता संभालने के बाद से मोदी के कार्यकाल में मदन मोहन मालवीय, अटल बिहारी वाजपेयी, प्रणब मुखर्जी, भूपेन हजारिका और नानाजी देशमुख को यह सम्मान मिल चुका है।

2024 के 5 हस्तियों को मिलाकर इस सम्मान को अब तक हासिल करने वालों की संख्या 53 हो गई।

#### 1. पीवी नरसिम्हा राव

नरसिम्हा राव देश के 9वें प्रधानमंत्री थे। पीएम मोदी ने उन्हें भारत रत्न देने की घोषणा करते वक्त कहा था– प्रधानमंत्री के रूप में नरसिम्हा राव गारू का कार्यकाल महत्वपूर्ण उपायों द्वारा चिह्नित किया गया था, जिसने भारत को वैश्विक बाजारों के लिए खोल दिया, जिससे आर्थिक विकास के एक नए युग को बढ़ावा मिला।

#### 2. चौधरी चरण सिंह

चरण सिंह भारत के पांचवें प्रधानमंत्री थे। वे उत्तर प्रदेश के 5वें मुख्यमंत्री भी रहे थे। पीएम मोदी ने 9 फरवरी को उन्हें भारत रत्न देने की घोषणा करते वक्त कहा था– हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारंत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है।

यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है। उन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था।

#### 3. कर्पूरी ठाकुर

राष्ट्रपति मुर्मू ने 23 जनवरी को कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती से एक दिन पहले उन्हें भारत रत्न देने की घोषणा की थी। कर्पूरी ठाकुर दो बार बिहार के मुख्यमंत्री और एक बार डिप्टी सीएम रहे। वे पिछड़े वर्गों के हितों की वकालत करने के लिए जाने जाते थे।

#### 4. डॉ. एमएस स्वामीनाथन

पीएम मोदी ने 9 फरवरी को डॉ. एमएस स्वामीनाथन, पीवी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न (मरणोपरांत) देने का ऐलान किया था।

स्वामीनाथन एक कृषि वैज्ञानिक थे। उन्हें भारत में हरित क्रांति का जनक कहा जाता है।

पीएममोदी ने 9 फरवरी को कहा था– डॉ. स्वामीनाथन के दूरदर्शी नेतृत्व ने न केवल भारतीय कृषि को बदल दिया है, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा और समृद्धि भी सुनिश्चित की है। वह ऐसे व्यक्ति थे जिन्हें मैं करीब से जानता था और मैं हमेशा उनकी अंतर्दृष्टि और इनपुट को महत्व देता था।

## हृदयगति रूकने से हुई मुख्तार की मौत

बांदा। उत्तर प्रदेश के बांदा जिला कारागार में निरूद्ध रहे बाहुबली नेता माफिया मुख्तार अंसारी की मृत्यु हृदय गति रुक जाने से हुई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार को जारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण हार्ट अटैक बताया गया है और सदमे के साथ हार्ट अटैक मृत्यु का तात्कालिक कारण बताया गया है जिससे उसकी मृत्यु गुरुवार की रात्रि संभावित समय 9: 50 बजे की प्रतीत होने की पुष्टि हुई। गौर तलब है कि लगभग ढाई वर्ष से बांदा जिला कारागार में निरूद्ध माफिया मुख्तार अंसारी की गुरुवार को अचानक सेहत खराब होने से उसे तत्काल राजकीय रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया था।

## मुख्तार अंसारी को दफन किया गया

### बेटे उमर ने आखिरी बार उसकी मूछों पर ताव दिया; जांच टीम बांदा जेल पहुंची

गाजीपुर। मुख्तार अंसारी को शनिवार सुबह 10: 45 बजे गाजीपुर के कालीबाग कब्रिस्तान में दफन कर दिया गया। करीब 30 हजार लोग मुख्तार के जनाजे में पहुंचे थे।

पैतृक घर जिसे बड़ा फाटक कहते हैं, वहां मुख्तार का शव अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। बेटे उमर ने जनाजे पर पर इत्र छिड़का। मुख्तार की मूंछों पर आखिरी बार ताव दिया।

जनाजा निकलने के बाद प्रिंस टाकीज मैदान पर नमाज–ए–जनाजा की रस्म अदा की गई। यहीं लोगों से अपील की गई कि अब आगे ना जाएं,



परिवार के लोगों को ही कब्रिस्तान में जाने दें। मुख्तार उत्तर प्रदेश की बांदा जेल में बंद था। 28 मार्च की रात उसे बेहोशी की हालत में रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज लाया गया था। 9 डॉक्टर्स ने उसका इलाज किया, पर मुख्तार को बचाया नहीं जा सका।

मुख्तार कई बार कह चुका था कि जेल में उसे मारने की साजिश की जा रही है। उसे जहर दिया जा रहा है। ढाई घंटे चले पोस्टमॉर्टम के बाद मुख्तार की मौत की वजह कार्डियक अरेस्ट बताई गई। मुख्तार का शव शुक्रवार की रात 1 बजकर 15 मिनट पर गाजीपुर स्थित पुश्तैनी घर लाया गया।

## केजरीवाल के मंत्री गहलोत से ईडी की 5 घंटे पूछताछ

### शराब नीति घोटाले पर सवाल किए गए; पॉलिसी बनाने वाली कमेटी में शामिल थे

नई दिल्ली। शराब नीति केस में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उनके करीबी मंत्री कैलाश गहलोत से ईडी ने करीब 5 घंटे तक पूछताछ की। गहलोत शनिवार को साढ़े 11 बजे ईडी दफ्तर पहुंचे थे।

गहलोत नजफगढ़ से आप के विधायक हैं। वे केजरीवाल सरकार में परिवहन, गृह और कानून मंत्री हैं।

ईडी ने शनिवार सुबह ही गहलोत को समन जारी किया था और उन्हें तत्काल पूछताछ के लिए अपने दफ्तर



बुलाया था। गहलोत से धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए कहा है।

एजेंसी का कहना है कि गहलोत मंत्रियों के उस ग्रुप का हिस्सा थे, जिसने 2021–22 के लिए शराब नीति बनाई थी। इसमें तब डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और पूर्व शहरी विकास मंत्री सत्येंद्र जैन भी शामिल थे।

एजेंसी ने अपनी चार्जशीट में गहलोत का नाम लिखा था। ईडी का आरोप है कि शराब नीति साउथ लॉबी को लीक की गई थी, जिसमें तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी के. कविता भी शामिल थीं। साउथ लॉबी पर क और उसके नेताओं को 100 करोड़ की रिश्वत देने का आरोप है।

कैलाश गहलोत ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर कटाक्ष किया और कहा कि बीजेपी जनता का ध्यान भटकाने के लिए सब कुछ करेगी। अगर ईडी कोई नोटिस जारी नहीं करता तो यह हैरानी की बात होगी। गहलोत ने यह भी कहा कि भाजपा ने अभी तक इस बात का जवाब नहीं दिया है कि शराब नीति केस में मुख्य आरोपी शरथ चंद्र रेड्डी को जमानत क्यों दी गई।

## युवा कांग्रेस का केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

नयी दिल्ली। युवा कांग्रेस ने आयकर विभाग की कार्यवाही के विरोध में शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में प्रदर्शन किया और कहा कि कांग्रेस पार्टी सरकार की किसी भी दमनकारी नीति से डरने वाली नहीं है।

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरुण पांडे ने यहां बताया के संगठन के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के नेतृत्व में युवा कार्यकर्ता यहां राजेंद्र प्रसाद रोड पर प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़े तो पुलिस ने अवरोधक लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोका। इस दौरान पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को



हिरासत में भी लिया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर श्रीनिवास ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार विपक्ष को लगातार कमजोर करने का प्रयास कर रही है और इसके लिए टैक्स आतंकवाद का सहारा लिया जा रहा है। पांडे ने कहा कि पूरे देश को पता चल गया है कि चुनावी बॉन्ड घोटाले से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने करीब 8,250 करोड़ रुपए चंदा इकट्ठा किया है और उसके इस कदम को उच्चतम न्यायालय ने संविधान के खिलाफ बताया है। आयकर विभाग और चुनाव आयोग को भाजपा की कमी नजर नहीं आ रही है और वे हर मुद्दे पर कांग्रेस को घेरने में लगे हुए हैं उन्होंने कहा कि आईटी विभाग की ओर से जिन नियमों की आड़ में कांग्रेस को परेशान किया जा रहा है उन्हीं नियमों को लेकर भाजपा को छूट दी जा रही है। लोकसभा चुनाव की तारीखें घोषित होने के बाद आईटी विभाग द्वारा कांग्रेस पर गलत तरीके से पेनल्टी लगाई जा रही है और पैसों की मांग की जा रही है। युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने मांग की है कि आईटी विभाग द्वारा भाजपा को 4,600 करोड़ रुपए का नोटिस दिया जाना चाहिए और उस पर सख्त करवाई की जानी चाहिए। इस दौरान प्रदर्शन में अनेकों युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी के नेतृत्व में प्रदर्शन के लिए डा. राजेंद्र प्रसाद रोड पर जा रहे थे, जिस पर दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग कर अनेकों युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया।

## कंबोडिया में फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए मोदी सरकार ने उठाये कदम

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। सरकार कंबोडिया में रोज़गार का झांसा देकर अवैध साइबर कामों में लगाए गए ढाई सौ भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए कंबोडिया की सरकार के साथ मिल कर काम कर रही है।

कंबोडिया में फंसे भारतीयों के संबंध में मीडिया के सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को कहा,



%हमने कंबोडिया में फंसे भारतीय नागरिकों के बारे में मीडिया रिपोर्टें देखी हैं। कंबोडिया में हमारा दूतावास उन भारतीय नागरिकों की शिकायतों पर तुरंत प्रतिक्रिया दे रहा है, जिन्हें उस देश में रोजगार के अवसरों का लालच दिया गया था, लेकिन उन्हें अवैध साइबर कार्य करने के लिए मजबूर किया गया था।

जायसवाल ने कहा कि कंबोडियाई अधिकारियों के साथ मिलकर काम करते हुए, लगभग 250 भारतीयों को बचाया और वापस लाया गया है, जिनमें से 75 लोगों को पिछले तीन महीनों में ही बचाया गया है। उन्होंने कहा, विदेश मंत्रालय और कंबोडिया में भारतीय दूतावास द्वारा हमारे नागरिकों को ऐसे घोटालों के बारे में कई परामर्श भी जारी किए गए हैं।

## बुलंदशहर में गंगा पर बन रहा 83 करोड़ का पुल गिरा

बुलंदशहर। बुलंदशहर में गंगा नदी पर निर्माणाधीन पुल के 3 बीम अचानक भर भराकर गिर गए। लोगों का आरोप है कि पुल में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा था। जिस कारण पुल के बीम गिर गए। गनीमत रही कि हादसे के समय मौके पर कोई मौजूद नहीं था, नहीं तो बड़ी अनहोनी हो जाती। हादसा स्याना तहसील क्षेत्र के ऊंचा गांव विकासखंड के माली की मड़ैया गांव में हुआ है। गिरे हुए पुल के वीडियो को ङ्ग पर पोस्ट करते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी सरकार पर हमला बोला है।



बताया जा रहा है कि 83 करोड़ की लागत से माली की मड़ैया गांव में गंगा पर नया पुल बन रहा है।

सेतु निगम की निगरानी में पुल का निर्माण किया जा रहा है। सेतु निगम के कर्मचारियों पर ग्रामीणों ने पूर्व में भी घटिया सामग्री प्रयोग करने का आरोप लगाया था। लेकिन उस समय किसी अफसर ने उनकी बातों पर गौर नहीं किया।

**हादसा**

**सूचना पर डीएम और एसपी मौके पर पहुंचे , पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है**

## देवरिया में सिलेंडर ब्लास्ट, 4 जिंदा जले, मरने वाले में मां, बेटा और 2 बेटी

**एजेंसी**

देवरिया। देवरिया में शनिवार सुबह गैस सिलेंडर फटने से परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में मां, 2 बेटी और बेटा शामिल है। बताया जा रहा है कि किचन में पहले से गैस लीक हो रही थी। सुबह महिला चाय बनाने के लिए गई। उसने गैस जलाने के लिए माचिस जलाई।

इसके बाद आग लग गई, जिससे सिलेंडर फट गया। हादसे के बाद चीख–पुकार मच गई। लोग आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े। मगर, तब तक महिला और तीन बच्चे जिंदा जल गए। इसके बाद गांव वालों ने पुलिस



को सूचना दी गई। सूचना पर डीएम और एसपी मौके पर पहुंचे। फिलहाल, पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

मामला भलुअनी थाना के डुमरी गांव का है। यहां शिव शंकर गुप्ता निर्माणाधीन घर में परिवार के साथ रहते हैं। उनका पावरोटी बेचने का काम है।

शनिवार सुबह किचन के बगल के रूम में तीनों बच्चे सो रहे थे। शिव शंकर दुकान पर जाने के लिए तैयार हो रहे थे।

उनकी पत्नी आरती देवी (42) किचन में चाय बनाने के लिए गई। जैसे ही उसने चाय बनाने के लिए माचिस जलाई।

गैस सिलेंडर के रिसाव से आग लग गई। शिव शंकर दौड़कर मौके पर पहुंचे। इसी बीच शोर सुनकर बच्चे भी जग गए। सभी आग से बचने के लिए इधर–उधर भागने लगे।

इतने में ही ब्लास्ट हो गया। इसकी चपेट में आने से आरती देवी, बेटी आंचल (14), सृष्टि (11 महीने), बेटा कुंदन (12) की मौके पर ही मौत हो गई।

हालांकि, शिव शंकर घर के बाहर निकलने में सफल हो गए। जिससे वो बच गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर अधिकारी मौके पर पहुंचे।

आग को बुझाकर चारों शवों को जली हालत में बाहर निकाला गया। सूचना पाकर मौके पर डीएम अखंड प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा और स्थानीय विधायक दीपक मिश्र शाका ने पहुंचकर घटना का जायजा लिया।

## शार्ट न्यूज

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़ में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए



झज्जर। शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़ में कक्षा 6,7,8,9 व 11वी कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम प्राचार्य अताउल्ला खान व असिस्टेंट मैनेजर रविंद्र कौशिक की उपस्तिथि में घोषित किए गए। पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पाने वाले सभी विद्यार्थियों को जहाजगढ़ स्कूल के समस्त स्टाफ द्वारा मेडल पहनाकर उनका सम्मान किया गया। कक्षा 6 से केशव, 7वी से कार्तिक, 8वी से रौनक, 9वी से रुद्र तो कक्षा 11वी आर्ट से स्वीटी, 11वी कॉमर्स से वर्षा और 11वी साइंस से झंकार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य ने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए अपनी सफलता को निरंतर रखने बारे कहां। रविंद्र कौशिक ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहां के अगले शैक्षणिक सत्र की तैयारी 1 अप्रैल से शुरू करनी होगी तब जाकर अगले साल भी इस साल की तरह कामयाबी मिलेगी। इस अवसर पर प्राध्यापिका पूनम, सुमन, वनीता, सविता, अन्नुबाला वर्मा, मोनिका, कविता, संतोष, जगवंती, सुदेश व प्राध्यापक पवन, मंदीप, राकेश, अशोक, अनिल कुमार, बलजीत कटारिया आदि उपस्थित रहे।

### विधानसभा चुनाव : मुख्यमंत्री खांडू समेत 10 भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश में 19 अप्रैल को होने वाले चुनाव से पहले सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को 10 विधानसभा सीटों पर निर्विरोध जीत हासिल करके धमाकेदार अंदाज में अपना खाता खोला। इन विजेताओं प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री पेमा खांडू तवांग के मुक्तो विधानसभा क्षेत्र से और उपमुख्यमंत्री चौना मीन नामसाई जिले के चौखम निर्वाचन क्षेत्र से शामिल हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पवन कुमार सेन ने घोषणा की, अरुणाचल प्रदेश राज्य में हमारे 10 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं। सीईओ ने बताया कि विजेताओं में मुक्तो से श्री खांडू के अलावा डोंगरू सियोंग्जू (बोमडिला) से , तेची कासो (ईटानगर)से , रातू तेची (सगाली)से , हेगे अप्पा (जीरो-हापोली)से , जिक्के ताको (ताली) से , न्यातो डुकम (तालिहा)से , मुत्चू मिथि (रोइंग)से दासंगलू पुल (हयुलियांग)से , और चौना मीन (चौखम) शामिल हैं। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारी वापस लेने के बाद अरुणाचल प्रदेश की दो लोकसभा सीटों के लिए कुल मिलाकर 14 उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं। अरुणाचल पश्चिम संसदीय क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार किरेन रिजिजू, कांग्रेस के नबाम तुकी, गण सुरक्षा पार्टी के टोको शीतल, और पांच निर्दलीय - बिंपक सिगा, लेकी नोरबू, रूही टैगुंग, तानिया जून और तेची राणा के बीच मुकाबला होगा।

### बैंक खाते फीज करने के विरोध में उत्तराखंड में कांग्रेस का राष्ट्रपति को ज्ञापन

देहरादून। कांग्रेस के बैंक खाते को आयकर विभाग द्वारा फ्रीज करने के विरोध में शनिवार को उत्तराखंड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष डॉ जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी (डीएम) के माध्यम से प्रेषित किया। डॉ गोगी ने इससे पहले डीएम कार्यालय पर संवाददाताओं से कहा कि लोकसभा (लोस) चुनाव से ठीक पहले विपक्ष के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) तथा आयकर विभाग की इस तरह की कार्यवाहियों से स्पष्ट है कि केन्द्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देश से लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि कुछ जांच यदि जरूरी भी है तो कम से कम चुनाव तक तो रुका जा सकता है। उन्होंने सवाल किया कि अगर कोई पार्टी अपने खातों का संचालन वैध पूर्ण, राजनीतिक गतिविधियों हेतु नहीं कर पाएगी, तब लोस चुनावों में किस तरह भागीदारी कर पायेगी। उन्होंने कहा कि इससे चुनाव की शुचिता और निष्पक्षता स्थापित नहीं रह सकती। महानगर अध्यक्ष ने इसे बहुत दुख और शर्म की बताते हुए कहा कि देश के मुख्य विपक्षी दल को इस तरह चुनावों के दौरान, प्रताड़ित करने से अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं और प्रमुख देशों को हमारे आंतरिक मामलों में टिप्पणी करने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि इससे हमारे लोकतंत्र की छवि धूमिल हो रही है।

### उत्तराखंड की पांच लोस सीटों पर कुल 55 प्रत्याशी भाग्य अजमाएंगे

देहरादून। आगामी लोकसभा (लोस) चुनाव के प्रथम चरण में होने वाले मतदान के लिए उत्तराखंड की सभी पांचों सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया शनिवार को पूर्ण हो गई। अपराह्न तीन बजे तक नाम वापसी के निर्धारित समय में अल्मोड़ा से निर्दलीय उम्मीदवार अर्जुन कुमार देव ने अपना नामांकन वापस लिया है। इस प्रकार अब प्रदेश की पांच लोकसभा निर्वाचन सीटों पर कुल 55 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपना भाग्य अजमाएंगे। राज्य के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने आज संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब टिहरी सीट पर 11, पौड़ी गढ़वाल पर 13, अल्मोड़ा में सात, नैनीताल में 10 और हरिद्वार में 14 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। जोगदंडे ने कहा कि कि पर्वतीय राज्य की पांचों लोकसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा और चार जून को मतदान के परिणाम घोषित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, एग्जिट पोल के निष्कर्ष का प्रकाशन और प्रसारण करना सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया के दौरान पूर्णत: प्रतिबंधित होगा। उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल के सुबह सात बजे से लेकर एक जून शाम साढ़े छह बजे तक एग्जिट पोल का प्रकाशन और प्रसारण पर प्रतिबंध रहेगा। इन प्रतिबंधों का सभी मीडिया हाउस को पालन सुनिश्चित करना होगा। इसके साथ ही, मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से ओपिनियन पोल करना और उसके निष्कर्ष का प्रकाशन और प्रसारण करना भी पूर्णत: प्रतिबंधित होगा।

### राजस्थान स्थापना दिवस पर कलाकारों ने बिखेरे राजस्थानी संस्कृति के रंग

जयपुर। राजस्थान का स्थापना दिवस राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा सहित प्रदेश के विभिन्न पंथ, मजहब के लोग, गणमान्य लोगों की मौजूदगी में शनिवार को यहां समारोहपूर्वक एवं हर्षोल्लस के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के कलाकारों ने गीत, नृत्य, लोक नाट्य की प्रस्तुतियों में राजस्थान की संस्कृति का गौरव गान किया। कलाकारों ने समारोह में राम-वंदना करते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की मनोहारी छवि से भी साक्षात् कराया। आरंभ में श्री मिश्र ने राजस्थान निर्माण के विभिन्न चरणों, रियासतों के एकीकरण से बने आधुनिक राजस्थान और यहां के लोगों की जीवटता की चर्चा करते हुए राजस्थान में सात वार और नौ त्योहार की संस्कृति की भी विशेष रूप से चर्चा की। उन्होंने कहा कि उत्सवधर्मिता में यहां के लोगों ने विषम भौगोलिक परिस्थितियों में भी जीते हुए अभावों में भी पर्व, तीज-त्योंहार और संस्कृति के भाव भरे है। उन्होंने राजस्थान की पर्यटन विरासत को महत्वपूर्ण बताते हुए %पधारो म्हारे देश% की मनुहार के जरिए यहां के चित्ताकर्षक पर्यटन स्थलों पर पर्यटक आमंत्रण के अधिकाधिक प्रयास करने पर भी जोर दिया। मिश्र ने कहा कि राजस्थान भक्ति और शक्ति का संगम प्रदेश है। उन्होंने महाराणा प्रताप के शौर्य, भामाशाह की दानवीरता, पन्नाधाय के बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि गौरवमय राजस्थान का स्थापना दिवस सद्भाव की हमारी संस्कृति को सहेजने का है। उन्होंने राजस्थान दिवस पर संकल्पित होकर राज्य के सर्वांगीण विकास में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। राजस्थान स्थापना दिवस की शुरुआत कलाकारों ने पारंपरिक राजस्थानी वाद्य यंत्रों के मेल से लंगा, मांगणियार द्वारा बनाई मधुर धुन डेजर्ट सिंफनी में सजे निबुड़ा गीत से की।

# राजनीतिक दलों पर भारी 'नोटा'

## लोकसभा चुनाव में दो गुनी रफ्तार से पड़ा नोटा पर वोट, इस बार भी चला नो वोट का कैंपेन

नोएडा। 2009 में गौतमबुद्ध नगर को लोकसभा सीट बनाया गया। इसे पांच विधानसभा सीट मिलकर बनाया गया। प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा और जीता। पार्टियों का दबदबा भी बढ़ा और इसी के साथ राजनीतिक दलों से नाखुश रहने वालों की संख्या में इजाफा हुआ।

विगत दो लोकसभा चुनावों में इनकी संख्या दो गुना हो गई। इससे सबसे ज्यादा नाखुश मतदाता नोएडा का है। 2014 लोकसभा चुनाव में नोएडा विधानसभा क्षेत्र में 1879 लोगों ने नोटा का बटन दबाया। 2019 में ये संख्या बढ़कर दोगुना के पास 3315 हो गई।

आलम ये था कि अधिकांश




प्रत्याशी भी नोटा के इस अंक तक नहीं पहुंच सके। हालांकि इस बार प्रशासन स्वीप के जरिए मतदाता को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। लेकिन राजनीतिक दलों के जीत के बाद बदलता रवैया गौतमबुद्ध नगर वासियों को रास नहीं आ रहा।

यही वजह है कि इस बार भी नोएडा ग्रेटरनोएडा की अधिकांश सोसाइटी जिनमें मतदाता की संख्या 60 फीसदी है। रजिस्ट्री नहीं होने पर इन लोगों ने नो रजिस्ट्री नो वोट का कैंपेन चला दिया है।

नोएडा और ग्रेनो वेस्ट की सोसाइटी के बाहर इन लोगों ने पोस्टर और बैनर तक लगा दिए है। अब देखना ये है कि ये लोग नोटा को चुनते है या मतदान करने घर से बाहर ही नहीं निकलते। यदि ऐसा हुआ तो इस बार भी नोटा की संख्या कम होने की बजाय बढ़ेगी।

दरअसल सरकार का वादा था कि इस बार सभी फ्लैट मालिकों को रजिस्ट्री होगी। बतौर अमिताभ कांत की सिफारिश लागू की गई। इसके तहत बिल्डरों को कुल बकाया का 25 प्रतिशत रकम जमा करनी थी।

नोएडा और ग्रेटरनोएडा में महज 75 बिल्डर परियोजना ने सहमति दी। पैसा सिर्फ 200 करोड़ के आसपास ही आया। इससे 2000 रजिस्ट्री ही हो सकी। गौतमबुद्ध नगर में करीब 1.5 लाख फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री नहीं हो सकी है और करीब इतने ही लोगों को आशियाना नहीं मिला है।

जिनके लिए चुनाव सिर्फ एक जुमला रह गया है। प्रत्याशी यहां आते है और वादा करने चले जाते है। इसलिए एक बार फिर नो रजिस्ट्री नो वोट या फिर नोटा के जरिए ही ये अपना गुस्सा प्रत्याशियों पर निकालेंगे।

### एसीईओ ने 5 गांवों का किया निरीक्षण, गंदगी मिलने पर कंपनी पर 1 लाख का जुर्माना लगाया



नोएडा। प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री ने शनिवार को गांव और सेक्टर का निरीक्षण किया। कार्य में लापरवाही मिलने पर एक सुपरवाइज़र को चेतावनी दी गई। वहीं दूसरे सुपरवाइज़र का वेतन रोकने का निर्देश दिया गया । इसके अलावा संविदाकार कंपनी न्यू मार्डन इंटरप्राइजेज पर 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। एसीईओ संजय खत्री ने डीजीएम जन स्वास्थ्य एसपी सिंह, परियोजना अभियंता आरके शर्मा के साथ सेक्टर-93,105,108 के अलावा गांव भंगेल, सलारपुर, गेझा, मोहियापुर , गुलावली का निरीक्षण किया। इस दौरान गांव भंगेल, सलारपुर में दादरी मार्ग पर डोर टू डोर ऐंजी के वेस्ट जगह-जगह पाए गए। जिससे लग लगा रहा था कि एजेंसी की ओर से सही से काम नहीं किया जा रहा है। इसलिए एसजी एनवायरों को भंगेल और सलारपुर में डोर टू डोर कलेक्शन के लिए वाहनों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ सुपरवाइज़र श्यामवीर को चेतावनी दी गई। इसी तरह गेझा गांव के बाहर 45 मीटर चौड़े मर्ा पर गंदगी और कूड़े के ढेर पाए गए।

## स्कूटी के बाद ऑडी के स्टंट मैन पर एफआईआर

**नोएडा।** स्कूटी सवार युवक व युवतियों पर अश्लीलता फैलाने और स्टंट मामले में एफआईआर के बाद अब नोएडा पुलिस ने एलिवेटेड सड़क पर दो ऑडी सवार युवकों द्वारा स्टंट करने के मामले में सेक्टर-24 थाने में केस दर्ज किया है। कार के नंबर के आधार पर पुलिस दोनों युवकों की तलाश कर रही है। कार चालकों पर यातायात पुलिस पूर्व में जुर्माना लगा चुकी है। कार सवार युवकों का वीडियो सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ था। यूजर ने आरोपियों के खिलाफ नोएडा पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी। सेक्टर 24 थाना प्रभारी ने बताया कि 27 मार्च को वायरल हुई वीडियो में दो ऑडी कार में सवार लोग एलिवेटेड सड़क पर तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए स्टंट करते हुए दिखाई दे रहे हैं। ये लोग रूफ विंडो से बाहर निकलकर स्टंट करते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्टंटबाजो के इस कृत से मानव जीवन की सुरक्षा को खतरा हो सकता था, और रोड पर चल रहे अन्य वाहनों के चालकों के जीवन संकट मय हो सकता था। कार चालकों के खिलाफ धारा 279 तथा 336 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जल्द की आरोपियों को दबोच कर कार को सीज किया जाएगा। इससे पहले ट्रैफिक पुलिस ने कार मालिक का 31 हजार का चालान किया था।

## 18 दिनों से प्राधिकरण के खिलाफ किसानों का धरना जारी

### कहा- समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन करेंगे, सपा ने दिया समर्थन

जेवर। जेवर के अस्तौली में 18 दिनों से किसान प्राधिकरण के खिलाफ अपनी कई मांगों पर लेकर धरने पर बैठे हैं। किसानों का आरोप है कि अभी तक उनसे वार्ता करने के लिए अधिकारी नहीं पहुंचे हैं। जिसके चलते किसानों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। शनिवार को किसानों को समर्थन देने के लिए सपा कार्यकर्ता भी पहुंचे और समर्थन दिया।



किसान सूरज भाटी ने बताया कि 12 मार्च से प्राधिकरण के खिलाफ किसान धरने पर बैठे हैं। ग्रेनो प्राधिकरण ने उनकी जमीन को खरीदकर अन्य प्राधिकरण को बेच दिया है। जिस पर डंपिंग ग्राउंड और बिजली उत्पादन करने का प्लांट बनाया जा रहा है। तभी से किसान काम को रुकवाकर धरने पर बैठे हैं, लेकिन किसानों से वार्ता करने के लिए अभी तक अधिकारी नहीं पहुंचे। जिसके चलते किसानों में काफी नाराजगी है।

#### धरने को समर्थन किया

शनिवार को किसानों के धरने को समर्थन देने के लिए समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड शैलेंद्र भाटी पहुंचे। जिन्होंने इस दौरान भाजपा सरकार पर जमकर निशाना भी साधा और कहा कि जब से यह सरकार आई है। तब से किसानों पर अत्याचार किया जा रहा है। उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है। यदि मांग पूरी करने के लिए प्रदर्शन करते हैं, तो उन पर लाठी चार्ज किया जाता है। उन्होंने किसान के धरने को समर्थन दिया है।

किसानों का कहना है कि वह अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं। लेकिन अधिकारियों को इस तरफ कोई ध्यान नहीं है। जिसके चलते क्षेत्रीय किसानों से भी धरने को बड़े स्तर पर चलाने के लिए सहयोग मांगा जा रहा है। यदि जल्द ही समाधान नहीं होता है तो बड़ा आंदोलन भी प्राधिकरण के खिलाफ किसान करेंगे।

#### ये लोग रहे मौजूद

इस दौरान मन्नू भाटी, अरुण भाटी, महेंद्र सिंह, मिनी नेता, वीरेंद्र हवलदार, श्रीचंद पहलवान, गज्जी पहलवान, देवी भाटी और परमाल भाटी समेत कई किसान मौजूद रहे।

## 1.32 करोड़ की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### फर्जी दस्तावेज तैयार कर पीड़ित को बेचा था प्लाट; फरार साथियों की तलाश तेज

नोएडा। फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्लाट बेचने के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को फेज-3 पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्त में आए आरोपी के अन्य साथियों की तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। आरोपी की पहचान दिल्ली के मंडावली निवासी फुरकान के रूप में हुई है। फुरकान और उसके पांच अन्य साथियों ने गढ़ी चौखंडी गांव में प्लॉट दिलाने के नाम पर पेंट कारोबारी के 1.32 करोड़ रुपए हड़प लिए।आरोपी कई लोगों के साथ धोखाधड़ी कर चुके हैं।

पीड़ित योगेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी



एसके ट्रेडर्स के नाम से पेंट की दुकान है। उनके दो भाई भी सेक्टर-66-67 में पेंट की दुकान करते हैं।

गाजियाबाद निवासी अमित राजपूत, दिल्ली निवासी फुरकान, उसका बेटा वसीम और बुलंदशहर के बझैड़ा गांव निवासी रोहित शर्मा अपने अन्य साथियों के साथ उनकी दुकान पर आते रहते थे। योगेंद्र के भाई की चारों से अच्छी दोस्ती हो गई। चारों ने योगेंद्र से कहा कि उसकी गढ़ी चौखंडी गांव में आबादी की भूमि है, जिसे वह बेहद कम दाम में दे देंगे। यह भूमि प्रमोद और विनोद की है।

चारों ने प्रमोद और विनोद को अपना करीबी बताया। अमित राजपूत समेत अन्य लोगों ने प्रमोद और विनोद का आधार और पैन कार्ड भी दिखाया। झांसे में आने के बाद योगेंद्र ने आरोपियों से 1269.19 वर्ग मीटर भूमि का सौदा 1.21 करोड़ रुपए में तय कर लिया।

इसके बाद योगेंद्र और उनके पुत्र निखिल चौहान ने तीन बैनामा कराए। आरोप है कि बैनामा के दौरान मिले चेक आरोपियों ने बैनामा करने वाले के खाते में न डालकर शपथपत्र के माध्यम से नकद प्राप्त कर लिए।

इसके अलावा दिल्ली के व्यक्ति को 35 लाख रुपए में चौथा बैनामा करा दिया। बाद में पीड़ित को पता चला कि सभी आरोपियों ने धोखाधड़ी करके उनके साथ करीब 1.32 करोड़ रुपए का गबन किया है।

आरोप है कि चारों ने प्रमोद और विनोद के नाम पर कोई फर्जी व्यक्ति खड़े करके सभी प्लाट का बैनामा कराया।

आरोपियों ने योगेंद्र, उसके भाइयों और रिश्तेदार के साथ लगभग 11 से 12 करोड़ रुपए का फर्जी वाड़ा किया है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की दबिश जारी है।

## नोएडा में स्टूडेंट ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

नोएडा। नोएडा में एक युवक ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। युवक सेक्टर-126 एमिटी यूनिवर्सिटी में एअरस्पेस टेक्नोलॉजी से बीटेक सेकेंड ईयर का स्टूडेंट था। फांसी यूनिवर्सिटी के हॉस्टल के एक कमरे में लगाई। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर परिजनों को जानकारी दी है। शव को मॉर्च्युरी में रखवा दिया गया है। साथ ही हॉस्टल के कमरे को सील कर दिया है। पुलिस ने बताया कि रितम वर्मन नोएडा की एमिटी यूनिवर्सिटी में पढ़ रहा था। यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में कमरे में अकेले रहता था। शुक्रवार रात को उसने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रितम मूल रूप से अहमदाबाद गुजरात का रहने वाला था। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी है। उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। हालांकि उसके मोबाइल को जब्त किया गया है। फोन की सीडीआर और अन्य रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है ताकि आत्महत्या करने की वजह का पता चल सके। बताया गया कि रितम कुछ दिनों से किसी बात को लेकर परेशान चल रहा था। इसलिए उसने ऐसा कदम उठाया। वहीं उसका आई कार्ड और अन्य कॉलेज के दस्तावेज कॉलेज प्रशासन के पास है। फोरेंसिक टीम मौके पर जांच पड़ताल कर रही है।

## तमिलनाडु : लोकसभा चुनाव के लिए 1,075 उम्मीदवार मैदान में

चेन्नई। तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल को होने वाले एकल चरण के मतदान के लिए नाम वापस लेने की अंतिम तिथि शनिवार शाम समाप्त होने के बाद कुल 1,075 उम्मीदवार मैदान में हैं।

राज्य में 39 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होंगे और इसमें चतुष्कोणीय मुकाबले की स्थिति देखने को मिलेगी।

सत्तारूढ़ द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन (एसपीए), विपक्ष के अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाला मोर्चा, भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन और नाम तमिझार काची (एनटीके) के बीच मुकाबला होगा।

सभी प्रमुख उम्मीदवारों सहित कुल 1,092 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे और चुनाव आयोग ने गुरुवार को प्रमुख राजनीतिक दलों के नामांकन को जांच में सही पाया। उनचालीस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1,403 उम्मीदवारों से प्राप्त कुल 1,749 नामांकन में से 1,092 को वैध घोषित किया गया और 651 को जांच के दौरान खारिज हो गये।

## गाँव मुंदशा की बेटी मानसी समोता आर्मी में नर्सिंग अधिकारी बनी



ललित गोठवाल

▸ सरपंच बिमला देवी ने बेटी मानसी के आर्मी में नर्सिंग अधिकारी बनने पर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं और आर्शिवाद दिया।

झज्जर। मानसी ने कक्षा 10 व 12 कक्षा आर ई डी झज्जर से पास की व मानसी पढ़ाई 1 कक्षा से ही अव्वल रही कक्षा बारहवीं के बाद दिल्ली विश्वविधालय से विज्ञान में स्नातक किया फिर 2019 में A.F.M.C पुणे में नर्सिंग अधिकारी ज्वाइन किया ट्रैनिग के दौरान काफी उत्कृष्ट कार्य किए तथा स्थाई कमीशन प्राप्त करते हुए मार्च 2024 में आर्मी में नर्सिंग लेफ्टिनेट पद से पास आउट हुई और अब मुंबई में कार्यरत है।

मानसी के पिता सत्यकंवार सामोता जी BSF. में DSP के पद पर कार्यरत है वो ईमानदार और मेहनती है। मानसी की माता मनीषा सरकारी अध्यापिका है उन्होंने नौकरी के साथ- साथ अपने बच्चों की पढ़ाई का ख्याल रखा वो बहुत महेनती व ईमानदार है मानसी ने दादा भरत सिह आर्मी में सुबेदार पद से रिटायर थे उनका सपना बच्चों को उच्च शिक्षा के साथ- साथ आर्मी में अधिकारी बनाने का था। उनका काफी समय पहले स्वर्गवास हो गया है मानसी के ताऊ महेन्द्र CISF से इंस्पेक्टर पद से रिटायर है मानसी का पुरा परिवार पढ़ा लिखा और मिलनसार है। मानसी की कामयाबी में मानसी की मेहनत, माता , पिता , नाना व नानी व पुरे परिवार का सहयोग व मर्गदर्शन रहा साथ ही समस्त ग्रामवासियों का आर्शिवाद रहा। सरपंच ने कहा कि मानसी छुट्टी के दौरान गाँव में आयेगी तब उनका जोरदार स्वागत किया जायेगा। सरपंच ने फिर से मानसी व पुरे परिवार को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## अनुसूचित जाति विभाग हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्व धान में राज्य स्तरीय कार्यकारिणी सभा का आयोजन किया गया

गुरुग्राम में हुआ अनुसूचित जाति विभाग हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्व धान में राज्य स्तरीय कार्यकारिणी सभा का आयोजन इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दीपक बावरिया महासचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रभारी हरियाणा विशिष्ट अतिथि राजेश लिलोठिया अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी इसकी अध्यक्षता उदयभान प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने की और इस कार्यक्रम के आयोजन मनोज बागड़ी हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी



अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग ने की हरियाणा लोकसभा चुनाव 2024 में दलितों की भूमिका और अनुसूचित जाति विभाग की संगठनात्मक मजबूती करना था इस कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा कांग्रेस कमेटी उदय भान ने कहा कि हरियाणा प्रदेश से बीजेपी पार्टी को उखाडड्डु फेंकने का काम कांग्रेस पार्टी करेगी और आने वाले चुनाव में जनता पूर्ण रूप से मन बना चुकी है उन्होंने कहा की प्रदेश की बीजेपी सरकार ने युवाओं के साथ नोकरियो में खिलवाड़ किया है ,किसानों के हितों को भी ध्यान में नही रखा गया ,महिलाओं की सुरक्षा भी ना के बराबर है और आने वाली चुनाव की हमारी तैयारी पूरी है और कांग्रेस पार्टी ही लोगों का भला कर सकती है। वही वही इस कार्यक्रम में संबोधित करते हुए दीपक बावरिया ने कहा कि भाजपा सरकार 400 पर का नारा दे रही है लेकिन उनके 400 कैंडिडेट भी नहीं है के उन्होंने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का होगा और मजबूत संगठन बनाकर पार्टी को जीतने का कार्य किया जाएगा।

## पुलिस और सीएपीएफ ने कई जिलों में किया फ्लैग मार्च

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में लोकसभा चुनाव से पहले पुलिस ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के साथ मिलकर शनिवार को फ्लैग मार्च किया।

पुलिस ने कहा कि इस फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य समाज में सुरक्षा और सद्भाव की भावना पैदा करना और स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा भय मुक्त चुनाव सुनिश्चित करना है।जम्मू-कश्मीर के बारामूला, गांदरबल, शोपियां और कुलगाम जिलों में फ्लैग मार्च किया गया और इसका नेतृत्व पुलिस और सीएपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। पुलिस के एक बयान में कहा गया, बारामूला पुलिस ने समाज में सुरक्षा और सद्भाव की भावना पैदा करने और स्वतंत्र निष्पक्ष और भय मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सीएपीएफ के साथ जिले में फ्लैग मार्च किया।

चुनाव के पांचवें चरण के दौरान बारामूला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 20 मई को मतदान होना है। यह क्षेत्र पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से निकटता के कारण सबसे संवेदनशील है।

## शार्ट न्यूज

### गाजियाबाद में दुकान में लगी आग

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना कोतवाली क्षेत्र के नई बस्ती इलाके में दुकान में आग लग गई। आग की सूचना दमकल विभाग को डायल 112 के माध्यम से मिली। आग की सूचना पर दो फायर टेंडर दमकल कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। आग के चलते आसपास में काला धुआं छा गया था। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। गाजियाबाद में चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया की डायल 112 के माध्यम से फायर स्टेशन कोतवाली को जानकारी मिली कि थाना कोतवाली क्षेत्र के नई बस्ती घंटाघर इलाके में एक दुकान में आग लग गई है। इस सूचना पर दो फायर टेंडर दमकल कर्मियों के साथ मौके पर रवाना हुए। मौके पर पहुंचकर फायर सर्विस यूनिट में देखा की परचून की दुकान में आग लगी हुई है। यहां काला धुआं फैला हुआ है। दमकल कर्मियों ने होज पाइप से आग को बुझाना शुरू किया। साथ ही फायर हुक से सामान को तीतर बितर कर जहां भी आग की चिंगारी थी, उसे बुझाया गया। यह दुकान जयप्रकाश मित्तल की थी। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

### पुलिस हिरासत में बदमाश ने किया हमला

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र में पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। दरअसल पुलिस ने बदमाश को मोबाइल लूट के मामले में गिरफ्तार किया था और उसको मोबाइल बरामदगी के लिए ले जा रही थी। इस दौरान खंडार से मोबाइल बरामद करने के नाम पर बदमाश ने पुलिस पर गोली चला दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने लूटा गया आईफोन, तमंचा और कारतूस बरामद किया है। गाजियाबाद में एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र में एक आईफोन लूट गया था। इसके बाद पुलिस ने इस मामले के आरोपी आरिफ को गिरफ्तार किया था। आरिफ ने पूछताछ में बताया था कि उसने खंडहर में मोबाइल को छुपाया है। पुलिस की टीम जब आरिफ को मोबाइल बरामद के लिए खंडहर में ले गई तो वहां छुपा रखे तमंचे से उसने पुलिस में फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरिफ के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने आरिफ के कब्जे से लूट गया मोबाइल फोन, तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक आरिफ पर नोएडा, गाजियाबाद और दिल्ली में लूट के 10 मुकदमे कायम है।

### नमो भारत स्टेशन पर क्रेन की ट्रॉली टूटी

मोदीनगर। मोदीनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर निर्माणाधीन नमो भारत ट्रेन के नार्थ रेलवे स्टेशन पर काम कर रही एक क्रेन की ट्राली टूट कर मुख्य मार्ग पर गिर गई। गनीमत रही कि हादसे के वक्त ट्राली में कोई नहीं था और न ही उस समय मुख्य मार्ग पर कोई वाहन था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। ट्राली टूटने के बाद मुख्य मार्ग पर जाम लग गया। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर नार्थ स्टेशन के नीचे अपराहन एक क्रेन काम लगी थी। प्रत्यक्षद र्शियों के अनुसार इसी दौरान तकनीकी खराबी के कारण एक क्रेन अनियंत्रित होने लगी। क्रेन ऑपरेटर ने स्थिति संभालने का काफी प्रयास किया, मगर क्रेन का अगला हिस्सा ट्राली सहित टूटकर नीचे गिर गया। इससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मेरठ की तरफ जाने वाली साइड में यातायात प्रभावित होने लगा। देखते ही देखते दिल्ली-मेरठ मार्ग पर जाम लग गया। वाहनों की कतार राज चौपला पार कर गई। अन्य क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त हिस्से को मुख्य मार्ग से हटाकर यातायात सामान्य कराया गया। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

### 100 मिनट के अंदर मिलेगी कार्रवाई की सूचना

गाजियाबाद। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन या चुनाव से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत करने, उसके निस्तारण के लिए सी-विजिल एप बनाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस एप पर आम जनता आचार-संहिता के उल्लंघन या चुनाव संबंधि शिकायतों को अपलोड कर सकता है। शिकायत अपलोड होने के 100 मिनट के अंदर ही शिकायत का निस्तारण संबंधित अधिकारी द्वारा उसी एप के माध्यम से सुनिश्चित किया जायेगा। निस्तारण के बाद विवरण शिकायतकर्ता के सी-विजिल एप पर अपने आप उपलब्ध हो जाएगी। सी-विजिल एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। एप पर अपना मोबाइल नंबर डालकर ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है। सी-विजिल एप पर साक्ष्य के तौर पर केवल लाइव फोटो, वीडियो, ऑडियो ही अपलोड किया जा सकता है।

### बलकटी से परिवार पर हमला, तीन घायल

मोदीनगर। नगर की कृष्णाकुंज कॉलोनी में लोगों ने परिवार पर बलकटी से हमला कर दिया। जानलेवा हमले में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। दोनों पक्षों में लगभग एक माह पूर्व कुत्ते को रोटी डालने को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद दबंगों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने एक महिला समेत सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कृष्णाकुंज कॉलोनी निवासी सौरभ गिरी की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार बीते तीन मार्च को एक कुत्ते को रोटी डालने को लेकर पड़ोसी जितेंद्र से विवाद हो गया था। जब तो किसी तरह लोगों ने मामला शांत करा दिया था। इससे गुस्साए आरोपी जितेंद्र ने सौरभ व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी। आरोप है कि आरोपी जितेंद्र ने दुल्हैंड़ी वाले दिन अपने रिश्तेदार प्रशांत, सच्चा सिंह, मोहित और पत्नी पिंकी के साथ मिलकर लाठी डंडे और बलकटी से सौरभ पर धावा बोल दिया। आरोपियों ने सौरभ को बलकटी मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर सुनकर सौरभ के भाई बंटी और उसके दोस्त यश मौके पर पहुंचे। आरोपियों ने भाई और दोस्त को भी नहीं बख्शा और उन पर भी हमला कर दिया।

### ऊर्जा निगम ने 450 की जगह भेजा 35 हजार का बिल

**इंदिरापुरम।** ऊर्जा निगम की ओर से उपभोक्ताओं को गलत बिल भेजने की बात कोई नई नहीं है लेकिन इससे आए दिन लोग परेशान हो रहे हैं। न्यायखंड एक के जनता फ्लैट में रह रहे लोगों के होश उस वक्त उड़ गए जब उन्हें 35000 तक का बिल दिया गया। लोग जब पास के ऊर्जा निगम कार्यालय पर पहुंचे तो मालूम हुआ कि यह बिल मात्र 450 रुपये का था। न्यायखंड निवासी राजेश पोखरियाल ने बताया कि कई महीने से मीटर रीडिंग करने वाले गलत बिल देकर जा रहे हैं। इस बार भी उनके यहां एक माह का बिल साढ़े सात हजार रुपये दे गया। वह जब ऊर्जा निगम कार्यालय पहुंचे तो बिल 1300 रुपये का था। वहीं एक अन्य निवासी राघव का कहना है कि उनका बिल 35000 रुपये का दे गया। बिल देखते ही उनके होश उड़ गए बाद में जब ठीक कराने पहुंचे तो वह बिल महज 450 रुपये का था। लोगों का कहना है कि कई माह से मीटर रीडिंग करने वाले लोग गलत बिल बनाकर चले जाते हैं इसके बाद लोग बिल सही कराने के लिए कार्यालय के चक्कर काटते रहते हैं।

### बंधवाड़ी टोल पर एनएचएआई का फास्टैग करेगा काम

गुरुग्राम। गुरुग्राम-फरीदाबाद स्टेट हाईवे स्थित बंधवाड़ी टोल जल्द ही एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) के टोल प्लाजा की तर्ज पर कार्य करेगा। प्रदेश सरकार ने बंधवाड़ी टोल पर फास्टैग लगाने की योजना को मंजूरी दे दी है। चुनाव आयोग की मंजूरी मिली तो इसे लगाने का टेंडर जारी कर दिया जाएगा। इस पर करीब 6.50 करोड़ रुपये खर्च होगा। गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर बंधवाड़ी के पास टोल प्लाजा है और यहां पर रोज करीब 80 वाहन चालक गुजरते हैं। टोल प्लाजा पर अभी मैन्युअल और लोकल टैग से टोल टैक्स की वसूली होती है। ऐसे में एनएचएआई के फास्टैग टोल पर काम नहीं करते। ऐसे में दूसरे राज्यों के वाहन चालकों को बंधवाड़ी टोल प्लाजा पर मैन्युअल टोल देना पड़ता है। कुछ लोग मासिक पास या लोकल टैग का प्रयोग करते हैं। इससे व्यस्त समय में ट्रैफिक जाम की समस्या बन जाती है। सुबह के वक्त फरीदाबाद से आने वाले वाहन चालकों की लाइन बंधवाड़ी टोल से कूड़ा निस्तारण संयंत्र तक लग जाती है। ऐसे में लोग गलत दिशा से आने लगते हैं।

# ईडी के सभी सवालों के जवाब दिये : गहलोत

**लगभग एक माह पहले ईडी ने कैबिनेट मंत्री को पहला समन भेजा था**

नयी दिल्ली। दिल्ली के कैबिनेट मंत्री कैलाश गहलोत ने शनिवार को कहा कि कथित शराब घोटाले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जो सवाल पूछे सभी के जवाब दिये।

गहलोत को ईडी का यह दूसरा समन था। लगभग एक माह पहले ईडी ने कैबिनेट मंत्री को पहला समन भेजा था। उस समय विधानसभा की कार्यवाही चल रही थी इसलिए श्री गहलोत ने ईडी से समय मांगा था।

गहलोत ने ईडी दफ्तर से बाहर आने के बाद पत्रकारों से आज कहा कि उन्होंने ईडी के साथ पूरा सहयोग किया तथा सभी सवालों के जवाब दिये। उन्होंने कहा कि उनका मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ आमना-सामना नहीं कराया गया गया।



उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि उनके नाम पर जो सिविल लाइंस में सरकारी बंगला आवंटित है उसमें वह नहीं रहते हैं। वह अपने निजी आवास में ही रहते हैं। उनके सरकारी बंगले में विजय नायर रह रहे थे या नहीं इसके बारे में उनके पास कोई सूचना नहीं है। आम आदमी पार्टी (आप) नेता ने कहा कि गोवा चुनाव के बारे में उन्हें कुछ जानकारी नहीं है। ग़ौरतलब है कि कथित शराब घोटाले में श्री गहलोत से आज ईडी ने करीब पांच घंटे तक की पूछताछ की। नजफगढ़ से 'आप' के विधायक गहलोत (49) दिल्ली सरकार में परिवहन, गृह और कानून मंत्री हैं।

ईडी ने शराब नीति में 21 मार्च को 'आप' के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। श्री केजरीवाल को 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था और वह स्वतंत्र भारत में गिरफ्तार होने वाले पहले मौजूदा मुख्यमंत्री बन गए हैं। वह एक अप्रैल तक केन्द्रीय जांच एजेंसी की हिरासत में हैं।

इस मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया और 'आप' के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं।

## गाजियाबाद में कबाड़ के गोदाम में लगी आग

गाजियाबाद। गाजियाबाद के नंदग्राम में रेत मंडी के पास कबाड़ के गोदाम में आग लग गई। सूचना पर दमकल विभाग के तीन फायर स्टेशनों से पांच दमकल की गाड़ियां मौके पहुंची और आग बुझाने की कोशिश में जुट गई। दमकल कर्मियों ने आग पर काफी हद तक काबू पा लिया है। आग के कारण काला धुआं काफी दूर से दिख रहा है। दमकल विभाग के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया कि वैशाली फायर स्टेशन को जानकारी मिली की थाना नंदग्राम में रेत की मंडी के पास कबाड़ के गोदाम में आग लग गई है। इस सूचना पर फायर स्टेशन कोतवाली से दमकल की तीन गाड़ी, फायर स्टेशन वैशाली से एक गाड़ी और साहिबाबाद फायर स्टेशन से एक दमकल की गाड़ी मौके पर रवाना की गई। मौके पर जाकर दमकल कर्मियों ने होज पाइप फैला कर आग पर काबू पाने की कोशिश की। आग के चलते पूरा इलाका धुएं से भर गया था। कारणों की जांच की जा रही है कि आखिर आग क्यों लगी।

## संविधान और लोकतंत्र बचाने का यह आखिरी मौका : राय

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के आह्वान पर 31 मार्च को 'इंडिया' गठबंधन तानाशाही के खिलाफ और देश का लोकतंत्र-संविधान बचाने के लिए जनता के साथ मिलकर अपनी आवाज बुलंद करेगा।

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने आज रामलीला मैदान जाकर तैयारियों का जायजा लेने के बाद बताया कि रविवार होने वाली रैली में कांग्रेस से मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, एनसीपी से शरद पवार, शिवसेना से उद्धव ठाकरे, सपा से अखिलेश यादव, आरजेडी से तेजस्वी यादव और वाम दलों के नेताओं समेत कई अन्य नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि देश का संविधान और लोकतंत्र बचाने का यह आखिरी मौका है। अगर आज देश की जनता ने आवाज नहीं उठाई तो कल कोई भी अपनी आवाज नहीं उठा पाएगा। गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली के चुने हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जिस तरह से देश के प्रधानमंत्री ने तानाशाही पूर्ण रवैया अपनाते हुए गिरफ्तार करवाया है उसके खिलाफ पूरी दिल्ली के लोगों में आक्रोश है। पूरे देश में लोकतंत्र की हत्या हो रही है। एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है, उसके खिलाफ रविवार को रामलीला मैदान में पूरा इंडिया गठबंधन तानाशाही हटाओ, लोकतंत्र बचाओ महारैली में पहुंच रहा है।

उन्होंने कहा कि आज संविधान और लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है। अलग-अलग तरह से लोगों की आवाज को बंद किया जा रहा है। ऐसे में तानाशाही सरकार को हटाकर लोकतंत्र को बचाना जरूरी हो गया है। दिल्ली के लोगों ने देखा कि किस तरह से सुप्रीम कोर्ट के संविधान पीठ के द्वारा दिल्ली के लोगों को दिए गए अधिकार को केंद्र सरकार ने छीन लिया।

## भाजपा की तानाशाही के खिलाफ एकजुट हो रहा देश : 'आप'

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप)ने शनिवार को कहा कि अब पूरा देश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तानाशाही के खिलाफ एकजुट हो रहा है। 'आप' के नेता दिलीप पांडे ने कैबिनेट मंत्री कैलाश गहलोत को मिले प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) के समन पर प्रतिक्रिया में कहा, जिस दिन ईडी कोई समन नहीं जारी करती है तो यह हमारे लिए बहुत चौंकाने वाली बात होती है। उन्होंने कहा, अब पूरा देश भाजपा की तानाशाही के खिलाफ एकजुट हो रहा है। हमने पूरे देश से भाजपा की गुंडागर्दी और अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया है। अपने हक़ और इंसाफ़ के लिए यहाँ पहुँचकर आवाज़ उठायेंगे। आप नेता ने कहा, भाजपा अभी तक इस बात का जवाब नहीं दे रही है कि उसने शरत चंद रेड्डी से 60 करोड़ क्यों लिये भाजपा को इसका जवाब देना होगा। भाजपा सब कुछ करेगी लेकिन मुख्य मुद्दे पर बात नहीं करेगी। असल मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए ईडी की क़वायद की जा रही है। ग़ौरतलब है कि कथित शराब घोटाला मामले में दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत से आज ईडी दफ़्तर में पूछताछ की जा रही है।

# इलेक्टोरल बॉन्ड आजाद भारत का सबसे बड़ा घोटाला, भाजपा ने ईडी से कराई उगाही : आप

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने इलेक्टोरल बॉन्ड को आजाद भारत का सबसे बड़ा घोटाला करार देते हुए कहा कि भाजपा ने इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए ईडी से उगाही कराई है।

आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि बीते 10 साल में भाजपा की हरकतें देखकर समझ आने लगा है कि क्यों सरदार बल्लभ भाई पटेल ने आरएसएस पर



प्रतिबंध लगाया था। भाजपा इस देश की सबसे खराब, अक्षम और दोमुंही पार्टी है। ईमानदारी, भाजपा का सबसे बड़ा डर है और आम आदमी पार्टी का सबसे बड़ा हथियार है। इसी ईमानदारी की सजा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मिल रही है। आज का देश का हर नागरिक जानता है कि जो केजरीवाल सरकार हर साल जनकल्याण की सुविधाएं देने के बाद भी मुनाफे का बजट पेश करती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने दो साल से हमारे ऊपर अनगिनत छापे की कार्रवाई करवाई लेकिन इतने छापों के बाद भी एक चवन्नी बरामद नहीं हुई। इसके बावजूद आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेता सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और अब अरविंद केजरीवाल जेल में हैं। ईडी ने करीब 51 हजार डॉक्यूमेंट्स कोर्ट के समक्ष रखे हैं और 458 गवाहों से पूछताछ की गई है। इतनी सारी पूछताछ करने के बाद केवल चार जगह अरविंद केजरीवाल का नाम आता है।

प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेस में अकेले दौड़कर प्रथम आना चाहते हैं और इसलिए वह लगातार विपक्ष की सारी बुलंद आवाजों को जेल भेज रहे हैं। अरविंद केजरीवाल से उनको शुरू से ही अच्छा खासा डर है।

# त्री नगर मित्र मंडल (पंजी.) द्वारा 121वां भव्य पालनहार महोत्सव का आयोजन





त्री नगर मित्र मंडल (पंजी.) द्वारा शुक्रवार 29 मार्च 2024 को केशवपुरम, दिल्ली में 121वां भव्य पालनहार महोत्सव का आयोजन वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रमुख समजासेवी श्री जयकिशन गोयल जी के संयोजन में किया गया। श्याम बाबा के भव्य दरबार की साज-सज्जा के साथ त्री नगर मित्र मंडल (पंजी.) के सभी पदाधिकारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अखंड ज्योत जलाकर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया।

संस्था के संयोजक श्री जयकिशन गोयल जी, संस्थापक एवं महामंत्री श्री नितिन गुप्ता जी, प्रधान श्री विनोद गोयल जी एवं चेयरमैन श्री विकास अग्रवाल जी ने सभी श्याम प्रेमी भक्तों के सुख-समृद्धि के साथ निरोग काया की कामना करते हुए श्याम प्रभु का आहवान किया, एवं आवन्तुकों को तिलक एवं पटका पहनाकर स्वागत सत्कार किया। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित मुख्य अतिथि भाजपा लोकसभा प्रत्याशी चांदनी चैक दिल्ली मा0 श्री प्रवीन खंडेलवाल जी, जिलाध्यक्ष केशव पुरम जिला भाजपा दिल्ली प्रदेश श्री डॉ. वीरेन्द्र गोयल जी, निगम पार्षद त्री नगर श्रीमती मीनू गोयल जी, पूर्व उप-महापौर श्री योगेश वर्मा जी, प्रधान अग्रवाल सभा रोहिण सैक्टर-8 श्री जितेन्द्र कुमार गोयल जी एवं राजनितिक व सामाजिक लोगों की गरिमायी उपस्थिति रही। अंत में संस्था के संयोजक श्री जय किशन गोयल जी ने उनकी गरिमामयी उपस्थिति के साथ कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद किया। विश्व ख्याति भजन गायक कन्हैया मित्तल, प्रभु पागल वृंदावन धाम चित्र-विचित्र जी, श्री शुभम रूपम, श्री प्रवीन अग्रवाल, मंच संचालक श्रीभगवान दीक्षित ने लोगों को मंत्र मुग्ध होकर नाचने पर विवश कर दिया।

## न्यूजक्लिक के खिलाफ पुलिस ने दाखिल की पहली चार्जशीट

नई दिल्ली। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में शुक्रवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। पुलिस ने पहली चार्जशीट दायर की है। पुलिस का आरोप है कि न्यूज पोर्टल को चीन समर्थक प्रचार के लिए भारी मात्रा में पैसा मिला था।

आरोप पत्र पटियाला हाउस कोर्ट में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. हरदीप कौर की कोर्ट में पेश किया गया। न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक और इसके संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है।

बीती 23 फरवरी 2024 को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने गैरकानूनी प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में न्यूज पोर्टल के संस्थापक और एडिटर इन चीफ प्रबीर पुरकायस्थ और न्यूज पोर्टल के एचआर हेड अमित चक्रवर्ती के खिलाफ जांच पूरी करने के लिए पुलिस को 20 दिन का और समय दिया था। गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967, इन आरोपों के बाद कि न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक को चीन समर्थक प्रचार के लिए भारी धन प्राप्त हुआ।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पवन कुमार ने जांच की समय बढ़ाते हुए जांच पूरी करने में लंबा समय लेने के लिए दिल्ली पुलिस की खिंचाई भी की थी।

उन्होंने पूछा था कि 150 दिनों की जांच में क्या किया है। यदि उन्होंने इन दिनों का उपयोग किया होता तो उन्हें विस्तार की आवश्यकता नहीं होती।

विशेष लोक अभियोजक अधिवक्ता अखंड प्रताप सिंह के माध्यम से दिल्ली पुलिस ने प्रस्तुत किया और कहा कि जांच करने के लिए त्वरित कदम उठाए हैं और बड़ी संख्या में डेटा पुनर्प्राप्त किया गया है, जिसकी जांच की जा रही है। लगभग चार लाख ईमेल और 100 से अधिक डिजिटल दस्तावेज और एक आरोपी भारत से बाहर रह रहा है।

# एल्विश यादव पर एक और एफआईआर दर्ज

गुरुग्राम। गाने की शूटिंग में दुर्लभ प्रजाति के सांपों का इस्तेमाल करने के मामले में अदालत के आदेश पर शनिवार को बादशाहपुर थाना पुलिस ने बिग बॉस ओटीटी-2 के विजेता एवं यूट्यूबर एल्विश यादव व हरियाणवी सिंगर राहुल यादव फाजिलपुरिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। दो दिन पहले गुरुग्राम में चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट मनोज राणा की कोर्ट ने एक याचिका पर संज्ञान लेते हुए राहुल यादव फाजिलपुरिया व एल्विश यादव के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। यह याचिका पीपल फॉर एनिमल एनजीओ की ओर से संचालक सौरभ गुप्ता की ओर से दायर की गई थी। इस याचिका में आरोप लगाया गया था कि गाने की शूटिंग के दौरान दुर्लभ प्रजाति के सांपों को अवैध रूप से प्रयोग किया गया और इन्हें गले में डालकर शूटिंग की गई। एल्विश यादव और सिंगर राहुल यादव फाजिलपुरिया का कुछ महीने



पहले ही 32 बोर गाना आया था। जिसमें दोनों गले में सांप डालकर वीडियो में नजर आए थे। इसे लेकर पीपल फॉर एनिमल एनजीओ की तरफ से सौरभ गुप्ता ने पुलिस को शिकायत दी थी। इसमें आरोप लगाया गया कि ये दुर्लभ प्रजाति के सांप व जीव हैं। ऐसे में इन्हें इस तरह से गले में डालकर वीडियो कैसे शूट कर सकते हैं? इन्हें रखने की परमिशन नहीं होती है। लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की, जिस पर याचिका कोर्ट में दायर की गई थी। जिस पर वीरवार को कोर्ट ने बादशाहपुर थाना पुलिस को केस दर्ज करने के आदेश दिए थे।

## गाजियाबाद में 3 आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई

गाजियाबाद। गाजियाबाद के नंदग्राम में तीन आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की गई है। यह आरोपी चलती फिरती गाड़ी के अंदर अल्ट्रासाउंड करते थे। जिसमें ज्यादातर ऐसे दंपती या परिवार होते थे जो अपने होने वाले बच्चे का लिंग परीक्षण करवाना चाहते थे। यह अल्ट्रासाउंड के जरिए बताया करते थे। स्वास्थ्य विभाग की टीम के छापे के दौरान इन्होंने उनके साथ मारपीट भी की थी। जिसको लेकर इन पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। एसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया की नंदग्राम निवासी बलवान सिंह, पटेल नगर निवासी जितेंद्र और महरौली निवासी उदयवीर सिंह के खिलाफ थाना नंदग्राम से गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। यह तीनों चलती फिरती गाड़ी के अंदर अल्ट्रासाउंड से लिंग परीक्षण किया करते थे। इसके लिए यह आने वाले दंपति या परिवार से पांच हजार रुपए वसूल करते थे। स्वास्थ्य विभाग की टीम के छापेमारी के दौरान इन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ मारपीट की थी।

# जेवर में निरीक्षण करने पहुंची पुलिस कमिश्नर

**यूट्यूबर के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कोतवाली पहुंचा बुजुर्ग**

जेवर। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह और डीएम मनीष वर्मा शुक्रवार शाम को लोकसभा चुनाव के लिए सुरक्षा आदि व्यवस्थाओं का जायजा लेने शुक्रवार शाम कोतवाली पहुंचे। निरीक्षण के दौरान अचानक एक बुजुर्ग परिसर में पहुंचा और कमिश्नर से अपने यूट्यूबर भतीजे की हुई हत्या में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। कमिश्नर ने बुजुर्ग के सामने ही कोतवाली प्रभारी को जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कोतवाली में बनी महिला सुरक्षा सेल व साइबर सेल आदि व्यवस्था को देखकर पुलिसकर्मियों की सराहना की। इसके बिलासपुर व जिले की सीमाओं पर जाकर निरीक्षण किया। मोहम्मदपुर गुर्जर गांव निवासी यूट्यूबर दीपक नागर की करीब 2 महीने पहले संदिग्ध हालात में मौत गई थी। परिजनों ने गांव के ही उसके 7 दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। इस मामले के दो आरोपी अभी फरार चल रहे थे। शुक्रवार को किसी ने



उसके चाचा हल्ली को पुलिस कमिश्नर के आने की जानकारी दी थी। जिससे वह कोतवाली पहुंच गए और बाहर खड़े पुलिसकर्मियों से कमिश्नर से मिलने की अपील की। पुलिसकर्मियों ने बुजुर्ग को टरकाने का भी प्रयास किया।

लेकिन तभी साइबर सेल का निरीक्षण कर रही कमिश्नर बाहर निकल आई और बुजुर्ग से मिलने खुद जा पहुंची। इस दौरान बुजुर्ग ने रोते हुए अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस कमिश्नर ने उनकी संयम से बात सुनी और प्रभारी को जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

इसके बाद उन्होंने क्षेत्र के कई जगहों पर पहुंचकर आलाधिकारियों को चुनाव के दौरान मजबूत तरीके से विभिन्न परिस्थितियों से मुकाबला करने के उपाय भी बताए। साथ ही कहा के चुनाव के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। साथ ही यदि कोई चुनाव के दौरान कानून का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई प्रशासन द्वारा की जाएगी। साथी चुनाव को देखते हुए क्षेत्र भर में अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया जाएगा। इस दौरान डीसीपी साद मियां खान, एडीसीपी अशोक कुमार व एसीपी सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे।

# संपादकीय

## मोदी सरकार के खिलाफ विपक्ष का ढीला गठबंधन

अलग-अलग रास्ता अपनाने से गठबंधन की जो कुछ रैलियां प्रस्तावित थीं, वे भी अभी तक नहीं हो पाई हैं। इससे यह भी जाहिर होता है कि सीटों के बंटवारे को लेकर जो फार्मूला पहले ही तय हो जाना चाहिए था, वह अभी तक अंतिम रूप नहीं ले पाया है, जिसकी वजह से ये अड़चनें बनी हुई हैं।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिस तरह विपक्षी दल एकजुट हुए थे और एक व्यापक आंदोलन की रणनीति बनी थी, उससे लगा था कि वह सत्तापक्ष के लिए बड़ी चुनौती साबित होगा। मगर अब जब चुनाव की घोषणा हो गई और नामांकन के पहले चरण की प्रक्रिया भी पूरी हो गई है, इस गठबंधन में त्वरा नजर नहीं आ रही है। खासकर सीटों के बंटवारे को लेकर गतिरोध पूरी तरह खत्म नहीं हो पाया है।

दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में तो सीटों को लेकर पहले ही समझौता हो गया था, मगर बिहार में गतिरोध जारी था। अब काफी मंथन के बाद वहां समझौता हो पाया है। राष्ट्रीय जनता दल छब्बीस, कांग्रेस नौ और पांच सीटों पर वाम दल चुनाव लड़ेंगे। मगर अभी महाराष्ट्र का मामला लटका हुआ है। गठबंधन में नजर आ रही यह शिथिलता किसी रणनीति का हिस्सा नहीं मानी जा सकती। इसमें राजनीतिक दलों की अपनी स्थिति को लेकर हिचक अधिक समझ आती है।

दरअसल, जिस जोशो-खरोश के साथ विपक्षी दलों ने मिल कर 'इंडिया' गठबंधन बनाया था, वह धीरे-धीरे कमजोर पड़ता गया। इस गठबंधन के अगुआ नीतीश कुमार खुद भाजपा के साथ जा मिले, फिर ममता बनर्जी ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी।

इस तरह दलों के अलग-अलग रास्ता अपनाने से गठबंधन की जो कुछ रैलियां प्रस्तावित थीं, वे भी अभी तक नहीं हो पाई हैं। इससे यह भी जाहिर होता है कि सीटों के बंटवारे को लेकर जो फार्मूला पहले ही तय हो जाना चाहिए था, वह अभी तक अंतिम रूप नहीं ले पाया है, जिसकी वजह से ये अड़चनें बनी हुई हैं। माना जा रहा था कि गठबंधन के दल इस फार्मूले पर सहमत हो जाएंगे कि जिस सीट पर जिसकी जीत की उम्मीद अधिक है, उस पर उसी के प्रत्याशी को उतारा जाएगा। मगर शायद यह फार्मूला सर्वमान्य नहीं हो पाया। इसी वजह से कुछ सीटों को लेकर अभी तक खींचतान देखी जा रही है। इससे गठबंधन के बारे में गलत संदेश ही जा रहा है।

सीटों के निर्धारण में जितनी देर होगी, उतना ही कम समय उन पर उतारे जाने वाले प्रत्याशियों को प्रचार के लिए मिल पाएगा। राजनीति में फैसलों के समय की भी बड़ी अहमियत होती है। सही समय पर फैसले नहीं लिए जाते, तो उसका फायदा आखिरकार विपक्षी दल को मिलता है। इसलिए गठबंधन दलों को अब ज्यादा समय तक सीटों के बंटवारे को लेकर हिचक पाले रखना या मंथन नहीं करना चाहिए। हालांकि कई बार रणनीति के तहत भी राजनीतिक दल ऐसा दिखाने के प्रयास करते हैं कि वे कमजोर या अनिर्णय की स्थिति में हैं। इस तरह वे प्रतिद्वंद्वी की चालों को भांपने का प्रयास करते हैं। मगर गठबंधन दल अब उस दौर से आगे निकल आए हैं। सत्तापक्ष ने ज्यादातर जगहों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। उसके सहयोगी दलों के साथ समीकरण भी स्पष्ट हैं। ऐसे में अब जरूरत है, तो विपक्षी गठबंधन दलों को अपने स्थानीय स्वार्थों और पार्टी नेताओं के दबाव से बाहर निकल कर सत्ता समर के लिए कमर कसने की।

## पानी बचाएं और जल संसाधनों की रक्षा करें

जल ही जीवन है! बचपन में सबसे ज्यादा निबंध जिन विषयों पर लिखने को मिलता, वह विषय था ''जल ही जीवन है''हमने उसे पढ़ा भी और पेज भर-भर लिखा भी तब लगता था बड़े होने पर इस निबंध से आगे निकल जल की समस्या का समाधान हो जाएगा। निबंध लिखते गए और हमारी पीढ़ी बड़ी हो गई लेकिन जल पर लिखा निबंध जल की समस्या का कोई हल न निकाल सका। आज से करीब 20 वर्ष पूर्व पानी की समस्या से दो-चार होने से लेकर एक बाल्टी पानी की कीमत के बारे में व्यक्तिगत तौर पर काफी संघर्ष का अनुभव रहा।

गर्मियों में बुंदेलखंड के ज्यादातर इलाकों पर पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है। ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों पर पानी की पहुंच न के बराबर रहती थी। अक्सर रातों को जाग-जाग कर पानी का इंतजार करना होता था। गांव और दूरदराज के इलाकों पर पानी के लिए बिछाई गई पाइप लाइन को जमीन में ही खोल कर गड्ढों से पानी भरते हुए लोगों का आधा समय व्यतीत होता था।

कभी-कभी पानी के लिए शुरू हुई छोटी-मोटी नोकझोंक कोर्ट- कचहरी तक पहुंच जाती थी। लेकिन पानी पर चर्चाएं बंद न होती थी। हालांकि, बहुत से इलाकों पर पानी की पहुंच आज भी मौजूद नहीं है। लेकिन अब जब उन इलाकों पर जाना होता है तो अक्सर पानी की पहले जैसी समस्या नहीं नजर आती ऐसा लगता है।

पानी की कमी पूरी हो गई है। क्योंकि पहले पानी की कीमत का ज्ञान गांव के हर बड़े बुर्जुग से मिलता ही रहता था। बूंद-बूंद पानी हिसाब लेता है! पानी की बर्बादी पाप समझने वाले वो चन्द अनपढ़ बूढ़े बुर्जुग अब समाप्त हो चुके हैं और ऐसा लगता है जैसे पानी की चिंता भी अपने साथ ही ले जा चुके हों क्योंकि अब उन ऊंचाइयों वाले स्थानों पर पानी को धरती की सतह से घसीट कर हर घर में निकाला जा चुका है।

अब जब गर्मी के मौसम में गांव जाना होता है तो पानी की चिंता में डूबा हुआ समाज नहीं दिखाई देता, बल्कि पानी को निकालने के लिए छोटी पाइपों की जगह मोटे बोरिंग के पाइप, बिना बाल्टी के नहाते बच्चे, लोगों को बेतहाशा पानी बर्बाद करते देख लगता है। हमने आने वाली पीढ़ियों की चिंता छोड़ दी है और पानी की कीमत निबन्धों तक सिमट कर रह गई है।

हमको कदम-कदम पर पानी का मूल्य बताने वाली पीढ़ी अब विलुप्त हो चुकी है। हम सरकार से सवाल तो करते हैं लेकिन स्वयं को हर सवाल से मुक्त रखते हैं। आंकड़ों की सुने तो 2100 की सदी में 75 प्रतिशत तक ग्लेशियर पिघल जाएगें। उन्हें बचाने की मुहिम कृत्रिम ग्लेशियर बनाने तक की चिंता तक बढ़ चुकी है।

ऐसा लगता है हमसे पहले वाली पीढ़ियों में जलवायु परिवर्तन की आहट को बरसों पहले महसूस कर लिया था इसीलिए बूंद-बूंद पानी बचाने की उनकी मुहिम हमारे लिए आज तक पीने के पानी को बनाए हुए है। हम पढ़े-लिखे समझदार डिग्री धारकों ने तो पाताल को भी पानी उगलने के लिए मजबूर कर दिया। अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए ये कैसी दुनिया छोड़कर जा रहे हैं हम जहां हवा-पानी जैसी प्रकृतिक चीजों के लिए जंग जैसे हालात पैदा होने की पूरी-पूरी संभावना है।

जल संरक्षण और जल प्रबंधन की जिम्मेदारी केवल सरकार करे, अब यह समय बीत चुका है। इससे पहले युद्ध जैसे हालात बने, पानी को तिजोरियों में कैद करना पड़े, समाज को युद्ध स्तर पर प्रयास की दरकार है। क्योंकि आंकड़ों की जुबानी दस्तक बार-बार दी जा रही है। प्रकृति ने करवट बदलना शुरू कर दिया है। अब जल ही जीवन पर लिखने वाले निबंधों से बात नहीं बनने वाली। बदलाव जमीनी स्तर पर होना चाहिए।

भारत वैश्विक जल गुणवत्ता सूचकांक पर 122 देशों में से 120वें स्थान पर आ चुका है। जो सचेत कर रहा है कि दिल्ली ज्यादा दूर नहीं है। पानी मानव अस्तित्व को बनाए रखने में एक प्रमुख संसाधन के तौर पर है। जो ग्रामीण एवं शहरी समुदायों में स्वच्छता के साथ-साथ खेती में, उद्योगों में, तमाम तरह के उत्पादन की प्रक्रिया में आवश्यक है।

# बेरोजगार युवा नये भारत की ताकत कैसे होंगे ?



-ललित गर्ग-

दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत में युवा- बेरोजगारी की दुखद तस्वीर चिन्तनीय है। भारत को युवा-शक्ति का देश कहा जाता है, युवाओं की संख्या, क्षमता और ऊर्जा को देश की ताकत के तौर पर पेश किया जाता और उन्हें विकास का वाहक बताया जाता है, बावजूद इसके अब अगर देश का युवा बेरोजगारी की समस्या का सामना करते हुए अपने सपनों को टूटते-बिखरते देख रहा है तो यह स्थिति एक त्रासदी एवं विडम्बना ही कहीं जायेगी, इसे सरकार की नाकामी ही मना जायेगा। लोकसभा चुनाव में बेरोजगारी की यह स्थिति मुद्दा क्यों नहीं बन रही है? भारत में बेरोजगारी की स्थिति पर मानव विकास संस्थान यानी आइएचडी के साथ मिल कर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन यानी आइएलओ ने 'इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट 2024' तैयार की है जिससे उजागर हुए बेरोजगारी के चिन्ताजनक तथ्यों पर गौर करने एवं आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है। रिपोर्ट के निराशाजनक आंकड़े दो तथ्यों को रेखांकित करते हैं-बेहतर भुगतान करनेवाली नौकरियों के आकांक्षी शिक्षित युवाओं को खपा सकने वाली नौकरियों का अभाव और शिक्षा की गुणवत्ता में खामियां जिसके चलते बड़ी तादाद में शिक्षित युवा अब भी नौकरी के मानक को पूरा करने में अक्षम हो रहे हैं। दोनों ही स्थितियां सरकार की नीतियों की खामी को ही सामने ला रही है।

ताजा रपट सरकार की नीतियों, विकास एवं आर्थिक उन्नति की विसंगति को ही उजागर कर रही है। जिसमें बताया गया है कि देश में अगर बेरोजगार लोगों की कुल संख्या एक सौ है तो उसमें तिरासी लोग युवा हैं। अगर देश की बेरोजगारी की तस्वीर में तिरासी फीसद युवा दिख रहे हैं, तो इससे कैसे देश की ताकत में इजाफा होगा? इस अहम रपट में उजागर हुए कुछ विरोधाभासी तथ्यों एवं आंकड़ों पर भी गौर करने में मदद मिलती है। माना जाता है कि बेरोजगारी की समस्या काफी हद तक शिक्षा और कौशल विकास के अभाव का भी नतीजा है। मगर आइएलओ की रपट के मुताबिक, देश के कुल बेरोजगार युवाओं की तादाद में करीब दो दशक पहले के मुकाबले अब लगभग दोगुनी बढ़ोतरी हो चुकी है। खासतौर पर कोरोना महामारी के असर वाले वर्षों में इसमें तेज गिरावट दर्ज की गई। सोचने की जरूरत है कि नया भारत एवं विकसित भारत बनने के दौर में विकास के रास्ते में बेरोजगारी एवं युवा-सपनों को आकार देने का क्या हल है?

निश्चित तौर पर टेक्नोलॉजी से जुड़े बदलावों ने कौशल और रोजगार के प्रकारों की मांग को भी प्रभावित किया है। रिपोर्ट के अनुसार उच्च और मध्यम कौशल केन्द्रित नौकरियों में युवाओं ने बेहतर प्रस्तुति दी है। हालांकि, इन क्षेत्रों में नौकरी की इनसिक्योरिटी अभी भी परेशानी का सबब बनी हुई है। क्योंकि युवाओं में




बुनियादी डिजिटल लिटरेसी की कमी भी कायम है। इस वजह से उनकी रोजगार की क्षमता में रुकावट आ रही है। बेरोजगारी की दुखद तस्वीर के बीच एक खराब स्थिति यह है कि इस दौरान ठेकेदारी प्रथा में वृद्धि हुई है। रपट के मुताबिक, संगठित क्षेत्रों में भी कुल कर्मचारियों का कुछ प्रतिशत हिस्सा ही नियमित है और वे दीर्घकालिक अनुबंधों के दायरे में आते हैं। ऐसी स्थिति में अंदाजा लगाया जा सकता है कि आजीविका से जुड़ी व्यापक असुरक्षा की स्थितियों का युवाओं एवं उनके परिवारों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता होगा। विडंबना यह है कि बढ़ती बेरोजगारी के साथ घटती आय का सामना कर रहे परिवारों में सीधा असर यह पड़ता है कि बच्चों और खासतौर पर लड़कियों की शिक्षा बाधित होती है।

भारत की चेतना को नया निखार देने का दायित्व युवापीढ़ी पर माना जा रहा है, उनसे बहुत-बहुत आशाएं है आजादी के अमृतकाल में लेकिन युवाओं के साथ बेरोजगारी एवं आर्थिक अभाव का दंश जुड़ा रहेगा तो देश कैसे आगे बढ़ेगा? वर्ष 2000 में पढ़े-लिखे युवा बेरोजगारों की संख्या रोजगार से वंचित कुल युवाओं में 35.2 फीसद थी, वहीं 2022 में यह बढ़ कर 65.7 फीसद हो गई। यह स्थिति तब है, जब इस अध्ययन में उन पढ़े-लिखे युवाओं को भी शामिल किया गया, जिन्होंने कम के कम दसवीं तक की शिक्षा हासिल की हो। इससे एक जटिल स्थिति यह पैदा होती है कि जितने लोगों को रोजगार मिल सका, उनमें से नब्बे फीसद श्रमिक अनौपचारिक काम में लगे हुए हैं, जबकि नियमित काम का हिस्सा बीते पांच वर्षों में काफी कम हो गया है। हालांकि सन् 2000 के बाद इसमें बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। आखिर क्या कारण है कि देश में गरीब और हाशिये के तबकों के बीच दसवीं के बाद पढ़ाई छोड़ने की दर आज भी उच्च स्तर पर बनी हुई है? आधी-अधूरी शिक्षा और कौशल-विकास के अभाव की समस्या का सामना करते युवा वर्ग की जगह अर्थव्यवस्था में कहां और किस रूप में है? राजनीतिक नारेबाजी में देश में युवाओं की बढ़ती तादाद और ताकत को एक उम्मीद के तौर पर पेश करने में कोई कमी नहीं की जाती है। मगर वादों या घोषणाओं के नीतिगत स्तर पर जमीन पर उतरने की हकीकत कई बार उसके उलट होती है। लगता है राजनेताओं के लिये युवा केवल जीत हासिल करने का माध्यम है। सवाल है कि इस विरोधाभासी स्थिति के रहते विकास की राह कहां पहुंचेगी? कैसे युवा अपनी ऊर्जा एवं क्षमताओं का उपयोग देश विकास में करेंगे? रिपोर्ट के मुताबिक युवा महिलाओं, खासतौर पर हायर सेकेंडरी पास महिलाओं को रोजगार हासिल करने में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

हाल के वर्षां में कृषि में रोजगार बढ़ा है पर मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की हिस्सेदारी स्थिर है। स्वरोजगार में युवाओं के सामने जटिल प्रशासनिक एवं कानूनी व्यवस्था एक बड़ी बाधा है। जीएसटी की जटिल प्रक्रिया ने व्यापार शुरु करने से पहले ही युवाओं को घुटने टेकने को विवश कर दिया है। इन विरोधाभासी हालातों में विकास परियोजनाओं से ही रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद रहती है। इस क्षेत्र में रोजगार की स्थिरता 2047 तक विकसित भारत बनने के सपने पर पानी फेर सकती है। इसलिए अधिक रोजगार पैदा करने वाली विकास परियोजनाओं को बढ़ाने की चुनौती बरकरार है। हर साल श्रमबल में शामिल होने वाले नए लोग अब बड़ी संख्या में स्वरोजगार और आकस्मिक श्रमिक के रूप में आ रहे है। स्वरोजगार का बढ़ना तो अच्छा संकेत माना जा सकता है पर आकस्मिक श्रमिकों का बढ़ना नहीं। सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने यह कहकर नई बहस एवं युवा-घावों को गहराने का काम किया है कि 'यह सोचना गलत होगा कि सरकार बेरोजगारी की समस्या को दूर कर सकती है।' उन्होंने कहा कि सरकार ने नई शिक्षा नीति बनाई है और कौशल विकास के प्रयास किए हैं। सरकार ने ये प्रयास रोजगार की स्थितियों की सुधारने के लिए ही किए हैं। रोजगार देना व्यावसायिक क्षेत्र का काम है। सरकार के सलाहकार होने के नाते नागेश्वरन को यह भी समझाना होगा कि नीतियों का लाभ उठाकर आगे बढ़ा व्यावसायिक क्षेत्र यदि अपेक्षित रोजगार उपलब्ध नहीं करा पा रहा है तो सरकार को ही उचित एवं प्रभावी कदम उठाने होंगे। रोजगार सृजन की स्थिति में अपेक्षित सुधार दर्ज नहीं होना सरकार एवं उनके नीति निर्माताओं के लिए चिंता का सबब होना चाहिए। अब जबकि आम चुनाव की प्रक्रिया चल रही है, राजनीतिज्ञों को न सिर्फ अपने प्रचार अभियानों में, बल्कि उसके बाद नीति-निर्माण में भी नौकरियां सुनिश्चित करनी होंगी और तकनीकी रूप से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था के लिए शिक्षण व प्रशिक्षण की गुणवत्ता को प्राथमिकता देना सुनिश्चित करना होगा।

## 47 वर्षों बाद फिर रायबरेली-अमेठी से गांधी परिवार को वनवास !

गौरतलब हो, रायबरेली और अमेठी का नाम आते ही गांधी परिवार की चर्चा सबसे पहले शुरू होती है। असल में यहां की राजनीतिक तस्वीर गांधी परिवार के इर्दगिर्द घूमती रही है तो यहां की जनता ने गांधी को गांधी से लड़ते हुए भी देखा है। यहां पर दो बार गांधी परिवार के बीच ही मुकाबला हो चुका है।

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 17 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी। सपा से समझौते के तहत कांग्रेस को यह सीटें मिली हैं। सपा और कांग्रेस इंडी गठबंधन का हिस्सा हैं, इसलिये जहां कांग्रेस चुनाव लड़ेगी उस सीट पर समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी नहीं होगा। कांग्रेस को 2019 के लोकसभा चुनाव में यूपी से एक सीट जीतने में सफलता मिली थी और पूरे प्रदेश में उसका वोट मात्र दो फीसदी के करीब था। 2019 से आज तक कांग्रेस की स्थिति में कोई सुधार नहीं आया है, बल्कि गिरावट ही देखने को मिली है। कांग्रेस की हालत इतनी दयनीय है कि गांधी परिवार तक यूपी से चुनाव लड़ने की ताकत नहीं जुटा पा रहा है। 2019 में राहुल गांधी अमेठी हार गये थे तो 2024 में सोनिया गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली को टाटा-बाय-बाय कह दिया है। वह राज्यसभा की सदस्य बन गई हैं। अमेठी और रायबरेली में कांग्रेस की आज जैसी दयनीय स्थिति 47 वर्ष पूर्व 1977 में देखने को मिली थी, जब इमरजेंसी के बाद हुए लोकसभा चुनाव में रायबरेली से तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को समाजवादी राजनारायण सिंह से और अमेठी से संजय गांधी को हार का मुंह देखना पड़ा था। 1977 और 2024 के आम चुनाव में बस अंतर इतना है कि 1977 में गांधी परिवार की तानाशाही के चलते वोटरों ने उसको ठुकरा दिया था, लेकिन 47 वर्षो के बाद 2024 में गांधी परिवार को विश्वसनीयता के संकट के कारण रायबरेली-अमेठी से दूर भागना पड़ रहा है।

गौरतलब हो, रायबरेली और अमेठी का नाम आते ही गांधी परिवार की चर्चा सबसे पहले शुरू होती है। असल में यहां की राजनीतिक तस्वीर गांधी परिवार के इर्दगिर्द घूमती रही है तो यहां की जनता ने गांधी को गांधी से लड़ते हुए भी देखा है। यहां पर दो बार गांधी परिवार के बीच ही मुकाबला हो चुका है। हैरानी की बात तो यह है कि दोनों बार विरासत एक बड़ा मुद्दा था। पहले चुनाव में वारिस कौन तो दूसरे चुनाव में असली गांधी कौन की गूंज। यह बात अलग है कि दोनों चुनावों में शिकस्त खाने वाले गांधी ने दोबारा से अमेठी की तरफ घूमकर भी नहीं देखा। वर्ष 1980 में संजय गांधी ने यहां से पहली बार जीत दर्ज की। उसी साल विमान हादसे में उनकी मौत के बाद 1981 में हुए उपचुनाव में राजीव गांधी मैदान में उतरे। यहां से उन्होंने अपनी राजनीतिक पारी शुरू की। इसके बाद सियासत ने रंग दिखाना शुरू कर दिया। वर्ष 1984 का चुनाव उस वक्त दिलचस्प हो गया जब कांग्रेस के राजीव गांधी के सामने उनके स्वर्गीय छोटे भाई संजय गांधी की पत्नी मेनका गांधी ने निर्दल प्रत्याशी के तौर पर मोर्चा खोल दिया। 1984 में राजीव गांधी के खिलाफ मैदान में उतरने वाली मेनका गांधी ने 1982 से ही अमेठी में सक्रियता बढ़ा दी थी। ऐसे में जब वह 1984 में चुनाव में उतरीं तो अमेठी की जनता उलझन में पड़ गई।

## इश्क नेमत है, बताओ जरा ज़माने को

कैसे जख्म दिखाएँ ज़माने को,
हमेशा जहर दिया दीवाने को।।

नादाँ न समझ पाया जमाने को,
हमेशा हमदर्द समझा ज़माने को।

फरेब नहीं किया कभी किसी से,
मासूम,बूझ न पाया ज़माने को।

बन्दीश थी प्यार पर दीवाने की,
इश्क में प्यारा पैगाम दिया ज़माने को।

ग़ज़ल,आशिकी, दिवानगी बेमानी है
आशिक है क्या समझेगा ज़माने को।

आवारा मसीहा था दीवाना,मस्ताना,
आशिक की फिक्र ही कहाँ ,जमाने को।

इश्क नेमत है, बताओ जरा ज़माने को,
मोहब्बत पाकीजा है समझा जरा ज़माने को,

छोड़आशिकी मनाले ज़माने को,
बन जा बाहुबली,चला ज़माने को।।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# हे मतदाताओं, उम्मीदवार पर सोच समझ कर होना राज़ी



लोकसभा चुनाव 2024-प्रथम चरण की नॉमिनेशन प्रक्रिया पूर्ण- आ देखें जरा,किसमें कितना है दम!

प्रथम चरण 19 अप्रैल 2024 को 102 सीटों के लिए फैसले की बाज़ी- वोटर्स किससे कितने राज़ी- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया - विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत अपने 5 वर्षों में एक बार होने वाले सबसे बड़े चुनावी महापर्व के लिए पूरी तरह से तैयार है, जिसमें प्रथम चरण की 102 सीटों पर 19 अप्रैल 2024 को होने वाले चुनाव के लिए पूरी प्रक्रिया करीब करीब पूरी हो गई है,क्योंकि आज 30 मार्च 2024 को नाम वापसी का अंतिम दिवस,अब जो उम्मीदवार संसदीय क्षेत्र के लिए बचे हैं उनमें अब जनता देख रही है कि उम्मीदवार आपसी चुनाव प्रचार में कह रह रहे हैं कि आ देखें जरा किसने कितना है दम !दुनियां के सबसे बड़े चुनावी महापर्व में मीडिया भी जोरों शोरों से लगा हुआ है। मतदाता भी अब उम्मीदवारों को देखकर मंथन करने लग गया है कि किसे वोट देना है,व्यक्तिगत छवि या फिर राजनीतिक पार्टी !कई स्थानों पर पार्टियों के बागी उम्मीदवार उनका सिर दर्द बने हुए हैं। दूसरी ओर इस बार चुनाव आयोग भी अति सख़्ती बनाए हुए हैं, जिसमें आधुनिक डिजिटल टेक्नोलॉजी का भरपूर उपयोग किया गया है जिसमें 27 एप्स सहित आईटीसी का प्रयोग कर उम्मीदवारों के लिए आचार संहिता का पालन करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प बंद कर दिया गया है। चूंकि प्रथम चरण 19 अप्रैल 2024 को सबसे अधिक 102 सीटों पर चुनाव होना है,इसलिए राजनीतिक पार्टियां व उम्मीदवार पूरी ताकत के साथ चुनावी पर्व में रंग गए हैं कि अबकी बार 400पार और अबकी बार नई सरकार! सहित अनेक नारों से मतदाताओं को लुभा रहे हैं।चूंकि 19 अप्रैल 2024 को 102 उम्मीदवारों के फैसले की है बाज़ी,देखना है वोटर किससे कितने हैं,राज़ी इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी केसहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, हे मतदाताओं उम्मीदवार पर सोच समझकर होना राज़ी, जनहित राष्ट्रहित के मुद्दों पर लगाना है बाज़ी। साथियों बात अगर हम राजनीतिक पार्टियों की इच्छाओं आकांक्षाओं के आंकलन की करें तो,पीएम की लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए कम से कम 370 सीटों और पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए के लिए अबकी बार, 400 पार की भविष्यवाणी के बारे में राजनीतिक हलकों में विभिन्न रूप से व्याख्या की जा रही है। एक विचार यह है कि वे 1984-85 में कांग्रेस पार्टीके 414 लोकसभा सीटों के रिकॉर्डको तोड़ना चाहते हैं, जहां तक 370 की बात है, तो यह अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को मिले विशेष दर्जे को खत्म करने के उनकी सरकार के फैसले को भुनाने की एक रणनीति है।निश्चित रूप से विपक्षी खेमे का एक और दृष्टिकोण यह है कि ये अवास्तविक आंकड़े केवल नेताओं और मतदाताओं के बीच कमज़ोर दिल वाले लोगों को डराने के लिए हैं। विपक्षी नेताओं का कहना है कि यह अहंकार का भी संकेत है, जिसका उल्टा असर हो सकता है, लेकिन विपक्षी दल के नेता केवल उम्मीद ही कर सकते हैं। कुछ लोगों का यह भी मानना है कि पीएम सच में 370 का आंकड़ा पार करना चाहते हैं।आखिरकारजवाहरलाल नेहरू ने जो कांग्रेस के लिए सबसे बेहतरीन किया था वह 1957 में लोकसभा में था जब कांग्रेस को 371 सीटें मिली थीं। ये कांग्रेसी किसी तरह आश्वस्त हैं कि पीएम की सबसे बड़ी इच्छा नेहरू से आगे निकलने की है जो 16 साल 286 दिन तक प्रधानमंत्री रहे थे, इसलिए वे यह भी मानते हैं कि पीएम चौथे कार्यकाल के लिए भी तैयार हैं।खैर नेताओं को अटकलें लगाने से कौन रोक सकता है।

साथियों बात अगर हम 19 अप्रैल 2024 को होने वाले प्रथम चरण की 102 सीटों में वोटो के लिए प्रक्रिया पूरी होने की करें तो का आज (शनिवार) आखिरी दिन हुआ। इस समय देश में 18वीं लोकसभा के गठन की प्रक्रिया चल रही है। बता दें 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को पूरा हो रहा है। 19 अप्रैल को पहले चरण में 21 राज्यों को कवर किया जाएगा। पहले चरण में 102 सीटों पर चुनाव होना है जिसमें से 98 सीटों पर नाम वापसी का आज अंतिम दिन हुआ। वहीं बिहार की चार सीटों पर नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 2 अप्रैल है।ज्ञात हो, भारत निर्वाचन आयोग ने 16 मार्च 2024 को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में 18वीं लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पूर्ण मतदान कार्यक्रम की घोषणा की थी। आयोग के मुताबिक 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में सात चरणों में 1 जून तक मतदान होगा और वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

साथियों बात अगर हम सख़्त आचार संहिता की करें तो आचार संहिता लगने के बाद किसी भी तरह की सरकारी घोषणाएं योजनाओं की घोषणा परियोजनाओं कालोकार्पण शिलान्यास या भूमिपूजन के कार्यक्रम नहीं किया जा सकता सरकारी गाड़ी, सरकारी विमान या सरकारी बंगले का इस्तेमाल चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जा सकता है। किसी भी पार्टी, प्रत्याशी या समर्थकों को रैली या जुलूस निकालने या चुनावी सभा करने से पहले पुलिस से अनुमति लेनी होगी।कोई भी राजनीतिक दल जाति या धर्म केआधार पर मतदाताओं से वोट नहीं मांग सकता न ही वह ऐसीकिसी गतिविधि में शामिल हो सकता है जिससे धर्म या जाति के आधार पर मतभेद या तनाव पैदा हो।राजनीतिक दलों की आलोचना के दौरान उनकी नीतियों,कार्यक्रम पूर्व रिकार्ड और कार्य तक ही सीमित होनी चाहिए।अनुमति के बिना किसी की ज़मीन,घर,परिसर की दीवारों पर पार्टी के झंडे, बैनर आदि नहीं लगाए जा सकते मतदान के दिन शराब की दुकानें बंद रहती हैं। वोटरों को शराब या पैसे बाँटने पर भी मनाही होती है।मतदान के दौरान ये सुनिश्चित करना होता है कि मतदान बूथों के पास राजनीतिक दल और उम्मीदवारों के शिविर में भीड़ इकट्ठा न हों।शिविर साधारण हों और वहां किसी भी तरह की प्रचार सामग्री मौजूद न हो।कोई भी खाद्य सामग्री नहीं परोसी जाए।सभी दल और उम्मीदवार ऐसी सभी गतिविधियों से परहेज करें जो चुनावी आचार संहिता के तहत भ्रष्ट आचरण और अपराध की श्रेणी में आते हैं- जैसे मतदाताओं को पैसे देना मतदाताओं को डराना धमकाना, फ़र्ज़ी वोट डलवाना, मतदान केंद्रों से 100 मीटर के दायरे में प्रचार करना, मतदान से पहले प्रचार बंद हो जाने के बाद भी प्रचार करना और मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक ले जाने और वापस लाने के लिए वाहन उपलब्ध कराना।राजनीतिक कार्यक्रमों पर नज़र रखने के लिए चुनाव आयोग पर्यवेक्षक या ऑब्ज़रवर नियुक्त करता है।आचार संहिता लागू होने के बाद चुनाव आयोग की इजाज़त के बिना किसी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी का तबादला नहीं किया जा सकता है।आचार संहिता में राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के आचरण, चुनावी सभा, रैली, जुलूस और रोड शो से जुड़े कायदे-क़ानून, मतदान के दिन पार्टियों और उम्मीदवारों के आचरण पर ध्यान होता है।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
रविवार 31 मार्च 2024
Www.gauravshalibharat.com

# शार्ट न्यूज

## बहराइच : फोन पर फिरौती और बेटे को मारे की धमकी देने वाले अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच शहर में एक व्यक्ति के फोन पर 20 लाख की फिरौती मांगने और इंकार की स्थिति में बेटे को मारने की धमकी देने वाले अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि मोहल्ला खत्रीपुरा निवासी एक व्यक्ति के मोबाइल पर अज्ञात ने फोन कर 20 लाख की फिरौती मांगी है। रुपये न देने पर पीड़ित के 24 वर्षीय बेटे को जान से मारने की धमकी दी गई है। उसने पीड़ित को मैसेज के जरिये भी धमकाया है। उसमें भी बेटे को जान से मारने और फिरौती की रकम देने की बात लिखी है। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली नगर के मोहल्ला खत्रीपुरा निकट दीवानी कचहरी निवासी जाने आलम अंसारी पुत्र मोहम्मद उमर अंसारी के मोबाइल पर दो दिन पूर्व अज्ञात व्यक्ति ने कई मैसेज किया। जिसमें मैसेज करने वाले व्यक्ति ने लिखा कि तुम्हारे बेटे मोहम्मद उसामा अंसारी (24) की हत्या के लिए 20 लाख रुपए की सुपारी मिली है।

## पुलिस ने अपहरण के आरोपी को किया गिरफ्तार

बलिया। बलिया के थाना दुबहड़ पुलिस ने अपहरण के आरोपी को घटना के 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करते हुए अपहृता को बरामद कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी पर कार्रवाई की। थाना दुबहड़ पुलिस के उप निरीक्षक मोतीलाल की टीम ने मुखबिर की सूचना पर अपहरण के आरोपी कृष्णा कुमार उर्फ गोलू राम पुत्र मुन्ना राम निवासी सवरूबांध थाना दुबहड़ बलिया को जनाड़ी तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही पुलिस ने अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया। बता दें कि थाना दुबहड़ बलिया पर 29 मार्च को एक पिता ने अपने पुत्री को आरोपी द्वारा बहला फुसलाकर गलत नियत से कही भगा ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए बरामदगी व गिरफ्तारी के मद्देनजर तलाश किया जाने लगा। पुलिस ने घटना मुकदमा दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

## लोकसभा चुनाव को लेकर वाहनों की चेकिंग

बुलंदशहर। सिकंदराबाद में चुनाव को लेकर दनकौर बॉर्डर पर पर्यवेक्षक एवं एसडीएम ने वाहनों की चेकिंग की। टीम ने रोक-रोककर वाहनों की चेकिंग की। टीम में वाहनों में सवार लोगों से जानकारी भी की कि वह कहां से आ रहे हैं और किस उद्देश्य से जा रहे हैं। टीम में चुनाव पर्यवेक्षक सृष्टि चौधरी और एसडीएम रेनू सिंह, तहसीलदार, नायब तहसीलदार शलभ गुप्ता शामिल रहे। टीम द्वारा सिकंदराबाद गौतम बुद्ध नगर बॉर्डर पर वाहनों की चेकिंग के दौरान वाहनों में सवाल लोगों को निर्देश भी दिए। इस दौरान ट्रक, कार आदि वाहनों की चेकिंग की गई। इस संबंध में टीम ने पूछा कि वह कहां से आ रहे हैं, कहां जा रहे हैं किस कार्य से जा रहे है, आदि सवाल भी किए। एसडीएम रेनू सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर चेकिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि 50 हजार रुपए के ऊपर की नगदी का बोर न मिलने पर जब्त किया जाएगा। इसलिए 50000 से ऊपर की राशि लेकर चलने पर उसके संबंध में आवश्यक दस्तावेज भी रखें।

## प्रयागराज में तीन चोर गिरफ्तार

प्रयागराज। प्रयागराज कमिश्नरेट गंगानगर के उतरांव थाने की पुलिस और एसओजी ने तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की 13 बाइकें बरामद की हैं। पकड़े गए सभी बदमाश मास्टर की से लाक खोलने के साथ ही लॉक तोड़ने में भी माहिर है। वे नई बाइकों को चुराने के बाद उसे आधे दाम पर बेच देते थे। डीसीपी गंगा नगर अभिषेक भारती ने बताया कि उतरांव के गोपालपुर मोड़ के पास से शिवम मौर्या, राणा चौहान और अमित यादव उर्फ शिबू को गिरफ्तार किया गया है। उनकी निशानदेही पर चोरी की 13 गाड़ियां बरामद की गईं हैं। शिवम और राणा मलखानपुर सरायइनायत के रहने वाले हैं जबकि अमित बिजरू सैदाबाद हण्डिया का रहने वाला है। आरोपियों ने कबूल किया है कि वह निर्धारित स्थान जैसे शादी समारोह, कचहरी परिसर व अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों की रेकी कर बाइकों को चोरी करते थे। मास्टर-की लगाकर व लॉक तोड़कर चोरी करने के पश्चात उनके नम्बर प्लेट व इंजन नंबर, चेचिस नंबर को बदलकर या फिर खुरच कर सस्ते दामों में बेच देते थे। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी, दरोगा हेमेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी एसओजी गंगानगर, रितेश चन्द्र उपाध्याय आदि शामिल रहे।

## बुलंदशहर में दलित वृद्धा को घसीटकर पीटा

बुलंदशहर। बुलंदशहर के सिकंदराबाद थाना क्षेत्र के गांव सरायघासी में दलित वृद्धा के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। इसका 23 सेकेंड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को आपबीती सुनाई है। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है। पीड़ित रामलाल ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 27 मार्च को उसकी 60 वर्षीय पत्नी जंगल में रोज की भांति बकरी चराने के लिए गई हुई थी। बकरी चरते हुए गांव के ही एक दबंग के खेत में घुस गई। इस बात को लेकर दबंग ने उसकी वृद्धा पत्नी को घसीट-घसीटकर डंडे से पीटा। साथ ही जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गंदी-गंदी गालियां दीं। बताया कि बड़ी मुश्किल से उसकी वृद्धा पत्नी ने आरोपी दबंग के चंगुल से छूटकर अपनी जान बचाई। पीड़ित का आरोप है कि वह थाने के चक्कर काट रहा है, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही है। इस सम्बंध में अपराध निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## लेनदेन के विवाद में महिला से मारपीट

अलीगढ़। अलीगढ़ के इगलास थाना क्षेत्र में रुपए के लेनदेन के विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मामला दो समुदायों का होने के कारण पुलिस तत्काल अलर्ट हो गई और दोनों पक्षों को थाने ले आई। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की है। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि वह अपने रुपए मांगने के लिए दूसरे पक्ष के पास पहुंची थी, जिस पर दूसरे पक्ष ने महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर हंगामा हुआ और लोगों ने इसका वीडियो बना लिया। घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्रिय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। इगलास के मुहरेनी निवासी सोनम पुत्री दिनेश शर्मा ने बताया कि कुछ साल पहले उन्होंने दूसरे पक्ष के जमील पुत्र बाबू खां से स्कूटी खरीदी थी। 25 हजार रुपए में स्कूटी का सौंदा हुआ था, जो उन्होंने दे दिए थे। इसके बाद उन्हें पता चला कि स्कूटी फाइनेंस है और इसकी किश्तें भी जमा नहीं हुई हैं। जिसके बाद उन्होंने जमील को स्कूटी वापस कर दी थी और अपने रुपए वापस मांगे थे। उस समय आरोपियों ने 13 हजार रुपए दे दिए थे और बाकी रुपए बाद में देने के लिए कहा था।

## भदोही में लोकसभा चुनाव को प्रशासन अलर्ट

भदोही (संत रविदास नगर)। भदोही में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को लेकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा तैयारियां काफी जोर-शोर से की जा रही है। इसी के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक डॉ. मीनाक्षी कात्यायन ने जनपद में पहुंचने वाले अर्धसैनिक बल, पुलिस बल और होमगार्ड के ठहरने के लिए चिन्हित किए गए स्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया। जहां पर उनके द्वारा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी डॉ. मीनाक्षी कात्यायन ने भदोही नगर के सिविल लाइन रोड पर स्थित वुडवर्ड पब्लिक स्कूल का स्थलीय निरीक्षण और भौतिक सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां पर पुलिस व सुरक्षा बलों के ठहरने की पर्याप्त व्यवस्था, पानी, बिजली, शौचालय, स्नानघर एवं उनके वाहनों को खड़ा करने के स्थान आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने भौतिक सत्यापन किया। वहीं थोड़ी बहुत जो कमियां मिली उसे पूरा कराएं जाने को लेकर उनके द्वारा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# सपा नेता की पत्नी की गोली मारकर हत्या

### दिनदहाड़े घर में घुसकर 3 गोली मारी; दो सिर और एक गोली सीने में लगी

**हापुड़।** हापुड़ में सपा नेता की पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। हमलावर ने 3 गोली मारी है। जब तक परिजन कुछ समझ पाते बदमाश मौके से फरार हो गया। घर वाले आनन-फानन में महिला को अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।




जानकारी के अनुसार, बुलंदशहर रोड स्थित सामिया गार्डन कॉलोनी में समाजवादी पार्टी के नेता व प्रॉपर्टी डीलर जहीर सलमानी पत्नी नाजरीन (40) और अपने परिवार के साथ रहते हैं। नाजरीन जहीर सलमानी की दूसरी पत्नी है। पहली पत्नी मायके में रहती है। जहीर सलमानी किसी काम से घर के बाहर गए हुए थे।

दोपहर करीब सवा 1 बजे जहीर सलमानी की पत्नी नाजरीन घर में मौजूद थीं। वहां फर्नीचर बनाने वाले 6 से ज्यादा लेबर भी काम कर रहे थे।

#### एक के बाद एक मारी तीन गोलियां

बताया जा रहा है कि इसी बीच एक अज्ञात बदमाश घर में पहुंचा और इससे पहले कोई कुछ समझ पाता, नाजरीन पर फायरिंग शुरू कर दी। एक के बाद एक तीन गोलियां नाजरीन को मारकर फरार हो गया। नाजरीन लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गईं।

#### सिर में दो और एक गोली सीने में लगी

गोली चलने की आवाज सुनकर वहां पर काम कर रहे लेबर तुरंत मौके पर पहुंचे। मामले की जानकारी पति और पुलिस को दी। पुलिस ने आनन-फानन में घायल को निजी अस्पताल लेकर पहुंची, जहां जांच के बाद नाजरीन को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने बताया, मृतका के सिर में दो और एक गोली सीने में मारी गई है। बता दें कि जहीर सलमानी सपा के टिकट से नगर पालिका हापुड़ के लिए अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ चुके हैं। सपा नेता जहीर सलमानी ने बताया, मैं घर पर नहीं था, बैनामा कराने मेरठ गया था। बाद में पता चला कि घर पर पत्नी गिर गई है, उसके सिर में चोट लगी है। घर पर काम कर रहे लेबर उसे लेकर अस्पताल गए। यहां आने पर पता चला कि उसे गोली लगी है। घर के बाहर कैमरे लगे हुए हैं, जो भी आया होगा पता चलेगा।

इस घटना के चश्मदीदों से पुलिस पूछताछ कर रही है। एसपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि अभी तक हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस घटना के हर पहलू पर गंभीरता से जांच कर रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# बैंक के अंदर घुसकर शाखा प्रबंधक से मारपीट

फतेहपुर। फतेहपुर में बैंक के अंदर घुसकर युवक ने बैंक शाखा प्रबंधक से गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में घायल बैंक मैनेजर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक हमलावर भाग गया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी की गिरफ्तारी न होने से सुलह-समझौता का दबाव बनाया जा रहा है और जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

जिले के थरियांव थाना पुलिस को एक पीड़ित सत्य नारायण कुमार पुत्र ओम प्रकाश सिंह निवासी चितावा थाना दिनाग जिला रोहतास बिहार ने 26 मार्च की रात में तहरीर दी। तहरीर में लिखा कि वह वर्तमान समय में बैंक ऑफ बड़ौदा हस्वा में शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। 26 मार्च के शाम 6 बजकर 45 मिनट पर हम अपने शाखा में मार्च क्लोजिंग से सम्बंधित कार्य कर रहा था। उसी समय पंकज सिंह निवासी हस्वा कस्बा, जोकि मकान मालिक का भतीजा है इन्हीं के मकान में बैंक खुली है बैंक के अंदर जबरन घुसकर बिना वजह जूता दिखाकर गाली गलौज शुरू कर दी। मना करने पर कैश रूम के तरफ जाने लगा। जब हमने रोकते हुए बाहर करने का प्रयास किया तो सरकारी काम में बाधा डालते हुए मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी।

पीड़ित ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान आंख व आसपास काफी चोट लग गई और गले में पहने दो सोने की चेन गिर गई, जिसमें एक चेन गायब हो गई और एक चेन का आधा हिस्सा ही मिल पाया था।

# आजमगढ़ पीजीआई में इलाज के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के चक्रपानपुर स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में शनिवार को जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। इस मामले की जानकारी होते ही परिजनों ने अस्पताल के डाक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों का कहना है कि डाक्टरों की लापरवाही के कारण यह घटना हुई। यदि डाक्टरों ने इलाज किया होता तो दोनों की जान बचाई जा सकती थी। अस्पताल के बाहर परिजन रोते-बिलखते नजर आए।

घटना की जानकारी होने मिलने पर चौकी की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर किसी तरह से मामले को शांत कराया। हालांकि घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। पुलिस मामले में वैधानिक कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

#### ब्लीडिंग अधिक होने से हुई मौत

आजमगढ़ जिले के मेंहनाजपुर थाना क्षेत्र के महुआपार मेंहदीपुर गांव निवासिनी रंजना राजभर (25) पत्नी आशीष को परिजनों ने शुक्रवार की शाम लगभग पांच बजे प्रसव पीड़ा होने पर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां देर रात ऑपरेशन से रंजना ने एक मृत बच्चे को जन्म दिया।

# अनैतिक देहव्यापार में संलग्नता के आरोप में12 लोग गिरफ्तार

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले के कंधरापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भंवरनाथ के पास एक रेस्टोरेंट में एसओजी और पुलिस टीम की संयुक्त कार्रवाई में पांच जोड़े युवक युवती व होटल के मालिक और मैनेजर सहित कुल 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक नगर शैलेंद्र लाल ने बताया कि सभी के विरुद्ध अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि कई दिन से यह सूचना थी कि कंधरापुर थाना क्षेत्र के भंवरनाथ इलाके में स्थित एक रेस्टोरेंट में सेक्स रैकेट चलाया जा रहा है।

# बस्ती : लोकसभा चुनाव के दौरान 34 हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश में बस्ती परिक्षेत्र के तीनों जिलों बस्ती, सिद्धार्थनगर तथा संतकबीर नगर में लोकसभा चुनाव के दौरान 34 हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जायेगी और इसकी मॉनीटरिंग पुलिस अधीक्षक कार्यालयों तथा परिक्षेत्रीय कार्यालय से करायी जायेगी।

पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) आरके भारद्वाज ने शनिवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि बस्ती परिक्षेत्र के तीनों जिलों बस्ती,सिद्धार्थनगर तथा संतकबीरनगर में लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए तेजी से तैयारी



की जा रही है, अपराधियों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई जारी है। परिक्षेत्र के तीनों जिलों में 34 हजार 214 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी करायी जायेगी सभी सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय मूड में रखा गया है इनकी मॉनीटरिंग पुलिस अधीक्षक कार्यालयों तथा परिक्षेत्रीय कार्यालय से की जायेगी।

लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया छठवें चरण में शुरू होगा। 25 मई को मतदान तथा 4 जून को गिनती करायी जायेगी। पर्चा दाखिला से लेकर मतगणना प्रक्रिया तक पूरे परिक्षेत्र में सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि परिक्षेत्र में समाज में भय और आतंक पैदा करने वाले 45 हजार 358 व्यक्तियों को चिन्हित करके उन्हे आईपीसी की धारा 107 में पाबंद किया गया है तथा 204 अपराधियों के विरूद्ध गुण्डा एक्ट की कार्रवाई की गयी है।

# डंपर में स्कूली वैन घुसी, ड्राइवर-बच्चे की मौत

### मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेस-वे पर हादसा, जामिया का एंट्रेंस एग्जाम देने जा रहे थे 11 बच्चे

गाजियाबाद। मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार सवेरे बड़ा हादसा हो गया। स्कूली वैन एक डंपर से जा भिड़ी। पीछे से आ रही एक तीसरी गाड़ी भी इन दोनों से टकराकर पलट गई। इस हादसे में स्कूली वैन के ड्राइवर और एक बच्चे की मौत हो गई। 10 बच्चे घायल हैं। इन्हें चार अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।



ये हादसा गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में हुआ है। कूड़े का डंपर लालकुआं से दिल्ली की तरफ जा रहा था। उसके पीछे एक स्कूली वैन आ रही थी। वैन सवार 11 स्कूली बच्चे अमरोहा से जामिया दिल्ली में कक्षा छह का एंट्रेंस एग्जाम देने जा रहे थे। क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में अचानक ये वैन, डंपर से जा भिड़ी। हादसे में ड्राइवर अनस की मौत हो गई है। तुरंत सभी घायल बच्चों को नजदीकी अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। यहां उपचार के दौरान एक बच्चे ने दम तोड़ दिया।

#### हादसे की वजह जानने को सीसीटीवी फुटेज देख रही पुलिस

एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया, जामिया दिल्ली में आज कक्षा छह का एंट्रेंस एग्जाम था। उसी को देने के लिए अमरोहा जिले से 11 बच्चे अर्टिगा गाड़ी में बैठकर दिल्ली जा रहे थे। सभी बच्चों की उम्र 10 से 13 साल के बीच है।

हादसे में एक ड्राइवर और एक बच्चे की मौत हुई है। बाकी बच्चों का इलाज चार हॉस्पिटलों में चल रहा है। हादसे की शुरुआती वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। इसके लिए हाईवे के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है। ऐसी भी सूचनाएं हैं कि डंपर दो-चार सेकेंड के लिए हाईवे किनारे खड़ा हुआ था, तभी ये हादसा हुआ है।

## गंगा में डूबे युवक का तीसरे दिन मिला शव

उन्नाव। उन्नाव के अचलगंज थाना क्षेत्र के बलाई घाट पर गंगास्नान के दौरान गहरे पानी मे चले जाने से डूबे युवक का शव तीसरे दिन खुटहा गांव के सामने पानी में उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मां के आरोप पर पुलिस ने मौसा को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। अचलगंज थाना क्षेत्र के सैदपुर निवासी पुतान रैदास का 19 वर्षीय पुत्र जीतू बीते गुरुवार की दोपहर बलाई गांव निवासी अपने चचेरे मौसा बुद्धीलाल के यहां गया था। शाम चार बजे मौसेरे भाई अंकुश के साथ बलाई घाट पर गंगा स्नान को गया था। नहाने के दौरान जीतू गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। यह देखकर साथ में गया अंकुश मदद को चिल्लाया लेकिन घाट पर किसी के न होने से अंकुश भागकर अपने गांव बलाई आया। इसकी सूचना गांव समेत सैदपुर निवासी जीतू के परिजनों को दी थी। शुक्लागंज गंगाघाट से बुलाए गए गोताखोर दो दिनों से गंगा में खोजबीन कर रहे थे। इसके बावजूद भी डूबे युवक का पता नहीं लग सका था। शनिवार सुबह मछली पकड़ने गए खुटहा गांव के मछुवारों ने गंगापार खुटहा गांव के सामने पानी में उतराता देखा तो इसकी सूचना अचलगंज पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष संजीव कुशवाहा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक दो भाई एक बहन में सबसे बड़ा था। मां सुमन अपने पुत्र की हत्या कर शव डुबो देने का आरोप लगाती रही।

# बस्ती में अनिल हत्याकांड का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

बस्ती। बस्ती में स्टेडियम गेट के समीप 4 फरवरी को हुई युवक की हत्या का पुलिस ने शनिवार को खुलासा किया है। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि युवक की पहचान बेलवाडाड़ी निवासी अनिल कुमार के तौर पर हुई थी। युवक की पिता मिठाईलाल की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज जांच पड़ताल कर रही थी। जांच में हत्यारोपी की पहचान कृष्णा पांडेय निवासी लेदवा थाना सोनहा के तौर पर हुई। एसपी ने कहा कि अभियुक्त ने मोबाइल की स्क्रीन टूट जाने के चलते युवक की हत्या कर दी थी। पुलिस की पकड़ में न आए इसके लिए वह फरार हो गया। पूछताछ में अभियुक्त कृष्णा पांडेय ने अपना जुर्म कबूल करते हुए कहा कि चार फरवरी रात्रि वह दारू पिया हुआ था और अनिल ने भी दारू पी रखी थी। जिसको मैं नहीं पहचानता था। झंडा तिराहे के पास वह मुझसे टकराया जिससे धक्का लगने के कारण मेरे मोबाइल की स्क्रीन गिरकर टूट गई। जिस पर मैंने कहा कि मेरा मोबाइल बनवा दो नहीं तो तुम्हारी जान ले लूंगा। अभियुक्त ने कहा कि अनिल बोला साले तुम्हारे जैसे बहुत देखा हूं, जिसके बाद उसने मुझे दो चाटा मारकर कहा कि मुझसे मोबाइल बनवाओगे। इस बार पर मुझे गुस्सा आ गया और पास में पड़े सीमेंटेड ईंट के टुकड़े से लगातार अनिल के ऊपर कई प्रहार किए, जिससे अनिल की मौत हो गई और उसके शरीर को स्टेडियम के पास बरगद के पेड़ के पास छिपा दिया और पत्नी मोबाइल को रोडवेज के पास बनने के लिए एक दुकान पर दे दिया था। जिसके बाद मैं गुजरात चला गया था।

# सीतापुर में पुजारी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

### आलाकत्ल के साथ अरेस्ट, आपसी कहासुनी के बाद मंदिर में बांके से काट डाला था

सीतापुर। सीतापुर में पुलिस ने होली के दिन हुई पुजारी (सेवादार) की हत्या के मामले में खुलासा करने का दावा किया है। सेवादार की हत्या में शामिल हत्यारोपी को आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार करते हुए जेल भेजने की कार्रवाई की है।

पुलिस का दावा है कि हत्यारोपी आए दिन मंदिर में पूजन किया करता था और मृतक पुजारी के स्वभाव से आजिज आकर विवाद के बाद हत्या की योजना बनाकर बांके से गला काटकर हत्या कर दी। पुलिस ने इकबालिया बयान के बाद आरोपी की निशानदेही पर कुंड से आलाकत्ल को बरामद किया।

#### होली के दिन हुई थी हत्या

घटना रामकोट थाना इलाके की है।



यहां 25 मार्च की सुबह होली के दिन तड़के रामेश्वर धाम मंदिर के पुजारी (सेवादार) संकुल मिश्रा का खून से लथपथ शव बरामद हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू की तो कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, लेकिन पुलिस हवा में तीर चलाती रही।

इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद के बाद पुलिस ने एक मोबाइल नंबर के जरिये एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी युवक ने इकबालिया जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी युवक रामदेव बाजपेई ने बताया कि मंदिर का सेवादार मृतक संकुल का व्यवहार न ठीक न होने के चलते आए दिन दोनों में पूजन के लिए विवाद हुआ करता था।

#### बांके से काटकर की हत्या

आरोपी ने पुलिस को दिए इकबालिया बयान में बताया कि पूजा पाठ के दौरान ही उसका पुजारी से विवाद हो गया। इसके चलते उसने होली के दिन ही हत्या की योजना बनाई। बताया जाता कि होलिका दहन के बाद जब पुजारी संकुल मंदिर के अंदर सो गया तो आरोपी युवक रामदेव ने बांके से मंदिर परिसर के अंदर ही बांके से प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी युवक की निशानदेही पर कुंड के अंदर पड़े आलाकत्ल बांके को निकवालकर अभियुक्त को जेल भेजने की कार्रवाई की है।

# कौशांबी में आठवीं की छात्रा को अगवाकर प्रयागराज में दुष्कर्म

### पीड़ित बोली- 7 दिन तक कमरे में बंद कर रखा, पुलिस का दबाव में आरोपी करारी कस्बा छोड़ कर भागा

कौशांबी। कौशांबी के करारी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली आठवीं की छात्रा को अगवा कर गांव के युवक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित को आरोपी ने प्रयागराज मे 7 दिन तक बंधक बना कर रखा। पीड़ित परिवार की थाना पुलिस से शिकायत किए जाने के बाद आरोपी पीड़ित को करारी कस्बे मे छोड़ कर फरार हो गया। पीड़ित के घर आने के बाद थाना पुलिस अब मुकदमा दर्ज करने मे हीलाहवाली कर रही है। पीड़ित व उसके पिता ने एसपी दफ्तर मे अफसर से शिकायत कर इंसाफ की मांग की है। एसपी ने थाना पुलिस को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिया है।

करारी इलाके के एक गांव में रहने परिवार का मुखिया पेशे से दिहाड़ी मजदूर है। वह लोगों के खेतों में मेहनत मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का गुजर बसर करता है। परिवार में पत्नी व बेटे बेटियां है। बच्चे गांव के एक स्कूल में प्राइमरी व जूनियर के छात्र-छात्रा है। पीड़ित परिवार की बड़ी बेटी 8 की छात्रा है। वह 21 मार्च को स्कूल गई थी।

#### 7 दिन तक बनाया जबरन शारीरिक संबंध

वह से लौटते समय गाव के एक युवक ने कार से अपने एक अज्ञात साथी के साथ मिलकर उसे अगवा कर लिया। पीड़ित के मुताबिक, आरोपी युवक उसे कार से जबरन अगवा कर प्रयागराज के एक अज्ञात घर मे ले गया। वह उसे 7 दिन तक बंधक बना कर रखा गया। आरोपी ने उसके साथ 7 दिन तक जबरन शारीरिक संबंध बनाया।

## बीएमएस के छात्र को दंबगों ने पीटकर किया घायल

फर्रुखाबाद। फर्रुखाबाद जनपद में दबंगों ने बीएमएस के छात्र को लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया। बीच बचाव के बाद छात्र कोतवाली पहुंचा और तहरीर दी। पुलिस ने घायल को लोहिया अस्पताल में मेडिकल कराया है। वहीं मामले की पुलिस जांच कर रही है। बताया जा रहा है मारने वाले बीएमएस के ही छात्र है। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में मेजर एसडी मेडिकल कॉलेज में जिला बरेली थाना फरीदपुर क्षेत्र के मोहल्ला एसडीएम कॉलोनी निवासी शैलेन्द्र मिश्रा का 23 वर्षीय पुत्र अदित्य मिश्रा बीएमएस की पढ़ाई कर रहा है। आदित्य मिश्रा अपने दोस्त के पास फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में जेएनवी रोड पर गया हुआ था। तभी बीएमएस के ही 4 अन्य छात्रों ने लाठी-डंडो से पीटकर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल छात्र को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया। तहरीर के आधार पर इलाज के बाद छात्र आदित्य मिश्रा का पुलिस ने इलाज के बाद मेडिकल परीक्षण कराया है। मामले पर फतेहगढ़ कोतवाल हरश्याम सिंह ने बताया कि मारपीट के मामले में बीएमएस के छात्र आदित्य ने तहरीर दी है। मेडिकल परीक्षण कराया गया है आगे की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## शार्ट न्यूज

### पैठ बढ़ा रहीं बहुराष्ट्रीय दवा कंपनियां

हाल में कई बहुराष्ट्रीय दवा कंपनियों ने भारतीय औषधि बाजार में अपनी पैठ बढ़ाने के लिए भारतीय कंपनियों के साथ साझेदारी करने पर ध्यान केंद्रित किया है। डॉ. रेड्डीज, सिप्ला एवं एमक्योर के साथ सनोफी की साझेदारी और अस्थमा की दवा के वितरण के लिए एस्ट्राजेनेका एवं मैनकाइंड फार्मा के बीच साझेदारी जैसे तमाम उदाहरण से इस रुझान का पता चलता है। विश्लेषकों का कहना है कि इस रणनीति से बहुराष्ट्रीय कंपनियों को स्थापित भारतीय नेटवर्क का फायदा उठाने और लोगों के बीच अपनी पैठ बढ़ाने में मदद मिलती है। दूसरी ओर भारतीय कंपनियों को इससे वैश्विक ब्रांड एवं विशेषज्ञता का फायदा मिलता है। सनोफी ने हाल में भारतीय बाजार में अपने वैक्सीन ब्रांडों को विशेष रूप से वितरित करने और उसे बढ़ावा देने के लिए डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के जरिये डॉ. रेड्डीज की पहुंच सनोफी के वैक्सीन उत्पादों तक हुई है, जिसमें हेक्सैक्सिम और पेंटाक्सिम जैसे ब्रांड शामिल हैं। इससे बाजार में डॉ. रेड्डीज की पहुंच एवं पेशकश को बढ़ावा मिलेगा, जबकि सनोफी को डॉ. रेड्डीज के वितरण नेटवर्क एवं बाजार विशेषज्ञता का फायदा होगा। सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया के कुणाल शाह ने कहा, 'जहां तक घरेलू कंपनियों का सवाल है तो उन्हें गंभीर दवा जैसी मुख्य चिकित्सा श्रेणियों में नरमी से जूझना पड़ रहा है। ऐसे में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ साझेदारी के जरिये प्रीमियम ब्रांडों और विशेष नेटवर्क तक उनकी पहुंच सुनिश्चित होगी जिससे उनका मूल्य बढ़ेगा।

### प्रमुख सब्सिडी में सरकार की बचत पर नजर

सरकार ने वित्त वर्ष 2024 के लिए प्रमुख मदों पर सब्सिडी के कुल संशोधित बजट अनुमान का 87 प्रतिशत या 3.6 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं। महालेखा महानियंत्रक (सीजीए) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक यह राशि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में हुए बजट अनुमान के 88 प्रतिशत खर्च के करीब बराबर है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि फरवरी 2024 तक सरकार का बाह्य वित्तपोषण, संशोधित अनुमान के 148 प्रतिशत पर पहुंच गया है, जो पिछले साल फरवरी तक 118 प्रतिशत था। कुल प्रमुख सब्सिडी में खाद्य सब्सिडी पर कुल खर्च, संशोधित अनुमान का 84 प्रतिशत है, जो पिछले साल फरवरी तक 78 प्रतिशत था। विशेषज्ञों का कहना है कि कम खरीद, कम खाद्य सब्सिडी की एक वजह हो सकती है। पोषक पर आधारित उर्वरक सब्सिडी पर सरकार का खर्च भी पिछले साल की तुलना में कम रहा है। यह फरवरी 2024 तक संशोधित अनुमान का 100 प्रतिशत खर्च हो चुका है, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 102 प्रतिशत खर्च हुआ था। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, 'ऐसा लगता है कि खाद्य और उर्वरक सब्सिडी दोनों पर होने वाले खर्च में बचत होगी। तेल की कीमत कम रहने के कारण उर्वरक के दाम नियंत्रण में रहे हैं।' बहरहाल सरकार ने पेट्रोलियम सब्सिडी पर अपना व्यय बढ़ा दिया है और फरवरी 2024 तक संशोधित अनुमान का 66 प्रतिशत इस्तेमाल हो चुका है, जबकि पिछले साल की समान अवधि में आवंटित राशि का सिर्फ 18 प्रतिशत इस्तेमाल हुआ था।

### मोबाइल यूजर्स के लिए सरकार की एडवाइजरी

नई दिल्ली। डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्यूनिकेशन ने शुक्रवार को सभी मोबाइल यूजर्स के लिए मोबाइल नंबर बंद करने की धमकी देने वाले कॉल को लेकर एक एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने कहा कि वह किसी भी व्यक्ति को ऐसे कॉल करने के लिए अधिकृत नहीं करती है। टेलीकॉम डिपार्टमेंट की ओर से जारी इस एडवाइजरी में सरकार ने बताया है कि कई लोगों को DoT के नाम से आ रहे कॉल पर लोगों को यह बताकर धमकाया जा रहा है कि आपका नंबर से इलीगल एक्टिविटी हुई है। आपका मोबाइल नंबर बंद कर दिया जाएगा। मोबाइल नंबर बंद होने से रोकने के लिए कॉलर लोगों से पर्सनल जानकारी मांगता है। इसे देते ही लोग फ्रॉड का शिकार हो जाते हैं। इसके अलावा सरकार ने विदेशी नंबर (जैसे- +92) से आने वाले वाट्सएप कॉल के लिए भी एडवाइजरी जारी की है। अगर आप ऐसे किसी फ्रॉड के शिकार हो गए हैं तो सरकार की हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या www.cybercryme.gov.in पर शिकायत दर्ज करें।

### जिंसों में टिकाव

नयी दिल्ली। स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। दाल-दलहन : चना 5800-5900, दाल चना 6800-6900, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9800-9900, उड़द दाल 10100-10200, अरहर दाल 12000-12100 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल =2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 3740-3840, चीनी एम. 4000-4100, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

### ब्याज दरों में कटौती को लेकर जल्दबाजी नहीं

न्यूयार्क। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने संकेत दिया है कि वह ब्याज दरों में कटौती को लेकर किसी प्रकार की जल्दबाजी में नहीं है। शुक्रवार को सैन फ्रांसिस्को फेड के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने कहा कि हमें कटौती को लेकर जल्दबाजी की आवश्यकता नहीं है। पॉवेल ने कहा कि रोजगार का डेटा मजबूत रहा है। इस कारण केंद्रीय बैंक महंगाई दर के दो प्रतिशत के करीब आने का इंतजार कर रहा है। फेड चेयरमैन ने दरों में जल्द कटौती पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अगर हम दरों को बहुत जल्द कम करते हैं, तो संभावना है कि महंगाई फिर से बढ़ जाएगी और यह अर्थव्यवस्था के लिए प्रतिकूल होगा। पॉवेल ने ब्याज दरों को उनके मौजूदा स्तर पर छोड़ने के जोखिमों की पहचान की बात भी कही। न्यूयार्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, फेडरल रिजर्व दो जोखिमों में संतुलन की कोशिश कर रहा है। पहला यह है कि केंद्रीय बैंक के अधिकारी ब्याज दरों को लंबे समय तक उच्च स्तर पर नहीं रखना चाहते हैं। इससे गैर-आवश्यक मंदी का जोखिम है। दूसरा यह है कि अधिकारी महंगाई के नियंत्रण में आने से पहले जल्दबाजी में दरों में कटौती भी नहीं चाहते हैं। इससे पहले अमेरिका के फेडरल रिजर्व की दो दिवसीय फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की बैठक के दौरान बेंचमार्क ब्याज दरों में कोई बदलाव न करने का फैसला किया गया था।

### चौथी तिमाही में आठ प्रतिशत से ज्यादा रहेगी विकास दर

नई दिल्ली। भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। पिछले कुछ समय में कई प्रतिष्ठित रेटिंग एजेंसियों ने भारत की जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को रिवाइज करके बढ़ाया है। अब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का कहना है कि मौजूदा वित्त वर्ष की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2024) के दौरान भारत की विकास दर आठ या इससे ज्यादा प्रतिशत रह सकती है। बेहतर महंगाई प्रबंधन और व्यापक आर्थिक स्थिरता का हवाला देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में भी विकास दर साल-दर-साल आधार पर समान दिखने की उम्मीद है। मुंबई के फाइनेंशियल हब में आयोजित एक कार्यक्रम में निर्मला सीतारमण ने उम्मीद जताया कि चौथी तिमाही में भी वृद्धि दर आठ प्रतिशत या इससे ज्यादा होगा। इससे पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में भी औसत वृद्धि दर आठ प्रतिशत या इससे ज्यादा होगी। सरकार चौथी तिमाही के आर्थिक आंकड़े 31 मई को जारी करेगी। अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही के दौरान भारत की विकास दर 8.4 प्रतिशत रही है। सरकार के ताजा अग्रिम अनुमान के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में विकास दर 7.6 प्रतिशत रह सकती है।

# शक्कर में उठाव, खाद्य तेलों में तेजी, दलहन मजबूत दाल- चावल सामान्य

**एजेंसी**

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में उठाव रहा। खाद्य तेलों में तेजी दर्ज की गई। सोयाबीन रिफाइंड मजबूत बिका। तिलहन में उठाव रहा। दलहन में भाव ऊंचे रहे। दाल तथा चावल में लिवाली साधारण बताई गई।

### किराना बाजार

सियागंज किराना बाजार में शक्कर में खरीदी से भाव मजबूत रहे। आज शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। खोपरा गोला लिवाली से ऊंचा रहा। साबूदाना, खोपरा बूरा में मांग साधारण रही। हल्दी में डिमांड रही।

### तेल-तिलहन

खाद्य तेलों में उछाल रहा। मूंगफली तेल में जोरदार तेजी दर्ज की गई। आज मूंगफली तेल 4-5 रुपये प्रति किलोग्राम महंगा बिका। तिलहनों में कामकाज साधारण बताया गया।

### दाल-दलहन

दलहनों में मजबूती रही। कारोबार में चना महंगा होकर बिका। दालों में उठाव बताया गया। इस बीच चावल में पूछपरख रही। आने वाले दिनों में सालाना स्टाक करने वालों की मांग रहेगी जिससे भाव सुधार लें सकते हैं।

### किराना

शक्कर 3800 से 3820 रुपये प्रति क्विंटल।

खोपरा गोला 110 से 140 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2450 से 4450 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 220 से 300 रुपये प्रति



किलोग्राम। साबूदाना 6000 से 6700, पैकिंग में 7000 से 7100 रुपये प्रति क्विंटल।

### तिलहन

सरसों निमाड़ी 5600 से 6000, सोयाबीन 4400 से 4500 रुपये प्रति क्विंटल।

### तेल

मूंगफली तेल इंदौर 1480 से 1510, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 945 से 950, साल्वेंट 900 से 905, पाम तेल 985 से 990 रुपये प्रति 10 किलो।

### दलहन

चना (कांटा) 5800 से 5850, चना विशाल 5400 से 5600, मसूर 5900 से 5950, तुअर निमाड़ी 8700 से 9700, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 10300 से 10400, तुअर (कर्नाटक) 10400 से 10600, मूंग 9000 से 10000, मूंग हल्की 7000 से 8000, उड़द 8800 से 9200, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

### दाल

चना दाल 7600 से 8100, तुअर दाल सवा नंबर 13100 से 13200, तुअर दाल फूल 13900 से 14000, तुअर दाल बोल्ड 14900 से 15000, आयातित तुअर दाल 12100 से 12200, मसूर दाल 7150 से 7450, मूंग दाल 10500 से 10800, मूंग मोगर 11400 से 11700, उड़द दाल 10900 से 11200, उड़द मोगर 11300 से 11600 रुपये प्रति क्विंटल।

बासमती 11500 से 12500, तिबार 10000 से 11000, दुबार 8500 से 9500, मिनी दुबार 7500 से 8500, मोगरा 4500 से 7000, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल।

### रवा-मैदा

रवा 1680, मैदा 1600, आटा 1570, चना बेसन 3950 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

# कानपुर : साइबर सुरक्षा नवाचार और उद्यमशीलता के लिए स्टार्टअप समूह लॉन्च

नयी दिल्ली। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटीके) में उन्नत साइबर सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब सी3आईहब ने यहां स्टार्टअप समूह लॉंच करने की घोषणा की है।

सी3आईअब ने स्टार्टअप समूह तीन, चार और पांच लॉंच किया है। एनएम-आईसीपीएस मिशन के तहत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा वित्त पोषित, सी3आईहब ने स्टार्टअप इनक्यूबेशन कार्यक्रम में 19 स्टार्टअप प्रस्तुत किए, जो एप्लिकेशन सुरक्षा , एकीकृत एसओसी समाधान , साइबर फोरेंसिक, ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी , यूएवी सुरक्षा, आईओटी सुरक्षा और साइबर बीमा सहित विशिष्ट साइबर सुरक्षा क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखते हैं।

इस कार्यक्रम में डीएसटी सचिव डॉ. अभय करंदीकर; राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक लेफ्टिनेंट जनरल एम यू नायर, एनसीआईआईपीसी के महानिदेशक नवीन कुमार सिंह, भारत के पहले राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक गुलशन राय मौजूद रहे।

स्टार्टअप इनक्यूबेशन प्रोग्राम के प्रमुख कार्यक्रम के तहत, सर3आईहब ने 5 समूहों में 50 स्टार्टअप को सहायता प्रदान की है जो साइबर फोरेंसिक, एप्लिकेशन सुरक्षा, ब्लॉकचेन तकनीक, डिसेप्शन टेक्नॉलजी, खतरे की खुफिया जानकारी और साइबर बीमा जैसे महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा डोमेन में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं। इनमें से कई स्टार्टअप ने उत्पादों को सफलतापूर्वक लॉन्च और व्यावसायीकरण किया है, जबकि कई अन्य वर्तमान में अपने परिचालन को बढ़ाने की प्रक्रिया में हैं।

सी3आईहब इनक्यूबेटेड स्टार्टअप को 10 लाख रुपये का सीड ग्रांट प्रदान करता है और दो वर्षों तक एक संस्थापक के लिए 50,000 रुपये का मासिक वेतन प्रदान करता है, जिसके परिणामस्वरूप 22 लाख रुपये का प्रारंभिक निवेश होता है। संगठन का लक्ष्य दो साल की अवधि के बाद स्टार्टअप के बीच कम से कम 20 प्रतिशत सफलता दर का लक्ष्य है। जैसे-जैसे ये स्टार्टअप परिपक्व होते हैं, सी3आईहब भारत के लिए एक लचीले डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने, पूंजी जुटाने में सहायता करने के लिए निवेशकों और निगमों के साथ कनेक्शन की सुविधा प्रदान करता है।

सी3आईहब के परियोजना निदेशक प्रो. मनिन्द्र अग्रवाल ने कहा, आज का दिन सी3आईहब के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है।

इन स्टार्ट-अप के लॉन्च के साथ, हमने साइबर सुरक्षा पर काम करने वाले 50 स्टार्टअप की संख्या को प्राप्त कर लिया है। यह वैश्विक साइबर सुरक्षा के सामने नवाचार करने और नेतृत्व करने के लिए हमारे पारिस्थितिकी तंत्र की जीवंत क्षमता का प्रतीक है।

## ग्रेवोलाइट की 56वीं राष्ट्रीय खो खो चैंपियनशिप के साथ साझेदारी

नयी दिल्ली। स्पोर्ट्स मैट निर्माता ग्रेवोलाइट इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम और करनैल सिंह स्टेडियम, दिल्ली में आयोजित हो रही 56वीं राष्ट्रीय खो खो चैंपियनशिप के लिए खो खो मैट का आधिकारिक आपूर्तिकर्ता बन गया है।

कंपनी ने आज यहां कहा कि इन अत्याधुनिक मैटों को भारतीय खो खो महासंघ द्वारा अनुमोदित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार फेडरेशन द्वारा अनुशंसित बुनियादी ढांचे की आवश्यकता और एथलीटों की सुरक्षा और भलाई को ध्यान में रखते हुए ग्रेवोलाइट खो खो मैट का उपयोग पूरे टूर्नामेंट में किया जाएगा।

ग्रेवोलाइट के निदेशक वैभव सोमानी ने कहा, हम 56वीं राष्ट्रीय खो खो चैंपियनशिप के आधिकारिक निर्माता और आपूर्तिकर्ता बनकर उत्साहित हैं। खो खो एक ऐसा खेल है जिसे अतीत में भारतीय खेल उद्योग में ज्यादा मान्यता नहीं मिली है, लेकिन ऐसे राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंटों से खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए स्वीकृति और प्रेरणा मिलती है। हम खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और कल्याण की सुरक्षा के लिए विश्व स्तरीय खो खो मैट का निर्माण कर रहे हैं। कभी-कभी, ज़मीनी मिट्टी पर ऐसे लड़ाकू खेल खेलने से एथलीटों को गंभीर चोटें या आजीवन विकलांगता हो सकती है। लेकिन, ग्रेवोलाइट खो खो मैट के साथ, एथलीटों को वांछित कुशन बेस और फर्श पैडिंग मिलती है जो उन्हें चोट लगने के बिना चालें चलाने में मदद करती है।

सोमानी ने कहा हम 56वीं राष्ट्रीय खो खो चैंपियनशिप की सफलता और एक खेल के रूप में खो खो की उन्नति में योगदान देकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि 56वीं खो खो चैंपियनशिप एक राष्ट्रीय स्तर का टूर्नामेंट है और उच्च गुणवत्ता वाले अंतरराष्ट्रीय मैट उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।

## 2024-25 में घटकर 2.1 फीसदी रह जाएगा बैंकों का कुल एनपीए

**मुंबई**। घरेलू बैंकों के सकल बुरे फंसे कर्ज (जीएनपीए) 2024-25 के अंत तक घटकर 2.1 फीसदी पर आ सकते हैं। 2023-24 में बैंकिंग प्रणाली का जीएनपीए 2.5-2.7 फीसदी रहने का अनुमान जताया गया है। घरेलू रेटिंग एजेंसी केयर रेटिंग्स ने शुक्रवार को कहा, 2015-16 की एक्यूआर प्रक्रिया के कारण जीएनपीए 2013-14 के 3.8 फीसदी से बढ़कर 2017-18 में 11.2 फीसदी पहुंच गया। इसने बैंकों को एनपीए की पहचान करने और गैर-जरूरी पुनर्गठन को कम करने के लिए प्रेरित किया। रिपोर्ट के मुताबिक,




जीएनपीए में 2018-19 से सुधार देखा जा रहा है। 2022-23 में यह सुधरकर एक दशक के निचले स्तर 3.9 फीसदी पर आ गया। 2023-24 की दिसंबर तिमाही में जीएनपीए तीन फीसदी था। एजेंसी ने कहा, वसूली और खराब कर्ज को बट्टे खाते में डालने से संपत्ति की गुणवत्ता सुधरी है।?

# सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा भारत का विदेशी मुद्रा भंडार

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर ताजा आंकड़े जारी किए गए हैं। इन आंकड़ों के अनुसार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार पांचवे सप्ताह शानदार बढ़ोतरी देखने को मिली है। 22 मार्च को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 642.631 बिलियन डॉलर पहुंच गया है। यह अब तक का सर्वोच्च स्तर है।

### आरबीआई रिपोर्ट की खास बातें

पांचवे सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा कोष में 140 मिलियन डॉलर की वृद्धि देखने को मिली है। यह जानकारी शुक्रवार को भारतीय



रिजर्व बैंक द्वारा दी गई। इससे पहले विदेशी मुद्रा भंडार का सर्वोच्च स्तर 2021 में देखा गया था। उस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 642.453 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया था।

आरबीआई का कहना है कि 22 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान सोने का भंडार 347 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़ा है। इस बढ़त के बाद भारत को गोल्ड रिजर्व 51.487 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंच गया है। आरबीआई को कहना है कि इस दौरान एसडीआर यानी विशेष आहरण अधिकार घटा है। भारत का एसडीआर 57 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 18.219 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंच गया है।

आरबीआई के आंकड़ों से पता चलता है कि समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ के साथ भारत की आरक्षित स्थिति भी 27 मिलियन अमेरिकी डॉलर कम होकर 4.662 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई।

आरबीआई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 22 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौन विदेशी मुद्रा संपत्ति 123 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 568.264 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई है।

# एक लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचेगा निर्यात

## नए बाजारों में पहुंच से 2030 तक बढ़ेगी भारतीय उत्पादों की मांग

नई दिल्ली। दुनियाभर में व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं के बावजूद भारत से निर्यात तेजी से नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। द्विपक्षीय करार, मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और अफ्रीका, लैटिन अमेरिका व मध्य एशिया जैसे नए बाजारों तक पहुंच से भारत से वस्तुओं एवं सेवाओं का निर्यात 2030 तक बढ़कर एक लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच सकता है।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इन नई पहलों के साथ भारत से कीमती धातुओं, खनिजों, वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग उत्पादों, फार्मास्यूटिकल्स, कार्बनिक रसायन, कपड़ा, मसालों और रक्षा उपकरणों के निर्यात में आश्चर्यजनक वृद्धि देखी गई है। इससे भारत से निर्यात फरवरी, 2024 में सालाना आधार पर 11.9 फीसदी बढ़कर 41.4 अरब डॉलर पहुंच गया। यह मार्च, 2023 के बाद सर्वाधिक निर्यात है।

इसके अलावा, भारत ने अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और मध्य एशिया जैसे नए बाजारों में अप्रैल-दिसंबर, 2023 अवधि के दौरान 23.4 करोड़ डॉलर की कारों, दोपहिया-तिपहिया वाहनों व कीमती धातुओं समेत अन्य उत्पादों का निर्यात किया।

फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा, मध्य से लंबी अवधि में भारतीय निर्यात को लेकर संभावनाएं काफी उत्साहजनक हैं। हम 2030 तक एक-एक लाख करोड़ डॉलर की वस्तुओं व सेवाओं दोनों के निर्यात लक्ष्य तक पहुंचने की दिशा में अग्रसर हैं।

हालांकि, 2024-25 की पहली तिमाही में उच्च महंगाई व विभिन्न देशों के बीच तनाव से निर्यात के मोर्चे पर भारत को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। सहाय ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि अमेरिकी फेड रिजर्व अपनी अगली समीक्षा में दरों में कटौती करना शुरू कर देगा।

इससे अन्य देश के केंद्रीय बैंक भी दरें घटाने को प्रेरित होंगे, जिससे मांग को बढ़ावा मिलेगा।



### लाल सागर संकट को भारत ने बनाया अवसर

फियो महानिदेशक ने कहा, हम बहुत ही कम अवधि में संयुक्त अरब अमीरात और ऑस्ट्रेलिया के साझेदार देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि देख रहे हैं। इन देशों में निर्यात में बहुत तेज वृद्धि हो रही है। मौजूदा लाल सागर संकट पर उन्होंने कहा, यह वैश्विक व्यापार के लिए एक नई चुनौती है। लेकिन, भारत ने चतुराई से इस विपरीत स्थिति को अवसर में बदल दिया है। केप ऑफ गुड होप के जरिये लंबे मार्गों को अपनाने से अफ्रीका-अमेरिका में नए बाजार खुल रहे हैं।

## सरकार ने 20 में से 13 मिनेरल ब्लॉक की नीलामी रद्द की

नई दिल्ली। महत्वपूर्ण खनिजों की पहली किश्त में बिक्री के लिए रखे गए 20 ब्लॉकों में से 13 की नीलामी सरकार ने रद्द कर दी है। खान मंत्रालय के मुताबिक निराशाजनक प्रतिक्रिया की वजह से यह फैसला लिया गया। खान मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा, 13 मार्च 2024 की अधिसूचना के जरिए 13 खनिज ब्लॉकों के लिए ई-नीलामी प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया था, जिसमें दो ब्लॉकों के लिए कोई बोली प्राप्त नहीं हुई थी और 11 ब्लॉकों के लिए तीन से कम तकनीकी रूप से योग्य बोलीदाता (टीक्यूबी) थे। प्रस्ताव पर रखे गए 20 ब्लॉकों में से 18 ब्लॉकों के लिए 56 भौतिक और 56 ऑनलाइन नीलामियां लगीं। रद्द किए गए 11 ब्लॉकों में से सात खदानों को तीसरे दौर के तहत नीलामी के लिए अधिसूचित किया गया है। छह ब्लॉकों की दूसरे दौर की नीलामी तय कार्यक्रम के अनुसार पूरी हो गई है। बयान के अनुसार, गुजरात में कुंडोल, निकल और क्रोमियम ब्लॉक पर निर्णय नामित अधिकारी द्वारा उचित समय पर लिया जाएगा। इस महीने की शुरुआत में, सरकार ने महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की नीलामी की तीसरी किश्त शुरू की। केंद्र ने अब तक 38 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की नीलामी शुरू की है।

# आईपीओ से 70,000 करोड़ जुटा सकती हैं कंपनियां

## 2024-25 में शेयर बाजारों में तेज उछाल का मिलेगा फायदा




नई दिल्ली। कंपनियां 2024-25 में प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से 70,000 करोड़ रुपये जुटा सकती हैं।?2023-24 में कंपनियों ने आईपीओ से 62,000 करोड़ रुपये जुटाए थे। शेयर बाजार की तेजी अगले वित्त वर्ष में भी जारी रहने की उम्मीद है। इसलिए, इसका फायदा इश्यू लाने वाली कंपनियां उठा सकती हैं। विदेशी निवेशक भी बाजार में अच्छी खासी रकम निवेश कर सकते हैं। आंकड़ों के अनुसार, 19 कंपनियां मिलकर 25,000 करोड़ रुपये जुटा सकती हैं। इन सबको पूंजी बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल चुकी है। 37 कंपनियां इश्यू से 45,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही हैं। इन्होने सेबी के पास मसौदा जमा कराया है। सभी कंपनियां सेबी से मंजूरी का इंतजार कर रही हैं।

कुल 56 कंपनियों में से नौ कंपनियां नए जमाने की टेक सेक्टर की हैं। ये करीब 21,000 करोड़ रुपये आईपीओ के जरिये जुटा सकती हैं। अगले वित्त वर्ष में आईपीओ की रफ्तार तेज रहने की उम्मीद है। बड़ी कंपनियां भी बाजार में उतरने वाली हैं। इसमें टाटा कैपिटल से लेकर बिग बॉस्केट तक शामिल हैं।

### इसलिए आएगी तेजी

आईपीओ को जिस वजह से तेजी मिलेगी, उनमें घरेलू पूंजी में वृद्धि, बेहतर गवर्नेंस, एफडीआई समर्थन के साथ अनुकूल सरकारी नीतियां और संस्थागत निवेशक शामिल हैं। विशेषज्ञों की मानें तो आम चुनाव के बावजूद अप्रैल व मई में कुछ आईपीओ लॉन्च होते दिखेंगे।

### टाटा इलेक्ट्रिक भी दौड़ में

टाटा समूह अपनी इलेक्ट्रिक कंपनी को बाजार में लिस्ट कराने की योजना बना रहा है। हालांकि, अभी तक रकम का खुलासा नहीं हुआ है। स्विगी भी बाजार में उतरने वाली है।

## शार्ट न्यूज

### मेरा फैसला बदलने वाला नही : ज़ावी

मैड्रिड। एफसी बार्सिलोना के कोच ज़ावी हर्नांडेज़ ने कहा है कि क्लब में सीजन के अंत तक अपनी भूमिका से हटने के पहले लिए गए फैसले पर उनका मन बदलने का कोई इरादा नहीं है। ज़ावी ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह जनवरी के अंत में विलारियल से 5-3 की हार के बाद जून के अंत में बार्सा में अपना पद छोड़ देंगे। इस हार के कारण क्लब को शीर्ष चार में जगह सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष करना पड़ा था। ऐसा लगता है कि यह ऐलान सुधार के लिए उत्प्रेरक रही है, तब से बार्सिलोना ने अपने आठ मैचों में से छह में जीत हासिल की है और अन्य दो में ड्रा खेला है, साथ ही सीजन के अपने कुछ सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल के साथ चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया है। बार्सा के अध्यक्ष जोन लापोर्टा ने एक सप्ताह पहले एल मुंडो डेपोर्टिवो के साथ एक साक्षात्कार में टिप्पणी की थी कि वह चाहेंगे कि ज़ावी अपने फैसले पर पुनर्विचार करें और अगले सीज़न के लिए बने रहें। लेकिन जब लास पालमास में घरेलू मैदान पर शनिवार के खेल से पहले शुक्रवार की प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनकी योजनाओं के बारे में पूछा गया, तो ज़ावी ने कहा कि वह अपना मन नहीं बदल रहे हैं। उन्होने कहा मैं और मेरा प्रशिक्षण स्टाफ दोनों राष्ट्रपति के शब्दों के लिए बहुत आभारी हैं और लापोर्टे और (खेल निदेशक) डेको के साथ संबंधों में बहुत विश्वास है और हम दोस्त भी हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि कुछ भी बदलेगा।

### इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप का उद्घाटन

झुंझुनू। राजस्थान के झुंझुनू में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट (पुरुष) चैंपियनशिप का उद्घाटन शनिवार को विशिष्ट सेवा मेडल से अलंकृत लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सत्यपाल सिंह कटेवा ने किया। कटेवा ने इस अवसर पर कहा कि दुश्मनों से देश की सीमा की मुस्तैदी से सुरक्षा में अपने योगदान के लिये देश में धाक जमा चुका शेखावटी इलाके में अब सेनाओं के लिये अधिकारी तैयार होंगे। कटेवा ने इसके लिये जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनू के साथ मिलकर एक स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करने की घोषणा की। इस सेंटर के माध्यम से युवाओं को थल सेना, जल सेना और वायु सेना में अधिकारी के तौर पर तैयार करने के लिये संस्थागत सुविधाओं से लेकर अनुकूल पाठ्यक्रम व अनुभवी प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जायेगी। कटेवा ने कहा कि शेखावटी इलाका देश ही नहीं, बल्कि दुनिया में सेना में बडी संख्या में जवान के तौर पर जाने वाले युवाओं और उनके कौशल के लिये जाना जाता है। उन्होंने कहा कि अब शेखावटी इलाके के लाखों युवाओं को सेना में जवान ही नहीं, बल्कि अधिकारी के तौर पर शामिल होने के लिये जिस स्तर के प्रशिक्षण की जरूरत होगी, उसके लिये अगले शैक्षणिक सत्र से जेजेटी युनिवर्सिटी में स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित किया जाएगा। युनिवर्सिटी प्रशासन के साथ मिलकर बेहतरीन फैकल्टी, पाठ्यक्रम और संसाधन के तौर युवाओं को एनडीए व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के हिसाब से तैयारी करवाई जाएगी।

### खिलाड़ियों से मारपीट मामले में हुई बड़ी कार्रवाई, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। महिला खिलाड़ियों से मारपीट मामले में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को गोवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस बात की जानकारी पीटीआई की एक रिपोर्ट में दी गई। शनिवार को खेल मंत्रालय ने सख्ती दिखाते हुए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। इस बात की जानकारी खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने दी। दरअसल, दो महिला खिलाड़ियों ने गोवा में जारी भारतीय महिला लीग के दौरान एआईएफएफ के एक सदस्य पर नशे की हालत में शारीरिक उत्पीड़न और हिंसा का आरोप लगाया। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने इस मामले में सख्ती दिखाते हुए एआईएफएफ को कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, गोवा में चल रही भारतीय महिला लीग के दौरान महिला फुटबॉलरों पर उनके कोच द्वारा कथित शारीरिक हमले को गंभीरता से लिया है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ को इस पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश स्थित क्लब खाद एफसी से संबंधित दो खिलाड़ियों ने गोवा में जारी भारतीय महिला लीग के दौरान एक होटल के कमरे में एआईएफएफ कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा के खिलाफ शारीरिक उत्पीड़न की शिकायत की है।

### महिला विरोधी टिप्पणी करने पर भड़कीं साइना

नई दिल्ली। भारत की पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल दावणगेरे सीट से भाजपा की उम्मीदवार गायत्री सिद्धेश्वरी पर की गई महिला विरोधी टिप्पणी पर भड़क उठीं। साइना ने कर्नाटक के वरिष्ठ कांग्रेस नेता शमनूर शिवशंकरप्पा की आलोचना की जिन्होंने गायत्री पर हाल ही में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। दावणगेरे दक्षिण से मौजूदा कांग्रेस विधायक 92 वर्षीय शिवशंकरप्पा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और मौजूदा सांसद सिद्धेश्वरा जीएम की पत्नी गायत्री पर महिला विरोधी टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि गायत्री केवल रसोई में खाना बनाना जानती हैं। पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी और भाजपा नेता साइना शिवशंकरप्पा के बयान से भड़क उठीं और उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर पोस्ट डाल उनकी कड़ी आलोचना की। साइना ने लिखा, कर्नाटक के एक वरिष्ठ नेता शिवशंकरप्पा का कहना है कि महिलाओं को सिर्फ रसोई में काम करने तक सीमित रहना चाहिए। दावणगेरे से भाजपा उम्मीदवार गायत्री सिद्धेश्वरा पर की गई लैंगिक टिप्पणी की कम से कम ऐसी पार्टी से उम्मीद नहीं की जा सकती जिनका नारा है लड़की हूं, लड़ सकती हूं। उन्होंने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ने की आशा रखती हैं, ऐसे में महिलाओं के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी हैरान करने वाली है। 2012 लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली नेहवाल ने कहा, जब मैंने देश के लिए पदक जीते तो कांग्रेस पार्टी मुझसे क्या चाहती थी।

### अब आर-पार के मूड में आया डब्ल्यूएफआई



नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। डब्ल्यूएफआई ने शुक्रवार को विशेष आम बैठक (एजीएम) बुलाई और उसमें यह फैसला लिया कि अगर केंद्रीय खेल मंत्रालय उस पर लगाए निलंबन पर विचार नहीं करता है तो वह सरकारी खर्च के बिना काम करना शुरू कर देगा। खेल मंत्रालय ने संजय सिंह की अगुआई वाली नई डब्ल्यूएफआई की कार्यकारी समिति पर खेल संहिता के उल्लंघन के आरोप के चलते निलंबन लगाया हुआ है। खेल की वैश्विक संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने संजय सिंह की अगुआई वाली डब्ल्यूएफआई से निलंबन हटा दिया था। इसके बाद भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारत में कुश्ती का दैनिक कार्य देख रही भूपेंद्र सिंह बाजवा के नेतृत्व वाले तदर्थ समिति को भंग करने का निर्णय लिया था। आईओए द्वारा उठाए गए इस कदम के बाद ही डब्ल्यूएफआई ने अपनी एजीएम आयोजित की थी। डब्ल्यूएफआई की नई कार्यकारी समिति के अध्यक्ष संजय सिंह को भले ही यूडब्ल्यूडब्ल्यू और आईओए से राहत मिल गई है, लेकिन केंद्र सरकार से उन्हें अबतक राहत नहीं मिली है।

# बाबर के कप्तान के तौर पर वापसी से बढ़ सकती हैं पाकिस्तान की मुश्किलें

एजेंसी



लाहौर। पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम राष्ट्रीय टीम में कप्तान के तौर पर वापसी के लिये पूरी तरह तैयार हैं मगर उनकी पुनर्नियुक्ति से टीम के ड्रेसिंग रूम में कलह के आसार हैं।

पिछले साल एशिया कप और 50 ओवर के विश्व कप में पाकिस्तान के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद बाबर के पद से हटने के बाद से शाहीन शाह अफरीदी को टी20 और शान मसूद ने टीम के टेस्ट कप्तान की कमान दी गयी थी।

अधिकृत सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने बाबर को बाबर को तीनों प्रारूपों की कप्तानी की पेशकश की है।

बाबर की वापसी का मतलब होगा कि शान और शाहीन का टेस्ट और टी20 में कप्तानी का कार्यकाल केवल एक श्रृंखला तक ही सीमित रहेगा।

क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे हालात में पीसीबी की अज्ञानता से पाकिस्तान ड्रेसिंग रूम की स्थिरता पर असर पड़ सकता है।

सूत्रों के अनुसार शाहीन को विश्वास में लिए बिना बाबर को नियुक्त करने का निर्णय राष्ट्रीय टीम की एकजुटता को प्रभावित कर सकता है क्योंकि टीम में शाहीन का समर्थन करने वाले खिलाडियों की भी कोई कमी नहीं है।

पाकिस्तान के कप्तान के तौर में बाबर की आलोचना हरफनमौला इमाद वसीम और तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने खुले तौर पर की थी।

हालाँकि दोनो ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था मगर पीसीबी अध्यक्ष ने दोनो को मना लिया था और समझा जाता है कि दोनों टी 20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की टीम में होंगे, जो कि जून में अमेरिका और वेस्ट इंडीज में होने वाला है।

सूत्रों ने कहा, हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास वापस लेने के बाद राष्ट्रीय टीम में तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर और ऑलराउंडर इमाद वसीम के चयन से बाबर आजम खुश नहीं होंगे।

पाकिस्तान के कप्तान के रूप में आने के बाद बाबर चयन समिति का भी हिस्सा बन जाएंगे, जिसमें डेटा विश्लेषक बिलाल अफ़ज़ल के साथ असद शफीक, वहाब रियाज़, मोहम्मद यूसुफ और अब्दुल रज्जाक जैसे चार पूर्व टेस्ट खिलाड़ी शामिल हैं। सात सदस्यीय समिति में रिक्त स्थान पाकिस्तान के मुख्य कोच का है, जिसके लिए पीसीबी कर्मियों की तलाश कर रहा है। पीसीबी टेस्ट और सफेद गेंद प्रारूपों के लिए अलग-अलग कोचों की तलाश कर रहा है और इस दौड़ में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी सबसे आगे हैं।

## अन्ना यूनिवर्सिटी चेन्नई ने जलगांव यूनिवर्सिटी को आठ विकेट से हराया

झुंझुनू। श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप के पहले मुकाबले में अन्ना यूनिवर्सिटी चेन्नई ने राहुल अय्यपन के शानदार शतक की बदौलत कवयित्री बहिणाबाई उत्तर महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी जलगांव को आठ विकेट से हरा दिया। शनिवार को श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी कैम्पस में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट (पुरुष) चैंपियनशिप का उद्घाटन परम विशिष्ट सेवा मेडल से अलंकृत लेफ्टिनेंट जनरल एसपीएस कटेवा ने यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन डॉ विनोद टिबड़ेवाला और यूनिवर्सिटी प्रेजीडेंट डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल की मौजूदगी में किया। चैंपियनशिप का पहला मुकाबला अन्ना यूनिवर्सिटी चेन्नई और कवयित्री बहिणाबाई उत्तर महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी जलगांव के बीच हुआ। टॉस जीतकर जलगांव यूनिवर्सिटी ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 145 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज सम्यक जगपाल के 21 रन और तुषार के 20 रन की बदौलत जलगांव युनिवर्सिटी ने 5.1 ओवर में 41 रन बनाए। लेकिन इसके बाद अन्ना युनिवर्सिटी के गेंदबाजों ने वापसी करते हुये नियमित अंतराल पर विकेट झटके। प्रशांत डोले के 24 गेंद पर 32 रन, नीरज जोशी के 17 रन, प्रद्युम्न के 19 रन की बदौलत विरोधी टीम को 146 रन का लक्ष्य दिया। अन्ना युनिवर्सिटी की तरफ से सुजीत ने 4 ओवर में 36 रन पर तीन विकेट, दीनदयाल ने 17 रन देकर दो विकेट और गणेश ने 25 रन देकर 2 विकेट चटकाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अन्ना युनिवर्सिटी की शुरूवात खराब रही। पहले सलामी बल्लेबाज सूर्या को पांच रन के निजी स्कोर पर जैसल ने सौरभ के हाथों कैच आउट करवाया। उनके बाद मैदान पर उतरे राहुल श्रवण भी सात रन के निजी स्कोर पर बोल्ड हो गए। सलामी बल्लेबाज राहुल अय्यपन ने मोर्चा सम्भालते हुए 16 चौके और दो छक्के की मदद से चैंपियनशिप का पहला शतक ठोकते हुए 66 गेंद पर 105 रन बनाये और टीम को 18 ओवर में ही अन्ना युनिवर्सिटी को 8 विकेट से जीत दिला दी।

## डेविड विली के स्थान पर एलएसजी में मैट हेनरी



लखनऊ। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के लिए लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के साथ अनुबंध किया है। आईपीएल सूत्रों ने शनिवार को बताया कि हेनरी इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी डेविड विली के प्रतिस्थापन के रूप में आए हैं, जो निजी कारणों से टूर्नामेंट से हट गए हैं। हेनरी 1.25 करोड़ रुपये के अपने आधार मूल्य पर शामिल हुए हैं। हेनरी ने अब तक 25 टेस्ट, 82 एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (वनडे) और 17 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया है। इससे पहले वह टाटा आईपीएल में पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा रह चुके हैं। उन्होने 2017 में पंजाब किंग्स के लिए अब तक दो टाटा आईपीएल मैचों में भाग लिया है।

## रविवार को होगा हॉकी की प्रतिभाओं का सम्मान

नई दिल्ली। हॉकी की दिग्गज हस्तियों की मौजूदगी में रविवार को यहां भारतीय हॉकी के प्रतिभावान खिलाड़ियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिये हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा।

HOCKEY INDIA

इस वर्ष के पुरस्कार समारोह में कुल पुरस्कार राशि सात करोड़ 56 लाख रुपये रखी गयी है। आठ श्रेणियों में दिये जाने वाले इन पुरस्कारों के लिये 32 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इन खिलाड़ियों की 2023 कैलेंडर वर्ष में भारतीय हॉकी में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सराहना की जाएगी।

पुरस्कार समारोह में ओलंपियन रघबीर लाल, ए.एस. बख्शी, हरबिंदर सिंह, अशोक दीवान, जफर इकबाल, अजीत पाल सिंह, रोमियो जेम्स, जगबीर सिंह, एम.पी. सिंह, और विनीत कुमार जैसी दिग्गज हस्तियां शामिल होंगी वहीं हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ दिलीप टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन की मौजूदगी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

भारतीय फारवर्ड अभिषेक को इन पुरस्कारों के लिये दो श्रेणियों में हॉकी इंडिया धनराज पिल्ले पुरस्कार फॉरवर्ड ऑफ द ईयर 2023 (पुरुष) और हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवार्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 (पुरुष) में नामांकित किया गया है।

अभिषेक ने कहा, इस साल दो श्रेणियों में नामांकित होना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मैं हॉकी इंडिया के सहयोगी स्टाफ, हमारे कोचों और मेरे साथियों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने लगातार मेरा समर्थन किया और हमेशा सलाह दी। उनके निरंतर समर्थन के कारण, मुझमें आत्मविश्वास आया और मैं स्वतंत्र रूप से प्रदर्शन करने में सक्षम हुआ।

एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला में छह खेलों में तीन गोल करने वाले अभिषेक ने हांग्जो एशियाई खेलों में अपना फॉर्म जारी रखा, जहां उन्होंने सात मैचो में नौ गोल किए, जिससे उनकी टीम को स्वर्ण पदक जीतने में मदद मिली। पिछले महीने राउरकेला में एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग 2023/24 में स्पेन पर भारत की रोमांचक 2 - 2 (8 - 7 एसओ) की जीत के बाद उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया था। अभिषेक ने कहा, यह मेरे लिए एक अच्छा साल था। हर बार जब मैं भारतीय जर्सी पहनकर मैदान पर उतरता हूं, तो मेरा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना होता है कि मैं अपनी टीम को वांछित परिणाम दिलाने में मदद करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूं।

# नीदरलैंड के नाइटक्लब में शख्स ने लोगों को बंधक बनाया

## कुछ घंटों बाद छोड़ा, फिर सरेंडर किया; संदिग्ध के पास हथियार मिले



नीदरलैंड के एक नाइट क्लब में एक शख्स ने क्लब में मौजूद कई लोगों को बंधक बना लिया। कई घंटों बाद संदिग्ध ने बंधकों को आजाद किया और पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। कितने लोगों को हॉस्टेट बनाया गया और यह हॉस्टेट क्राइसिस कितने घंटे चला, इसकी जानकारी फिलहाल नहीं दी गई है। कतर के मीडिया हाउस अल जजीरा के मुताबिक, घटना एडे शहर के पेटीकोट नाइट क्लब में हुई। यह शहर नीदरलैंड की राजधानी एम्स्टरडैम से 85 किलोमीटर दूर है। पुलिस को खबर मिली थी कि एक शख्स ने नाइट क्लब में मौजूद लोगों को बंधक बना लिया है। उसके पास चाकू और अन्य हथियार हैं। इसके बाद पुलिस ने एक्शन लिया और क्लब को घेर लिया।

### पुलिस ने कहा- यह आतंकी घटना नहीं

पुलिस ने बताया कि यह कोई आतंकी घटना नहीं है। जांच टीम को आतंकवादी मकसद का कोई संकेत नहीं मिला है। संदिग्ध डच नागरिक है। उसके पास से हथियार-विस्फोट मिले हैं। फिलहाल वो हमारी कस्टडी में है। हम पूछताछ कर रहे हैं। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### संदिग्ध ने सरेंडर किया था

हॉस्टेज क्राइसिस शुरू होने के कुछ घंटों बाद तीन बंधकों को आजाद किया गया। तीनों लोगों को सुरक्षित क्लब के बाहर आते दिखा गया। इसके बाद एक और बंधक बाहर आया। फिर संदिग्ध बाहर निकाला। पुलिस की चेतावनी से पहले ही उसने सरेंडर कर दिया।

### पुलिस ने 150 घर खाली करवाए

पुलिस ने एहतियाती तौर पर नाइट क्लब के पास बने 150 घरों को खाली करवा दिया था। क्लब के आस-पास भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया था। पुलिस ने लोगों से सुरक्षित जगहों पर जाने की अपील की थी।

लोकल मीडिया के मुताबिक, घटनास्थल पर रिमोट-कंट्रोल रोबोट, एंटी-एक्सप्लोसिव यूनिट और प्रोटेक्टिव गियर पहने पुलिस कर्मी को देखा गया। एडे शहर से आने-जाने वाली लोकल ट्रेनों को भी कैंसिल कर दिया गया।

## पोप फ्रांसिस ने 12 महिला कैदियों के पैर धोए-चूमे

### व्हीलचेयर पर बैठकर ईस्टर से पहले की रस्मअदायगी; सांस की बीमारी से परेशान थे, अब स्वस्थ



कैथोलिक ईसाइयों के सर्वोच्च धर्मगुरु पोप फ्रांसिस ने ईस्टर से पहले रोम की जेल में बंद 12 महिला कैदियों के पैर धोए और चूमे। पोप ने व्हीलचेयर पर बैठे-बैठे इस रस्म को पूरा किया।

दरअसल, 31 मार्च को ईस्टर है। इससे पहले पवित्र बृहस्पतिवार के दिन लोगों के पैर धोकर और उन्हें चूमकर पोप फ्रांसिस या इस पद पर बैठा कैथलिक धर्मगुरु ये जताते हैं कि वो अपने समुदाय के लोगों की सेवा करने के लिए समर्पित हैं।

पोप ने भी इस परंपरा को निभाया। रस्म रेबिबिया जेल में निभाई गई। महिलाएं एक ऊंचे मंच पर स्टूल पर बैठी थीं, ताकि पोप व्हीलचेयर से आसानी से रस्म को पूरा कर सकें। जब फ्रांसिस ने महिलाओं के पैर धोए तो वे रो पड़ीं। पोप ने उनके पैर पर धीरे से पानी डाला और फिर एक छोटे तौलिये से पोछा फिर चूमकर रस्म को पूरा किया।

### जिजस के समय से यह परंपरा चली आ रही

जिजस को सूली (क्रॉस) पर चढ़ाए जाने से पहले आखिरी बार जब उन्होंने अपने ईसाई समर्थकों के साथ खाना खाया तो जिजस ने उनके पैर धोए थे। पोप इसी परंपरा को निभाया निभा रहे हैं। 2013 में जब पोप जब कैथलिक धर्मगुरू बने वो तब से इस रिवाज को निभाते आ रहे हैं। उन्होंने इसमें दूसरे समुदाय और धर्म के लोगों और महिलाओं को शामिल किया।

## अमेरिकी नौसेना ने बोइंग के साथ 65.70 करोड़ डॉलर का किया समझौता

वाशिंगटन। अमेरिका की नौसेना ने दो और बोइंग एमक्यू-25 स्टिंग्रे हवाई ईंधन भरने वाले ड्रोन या फिर मानव रहित वाहन बनाने के लिए बोइंग के साथ 65.70 करोड़ डॉलर से अधिक का समझौता किया है। रक्षा विभाग ने शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में कहा, सेंट लुइस, मिसौरी की बोइंग कंपनी को दो अतिरिक्त एमक्यू-25 सिस्टम डिमॉन्स्ट्रेशन टेस्ट आर्टिकल विमानों के उत्पादन और वितरण के लिये 65,70,90,000 डॉलर का समझौता किया है। समझौते में नौसेना के लिये टूलिंग और संचार प्रणाली में बदलाव भी शामिल होंगे। रक्षा विभाग ने बताया कि समझौते पर अधिकतर काम अमेरिका के मिसौरी प्रांत के सेंट लुइस शहर में और बाकी अमेरिका और कनाडा के अन्य स्थानों पर किया जाएगा।


## अमेरिका में एरिक्सन बनीं विज्ञान, प्रौद्योगिकी की प्रथम सहायक सचिव

वाशिंगटन। अमेरिका में केरक्षा विभाग ने नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) की पूर्व अधिकारी एप्रिल एरिक्सन को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के लिए पहले सहायक सचिव के रूप में शपथ दिलायी। शुक्रवार को बयान में कहा गया, डॉ. अप्रिल एरिक्सन ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के लिए रक्षा के पहले सहायक सचिव बनने के लिए पद की शपथ ली। अनुसंधान और इंजीनियरिंग के अवर रक्षा सचिव हेदी शू ने आज पेंटागन में शपथ दिलाई। बयान में कहा गया है कि सुश्री एरिक्सन ने रक्षा विभाग में अपनी भूमिका से पहले तीन दशकों से अधिक समय तक नासा में काम किया है। बयान में कहा गया है कि सुश्री एरिक्सन नासा के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर से इंजीनियरिंग में पीएचडी हासिल करने वाली पहली अफ्रीकी-अमेरिकी महिला थीं। उल्लेखनीय है कि जुलाई में, अमेरिका के रक्षा विभाग ने महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, मिशन क्षमताओं एवं विज्ञान और प्रौद्योगिकी को कवर करने के लिए तीन सहायक सचिव पदों की स्थापना की थी।

## जापान में कोलेस्ट्रॉल की दवा के सेवन से मरने वालों की संख्या पांच हुयी

टोक्यो। जापान में शुक्रवार को कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने वाली बेनी-कोजी दवा का सेवन करने से मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गयी। जापान की दवा निर्माता कंपनी कोबायाशी फार्मास्युटिकल ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने अपने बेनी-कोजी कोलेस्टे हेल्प सप्लीमेंट सहित कई उत्पादों को वापस मंगाना शुरू कर दिया है। इस दवा का लोग कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने के लिये सेवन करते हैं। कंपनी के कहा था, हमने सूचना मिलने के बाद तीन संपलीमेंट दवाइयां बेनी कोजी कोलेस्टे हेल्प और दो अन्य को बाजार से वापस ले लिया है। इन दवाइयों की जांच की जा रही है। इन दवाओं में बेनी-कोजी (रेड यीस्ट चावल) नामक घटक डाला जाता है, जिसकों हाई कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए स्टैटिन के विकल्प के तौर पर देखा जाता है। लेकिन जानकार इसमें कैमिकल मिले होने से ऑर्गन डेमेज के डर की चेतावनी भी देते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, बेनी-कोजी दवा लेने से स्वास्थ्य संबंधी समस्या उत्पन्न हो जाती है और विशेष रूप से इसका असर गुर्दे पर पड़ता है।

## रूस का नाटो सदस्य देश पर हमला करने की कोई योजना के संकेत नहीं: रॉब बाउर



मास्को। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) सैन्य समिति के अध्यक्ष एडमिरल रॉब बाउर ने कहा कि रूस का नाटो सदस्य देश पर हमला करने की योजना को लेकर अभी कोई संकेत नहीं मिल रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को कहा है कि रूस की नाटो के साथ युद्ध करने की कोई योजना नहीं है और इस तरह के विचार को खारिज किया। उन्होंने यह कहा कि अमेरिकी रक्षा बजट 2022 में रूस की तुलना में 10 गुना अधिक था। द बाल्टिक टाइम्स अखबार ने शुक्रवार को श्री बाउर के हवाले से कहा, इस बात का कोई संकेत नहीं है कि रूस नाटो के किसी भी सदस्य देश पर हमला करने की योजना बना रहा है। मुझे नहीं लगता कि रूस से कोई सीधा खतरा है। उन्होंने फिर से याद दिलाते हुये कहा कि नाटो की स्थापना संधि में सामूहिक रक्षा शामिल है। इसे केवल एक या अधिक गठबंधन सदस्य देशों के खिलाफ सीधे हमले के मामले में लागू किया जा सकता है। बाउर ने दावा किया कि रूस की महत्वाकांक्षाएं 'यूक्रेन से परे हैं,' इसलिए नाटो को 'समग्र रूप से अधिक तैयार होने की आवश्यकता है।' उल्लेखनीय है कि रूस ने फरवरी 2022 में यूक्रेन में अपना विशेष सैन्य अभियान शुरू किया। पुतिन ने कई मौकों पर कहा है कि रूस नाटो देशों पर हमला नहीं करने जा रहा है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11, ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

नई दिल्ली
रविवार 31 मार्च 2024
Www.gauravshalibharat.com

# हरियाणवी युवाओं को हरियाणा छोड़ने के लिए मजबूर कर रही है बीजेपी सरकार : दीपेंद्र हुड्डा

## बीजेपी सरकार को हरियाणा छोड़ने के लिए मजबूर कर देंगे हरियाणवी युवा : दीपेंद्र हुड्डा

**ललित गोठवाल**

झज्जर। राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि बीजेपी सरकार हरियाणवी युवाओं को हरियाणा छोड़ने के लिए मजबूर कर रही है। लेकिन इसबार युवा इस बीजेपी सरकार को हरियाणा छोड़ने के लिए मजबूर कर देंगे। दीपेंद्र हुड्डा 'इंडिया एंप्लायमेंट रिपोर्ट 2024' पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। इस रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि बेरोजगारी के चलते हरियाणा से भयंकर स्तर पर पलायन हो रहा है। हरियाणा के 55त्न पढ़े-लिखे युवा रोजगार की तलाश में प्रदेश छोड़कर पलायन कर चुके हैं। युवा रोजी-रोटी की तलाश में दूसरे प्रदेशों व विदेश में जा रहे हैं।

दीपेंद्र हुड्डा आज झज्जर में 'घर-घर कांग्रेस' अभियान के तहत झज्जर-बेरी गेट इलाके में पहुंचे। उन्होंने घरों और दुकानों में जाकर लोगों से बात की व उनकी समस्याओं के बारे में जाना।

इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में सांसद दीपेंद्र ने बेरोजगारी की विस्फोटक स्थिति पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सर्वाधिक बेरोजगारी, कौशल निगम और अग्निवीर जैसी योजनाओं ने युवाओं को पलायन के लिए मजबूर किया है। रक्षा मंत्री कहते हैं कि जरूरत पड़ने पर अग्निवीर योजना पर पुनर्विचार किया जा सकता है। सवाल है कि आखिर सरकार को ये जरूरत कब महसूस होगी? क्योंकि अग्निवीर योजना के सबसे ज्यादा दुष्परिणाम हरियाणा झेल रहा है। जो युवा फौजी बनकर अपने देश के बॉर्डर की रक्षा करना चाहते थे, आज वो डोंकी के रास्ते दूसरे देश के बॉर्डर क्रॉस करने को मजबूर हैं। जो युवा अपने देश के लिए जान देने को तैयार थे, आज वहीं युवा अपना देश छोड़ने के लिए जान देने को तैयार है। अपने बच्चों के भविष्य को इस सरकार के चंगूल से छुड़वाने के लिए अभिभावक अपनी जमीन व घर बेचकर भी युवाओं को बाहर भेजना चाहते हैं।



दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस द्वारा बार-बार सड़कों पर उतरकर बेरोजगारों की आवाज उठाई गई। उन्होंने खुद सोनीपत, करनाल और पंचकूला समेत प्रदेश भर में बेरोजगार युवाओं के समर्थन में धरने प्रदर्शन किए। पार्टी द्वारा विधानसभा से लेकर संसद तक में बढ़ती बेरोजगारी का मुद्दा उठाया गया। खुद केंद्र सरकार ने संसद में माना कि हरियाणा में आज सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। मानव विकास संस्थान यानी आईएचडी के साथ मिल कर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन यानी आइएलओ द्वारा जारी रिपोर्ट भी इसकी तस्दीक करती है।

सांसद दीपेंद्र ने कहा कि प्रदेश के सरकारी विभागों में आज 2 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हैं। लेकिन सरकार प्रत्येक भर्ती में इस कद्र धांधलियां करती है कि वो कोर्ट में जाकर लटक जाती है। पर्ची-खर्ची की बात करने वाली सरकार खर्चा लेकर पेपर लीक करवाती है। जानबूझकर भर्तियों को लटकाया जाता है और कौशल निगम के चोर दरवाजे से बिना मेरिट, बिना योग्यता व बिना आरक्षण के पदों को भर लिया जाता है। कौशल निगम में पढ़े-लिखे युवाओं से दिहाड़ी-मजदूरी के रेट पर काम लिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि 2014 तक हरियाणा देश में सबसे ज्यादा रोजगार सृजन करने वाला राज्य था। अन्य राज्यों के युवा भी यहां अपना करियर बनाने के लिए आते थे। लेकिन मौजूदा सरकार ने हरियाणा के जॉब सेक्टर को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। बढ़ते अपराध, नकारा जन प्रतिनिधियों और बेलगाम अफसरशाही के चलते प्रदेश में नया निवेश आना बंद हो गया। कोई नया उद्योग स्थापित होने की बजाए, कांग्रेस कार्यकाल के द्वारा दौरान स्थापित हुए उद्योग भी यहां से पलायन करने लगे। इसकी वजह से प्राइवेट सेक्टर में रोजगार उत्पन्न नहीं हो पा रहे हैं।


सरकारी निवेश की भी लगातार हरियाणा के हाथों से छिनता जा रहा है। कांग्रेस कार्यकाल में मंजूर हुआ महम का हवाई अड्डा और सोनीपत रेल कोच फैक्टरी दूसरे राज्य में चले गए। हजारों युवाओं से रोजगार के अवसर छिन गए और प्रदेश सरकार मूकदर्शक बनी रही। आज बेरोजगारी से हताश युवा बड़ी तादाद में पलायन कर रहे हैं और कई युवा नशे व अपराध के चंगुल में फंस रहे हैं। लेकिन बीजेपी कुंभकरणी नींद सोई हुई है।

दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर सबसे पहले बेरोजगारी पर नकेल कसी जाएगी।

नौकरियों को बेचने व पेपर लीक का रैकेट चलाने वाले भर्ती माफिया को खत्म करके योग्यता के अनुसार, समयबद्ध तरीके से युवाओं को 2 लाख पक्की नौकरियां दी जाएंगी। एकबार फिर प्रदेश को अपराध मुक्त करके निवेश का माहौल बनाया जाएगा और प्राइवेट सेक्टर को फिर से रोजगार सृजन के लिए तैयार किया जाएगा।

# शार्ट न्यूज

## पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पी.वी नरसिम्हा राव, चौधरी चरणसिंह, जन-नायक कर्पूरी ठाकुर और कृषि वैज्ञानिक एम. एस स्वामीनाथन को मरणोपरांत भारत रत्न से अलंकृत करने पर खुशी जताई



पश्चिमी दिल्ली से लोकसभा क्षेत्र से रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के सांसद प्रत्याशी रहे शिक्षाविद् माननीया राष्ट्रपति दयानंद वत्स भारतीय ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित भव्य अलंकरण समारोह में मानवीया राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पी.वी नरसिम्हा राव, चौधरी चरणसिंह, जन-नायक कर्पूरी ठाकुर और कृषि वैज्ञानिक एम. एस स्वामीनाथन को मरणोपरांत भारत रत्न से अलंकृत करने पर खुशी जताते हुए कहा कि इन चारों ही महान विभूतियों ने भारत की गौरवशाली परंपरा को मान्यता के हित में आगे बढ़ाया है। इनका सम्मान भारत के 140 करोड भारतवासियों का सम्मान है। भारत रत्न से नवाजे जाने वाले इन चारों ही भारत के बेटों ने भाश्रत के नवनिर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाई है।

## बंदूकों, गोलियों और रंग-बिरंगी चोलियों के साथ अदा शर्मा ने दिखाई अदाएं



मुंबई (अनिल बेदाग)। इस बार होली अदा शर्मा के लिए काफी अच्छी रही। पेशेवर रूप से भी उसे इस मौके पर अच्छे परिणाम मिले। उनकी रिलीज़ केरल स्टोरी ने बॉक्स ऑफिस पर 303 करोड़ की कमाई की और यह अब तक की सबसे अधिक महिला प्रधान फिल्म बन गई। इस महीने होली पर उनकी एक नहीं, दो नहीं बल्कि तीन शानदार फिल्में रिलीज हुई हैं। जहां उनकी सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर द केरला स्टोरी एक बार फिर ओटीटी पर रिलीज हुई है, वहीं वह सनफ्लावर में चौंकाने वाले चित्रण और अद्वितीय चरित्र के साथ दिल जीत रही हैं। हर भूमिका जो मैं निभाती हूं, एक आईपीएस अधिकारी से लेकर एक बार डांसर और एक आरोपी आतंकवादी तक, मुझे सूरजमुखी की रंगीन चोली से लेकर बस्तर और केरल की कहानी में बंदूकों और गोलियों तक बदलाव का मौका मिला। काम के मोर्चे पर, अदा शर्मा ने द केरल स्टोरी, सनफ्लावर 2 और बस्तर्-द नक्सल स्टोरी के साथ अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित की है।

# पिता सांसद रवि किशन के लिए बेटे सक्षम शुक्ला और बालीवुड स्टार बेटी रीवा शुक्ला करेगी चुनाव प्रचार

गोरखपुर। गोरखपुर सदर सीट से बीजेपी ने रवि किशन शुक्ला को दोबारा अपना प्रत्याशी बनाया है। प्रचार अभियान में सांसद रवि किशन और उनकी धर्म पत्नी प्रीति शुक्ला पहले से ही लगी हुई है। इसी बीच उनके बेटे सक्षम शुक्ला और बेटी रीवा शुक्ला ने भी कमान संभालने को तैयार है आज वो शाम गोरखपुर पहुचे और दोनों पिता रवि किशन के लिए चुनाव प्रचार करेगें



सांसद रवि किशन ने कहा कि बच्चों की भावना का पूरा साम्मान करता हूं। इनकी यह इच्छा थी कि मेरे लिए प्रचार करें। यहां की जनता का मुझे हमेशा प्यार मिला है और मिलता रहेगा।

बेटी रीवा किशन ने कहा कि यह योगी जी का शहर है और यहां के लोग उनके विकास कार्यों से बहुत खुश हैं। गोरखपुर की जनता विकास कार्यों को महत्व देती है। पिता के प्रति लोगों का रुझान बेहद अच्छा है। मेरी इच्छा थी कि मैं भी पिता का साथ दूं और इस अभियान का हिस्सा बनूं।

बेटे सक्षम ने कहा कि मुझे यहां आकर बेहद अच्छा लगा। यहां के लोग बहुत मिलनसार है। सबसे मिलकर बहुत खुशी हो रही है। मैं भी चुनाव प्रचार करूँगा। यहां की जनता पहले से ही विकास कार्यों से संतुष्ट है ऐसे में जनता का दोबारा आशीर्वाद अवश्य मिलेगा। और भाजपा को प्रचंड जीत मिलेगी।

## सलमान खान की फिल्म के बिना अधूरी है ईद

मुंबई (अनिल बेदाग)। सलमान खान इंडियन एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में एक सबसे बड़ा नाम हैं। ये मेगास्टार अपनी ऑन-स्क्रीन लार्जर देन लाइफ प्रेजेंस, बेमिसाल करिश्मा, स्वैग और एटीट्यूड की वजह से देश भर में बड़े फैन बेस को एंजॉय करते हैं। जब उन्होंने अपनी ऑन-स्क्रीन लेजर देन लाइफ इमेज से दर्शकों को चकित किया है, बता दें कि उनका ऑफ-स्क्रीन परसोना भी उतना ही जादुई है। साल 2009 से सलमान खान ने वांटेड, दबंग, बॉडीगार्ड, एक था टाइगर, किक, बजरंगी भाईजान, सुल्तान, भारत और पिछले साल की रिलीज किसी का भाई किसी की जान जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों से फैंस और दर्शकों को नवाजा है। कई रिकॉर्ड तोड़ने वाली ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ ईद पर, सलमान खान ने अपने आप को इस त्योहार के साथ जुदा कर दिया है। हर साल फैंस और दर्शक सुपरस्टार की फिल्म को ईद पर देखने के इंतजार करते हैं। लेकिन इस साल अलग है क्योंकि सुपरस्टार की कोई ईद रिलीज नहीं है। ईद पर सलमान खान की फिल्मों की कमी बिना किसी शक उनके फैंस को खल रही है। इसने सोशल मीडिया पर तूफान ला दिया है क्योंकि फैंस इस ईद पर सलमान खान की फिल्मों को मिस कर रहे हैं। जहां एक तरफ फैंस और दर्शक ईद पर सलमान खान की फिल्म को मिस कर रहे हैं, वहीं सुपरस्टार ने अपनी अगली ईद रिलीज के तौर पर एक बड़े बजट की फिल्म की घोषणा कर दी है। उन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए डायनामिक प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला और गजनी फेम डायरेक्टर एआर मुरुगादॉस के साथ हाथ मिलाया है।

# डॉ0 भीमराव अम्बेडकर का 134वां जन्मोत्सव मनाए जाने के लिए हुई बैठक

**रमेश शर्मा।गौरवशाली भारत**

साधुल्लानगर/बलरामपुर। थाना सादुल्लानगर क्षेत्रातर्गत स्थित सम्राट अशोक बुद्ध विहार दतलूपुर, घासीपोखरा के प्रांगण में भारतीय संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबासाहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी का 134वां जन्मोत्सव मनाए जाने की तैयारी हेतु एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक में सम्राट अशोक बुद्ध विहार समिति (पंजीकृत) के पदाधिकारी एवं सदस्य गणों के साथ-साथ बाबासाहब डॉ0 अम्बेडकर के अनुयायी भी उपस्थित हुए।

बुद्ध विहार के प्रबन्धक सियाराम सरोज ने बैठक की शुरूआत करते हुए उपस्थित लोगों से डॉ0 अम्बेडकर जी का जन्मोत्सव मनाए जाने के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा किया एवं उपस्थित लोगों से सलाह व सुझाव भी प्राप्त किया। बैठक में सियाराम सरोज ने विगत वर्ष के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि पिछले अम्बेडकर जन्मोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत निकाले गए जुलूस में अपार भीड़ रही और जुलूस का रूट भी बहुत लम्बा हो गया था। इसलिए आगामी 14 अप्रैल 2024 को निकलने वाले जुलूस का रूट शार्ट करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में थाना सादुल्लानगर के प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह भी



उपस्थित हुए। प्रभारी निरीक्षक ने बुद्ध विहार समिति के पदाधिकारियों एवं उपस्थित लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि इस समय पूरे प्रदेश में चुनाव आचार संहिता व धारा 144 लागू है।

इसलिए जुलूस को ज्यादा लम्बा न करें चूंकि जुलूस लम्बा होने पर अधिक समय लगता है। जुलूस में कम से कम वाहन को लाएं जिससे अधिक भीड़ न होने पाएं और अफरातफरी का माहौल न बने। प्रभारी निरीक्षक ने शासन प्रशासन के आदेशों व निर्देशों से लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि जुलूस ससमय निकाले और जुलूस को परम्परागत रास्तों से ही ले जाएं। कोई नई परम्परा को विकसित न करें। शासन प्रशासन के निर्देशों का पालन करते कानून के दायरे में रहते हुए जयन्ती को प्रेम और भाईचारा के साथ मनाएं।


बुद्ध विहार समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार भारती ने थाना प्रभारी निरीक्षक को विश्वास दिलाते हुए बताया कि आगामी 14 अप्रैल 2024 को डॉ0 अम्बेडकर जन्मोत्सव के अवसर पर गौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रभात कुमार वर्मा सम्राट अशोक बुद्ध विहार दतलूपुर, घासीपोखरा, निकट मौलाना अबुल कलाम आजाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से सादुल्लाहनगरङ्करेहरा बाजार रोड पर हरी झंडी दिखाकर जुलूस/धम्म यात्रा को रवाना करेंगे। धम्म यात्रा घासीपोखरा, दतलूपुर, सरायखास चौराहा से मुड़कर सहजौरा कम्पोजिट विद्यालय के निकट बाबासाहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया जाएगा। तत्पश्चात जुलूस मुबारकपुर, रामरूचि पुरवा होते हुए भैंसाही, गोकुल बुजुर्ग के रास्ते मद्दौचौरा गांव में पहुंचकर माल्यार्पण व श्रद्धांजलि अर्पित किया जाएगा। वहां से मद्दौघाट बाजार, सादुल्लाहनगर बाजार होते हुए अहिरौला, अचलपुर चौधरी, विशम्भरपुर से पुन: बुद्ध विहार पर पहुंच कर धम्म यात्रा का समापन किया जाएगा।

## पैर टूटने के बाद भी अक्षय कुमार ने बड़े मियां छोटे मियां की शूटिंग की पूरी

मुंबई (अनिल बेदाग)। पूजा एंटरटेनमेंट की अपकमिंग ब्लॉकबस्टर बड़े मियां छोटे मियां 10 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. बड़े मियां छोटे मियां का बुखार पहले ही देश पर चढ़ चुका है और रिलीज की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है. फिल्म मेकर्स ने हाल ही में मुंबई में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में इस बहुप्रतीक्षित फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया था। ट्रेलर में फिल्म के कुछ शानदार एक्शन सीन्स की झलक दिखाई गयी है और ओजी एक्शन सुपरस्टार्स को कुछ अविश्वसनीय एक्शन स्टंट करते हुए देखना एक अद्भुत अनुभव है। एक्शन सुपरस्टार अक्षय कुमार का पैर टूट गया था, फिर भी उन्होंने पूरे समर्पण के साथ फिल्म की शूटिंग पूरी की। एक एक्शन सीक्वेंस के दौरान अभिनेता को चोट लग गई, लेकिन उन्होंने शूटिंग जारी रखी और फिल्म की शूटिंग पूरी की। हम पहले से ही एक्शन सुपरस्टार अक्षय कुमार की कला के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता और समर्पण को जानते हैं। पर्दे के पीछे की यह दिलचस्प कहानी इस बात का प्रमाण है कि कैसे एक्टर ने दर्शकों को एक शानदार सिनेमाई अनुभव देने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है, जिससे बड़े मियां छोटे मियां निस्संदेह साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म बन गई है।

# फ़िल्म रिव्यू - महादेव का गोरखपुर

**कलाकार - रवि किशन, प्रमोद पाठक, लाल, कियान, सुशील सिंह और इंडी थंपी आदि**
**लेखक – साई नारायण**
**निर्देशक - राजेश मोहनन**
**निर्माता - प्रितेश शाह, सलिल शंकरन और रवि किशन,**
**रिलीज : 29 मार्च 2024**




आधुनिक भारत और आध्यात्मिक भारत के दो कालखण्डों का समावेश यदि आपको देखना है तो आप थियेटर का रुख कीजिये, क्योंकि आजकल शिवभक्त रवि किशन की एक बेहतरीन फ़िल्म महादेव का गोरखपुर इनदिनों थियेटर में जमकर सुर्खियां और तालियाँ बटोर रही है। भारतीय पुरातन सभ्यताओं को संजोए और अखंड भारत की परिकल्पना लिए इस फ़िल्म में भगवान महादेव के सर्वश्रेष्ठ सेनापति वीरभद्र की बहादुरी और रणकौशल पर आधारित यह फ़िल्म आपको ढाई घण्टे तक बांध कर रख देगी और आप हिल भी नहीं पाएंगे। यदि आप ध्यान इधर उधर भटकाएँगे तो हो सकता है कि फ़िल्म की मूल भावना को ही आप मिस कर जाएं। फ़िल्म महादेव का गोरखपुर भले ही एक काल्पनिक फ़िल्म हो लेकिन इस फ़िल्म ने भारत की सभ्यताओं के अखंड विस्तार को यथार्थ में परोसकर हमें इस बात का अहसास बखूबी कराया है कि भारत पुरातन में भी विश्वगुरु था आज भी है और यह आगे भी रहेगा। फ़िल्म के कहानी की बात करते हैं तो इसकी कहानी शुरू होती है सन 1525 ईसवी में। जहां पर हो रहे एक बेहद विशाल आयुद्ध पूजा के दिन विदेशी आक्रांताओं द्वारा आक्रमण कर सबकुछ छिन्न भिन्न कर दिया जाता है। इस दौरान शिव मंदिर पर हमला करके वे आक्रान्ता कई सौ शिवभक्तों को भी मौत की नींद सुला देते हैं।

ये विदेशी आक्रमणकारी मंदिर परिसर में घुसकर शिवलिंग को भी नुकसान पहुचाने की कोशिश करते हैं, इसी लड़ाई और भागादौड़ी में शिवलिंग की रक्षा करते हुए आचार्य जी शिवलिंग को लेकर ही जलसमाधि ले लेते हैं।

इसके बाद कि फ़िल्म की कहानी पुनर्जन्म पर आधारित है लेकिन इसको देखने के बाद आपको जरा सी भी बोरियत का अहसास नहीं होता। पुनर्जन्म में आचार्य और वीरभद्र दोनों ही का पुनर्जन्म होता है, और उसी क्रम में ये अपने पिछले जन्म के अधूरे काम को पूरा करने का संकल्प लेकर उसे सफलतापूर्वक पूरा भी करते हैं। इस फ़िल्म के माध्यम से यही सफलतापूर्वक अहसास दिलाया गया है कि जब जब कोई आक्रमणकारी शिवलिंग के आसपास गलत मंशा से आने की कोशिश किये तब तब भगवान महादेव अपने रुद्रांशो के जरिये भारतभूमि पर उन आक्रमणकारियों को मुंहतोड़ जवाब दिये और धर्म की रक्षा किया। इस फ़िल्म में धर्म और विज्ञान के बेहतर समावेश को भी बखूबी बखान किया गया है और यह साफ साफ परिलक्षित होता है कि कुछ भी इसमें अनायास ही नहीं हो रहा है। इस दुनिया मे धर्म हर विज्ञान का जोड़ा इस भारतभूमि पर ही बखूबी देखने को मिल सकता है।

फ़िल्म में अभिनय पक्ष की बात करें तो रवि किशन सदा की तरह इसमें ज्यादा लाउड या ओवर एक्साइटेड नहीं नजर आए, और इस बात को वर्तमान दौर के भोजपुरी फ़िल्म निर्देशकों को समझना होगा कि किस तरह से उनका इस्तेमाल इस फ़िल्म में निर्देशक राजेश मोहनन ने किया है। अपनी दोहरी भूमिका वीरभद्र और डीआईजी पंकज पाण्डेय के किरदार में रवि किशन कहीं भी बोझिल नजर नहीं आये, ऐसा लगा जैसे कि इस किरदार को इनसे बेहतर कोई कर ही नहीं सकता था। ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी भोजपुरी फ़िल्म में एकसाथ चार पांच फ़िल्म इंडस्ट्री के कलकारों ने एकसाथ काम किया हो और सबमें बेहतरीन तालमेल भी देखने को मिला। चाहे वो प्रमोद पाठक हों, सुशील सिंह हों, लाल हों, इंडी थंपी हों, या कियान हों सबने फ़िल्म में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने की भरपूर कोशिश किया है। किसी के काम को कमतर करके नहीं आंका जा सकता।

फ़िल्म में तकनीकी पक्ष की बात करें तो अरविंद सिंह ने बेहद जबरदस्त तरीके से फ़िल्म को फिल्माया है, फ्रेम दर फ्रेम आपको इस फ़िल्म में उनकी बेहतरीन सिनेमेटोग्राफी का नमूना देखने को मिलेगा। फ़िल्म के एडिटर ने भी सिनेमेटोग्राफी में की गई मेहनत को जाया नहीं होने दिया और एक एक फ्रेम को खूबसूरती से एक सूत्र में पिरोने का काम किया है, कहीं कहीं जर्क आप खोजने की कोशिश करेंगे तो भी आप कमी नहीं निकाल सकते। चाहे इस फ़िल्म का बैकग्राउंड स्कोर हो या गीत संगीत, यह सभी दक्षिण भारतीय फिल्मों के पैटर्न पर आधारित दिखेगा, वो शायद इसलिए भी हो क्योंकि निर्देशक अपने माहौल के अनुसार कुछ चीजों को वहां के टच में रखना पसंद करते होंगे।

कुल मिलाकर फ़िल्म महादेव का गोरखपुर भोजपुरी सिनेमा में एक जबरदस्त प्रयोग है और यह एक सफल प्रयोग है। इस फ़िल्म को हम चार स्टार के साथ रखेंगे।

# बलरामपुर में लापरवाह डॉक्टरों की क्लीनिक मरीजों का ले रही जान

**रमेश शर्मा।गौरवशाली भारत**

## प्रसव के बाद हुई मौत से मृतका के पति ने लगाया लापरवाही का आरोप

बलरामपुर। बेखौफ डाक्टरों की लापरवाही और ज्यादा पैसा कमाई की चक्कर में प्रसूता की मौत हो गई।मामला गैसडी नगर पंचायत के बौद्ध परिपथ पर संचालित ग्लोबल हॉस्पिटल में 18 मार्च को राकेश यादव जो मझौली वार्ड के निवासी हैं अपनी पत्नी पूनम का प्रसव कराने एक आशा बहु के साथ आए, आशा बहु ने बताया सरकारी अस्पताल में कोई सुविधा नहीं है। इसलिए ग्लोबल हॉस्पिटल में प्रसव करवा दिया। 17 हजार में हॉस्पिटल के संचालक ने प्रसव कराने का जिम्मा लिया। कुछ देर बाद संचालक ने



बताया कि बच्चा हुआ है। लेकिन प्रसूता की हालात ठीक नही है उसको बाहर लेकर जाओ, राकेश ने बताया कि वह हड़बड़ाहट में तुलसीपुर के लिए गाड़ी से लेकर जा रहा था। देखा कि वह पहले से ही मर चुकी है। जिसके लापरवाही और बिना जांच का प्रसव कराने का आरोप संचालक पर लगाया है। जिसकी लिखित शिकायत शपथ पत्र के द्वारा जिलाधिकारी और स्वास्थ विभाग को दिया। लेकिन अभी तक उक्त संचालक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गैसडी में आशा बहुएं ज्यादा पैसा कमाई के लालच में सरकारी अस्पताल में प्रसव ना कराकर प्राइवेट अस्पतालों में प्रसव करवाती है। जहां पर बड़े बड़े डॉक्टरों का बोर्ड लगा कर अप्रशिक्षित डॉक्टर के द्वारा प्रसव करा दिया जाता है। जिससे आये दिन किसी न किसी को जान गवानी पड़ती है। इस बारे में सी एच सी अधीक्षक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं है फिर भी मैं आशा बहु से पूछताक्ष किया जा रहा है। वही इस बारे में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मुकेश रस्तोगी ने कहा नर्सिंग होम की जिम्मेदारी एसीएमओ डॉक्टर संतोष देख रहे हैं। इस बारे में जब डॉक्टर संतोष से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि उक्त नर्सिंग होम और संचालक के खिलाफ निश्चित कार्यवाही होगी। ग्लोबल हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर जहांगीर आलम ने बताया कि हमारे हॉस्पिटल में प्रसव हुआ उसके बाद उनके परिजनों ने ठंडा पानी पिला दिया जिससे प्रसूता की हालात खराब होने लगी। हमने बाहर इलाज कराने को कहा रास्ते में प्रसूता की मौत हो गई हमारे क्लीनिक पर नही हुआ है। फिर हाल किसकी लापरवाही से मौत हुई ये जांच का विषय है लेकिन स्थानीय लोगो का कहना है कि बड़े पैमाने पर प्रसव कराने का गोरखधंधा चल रहा है। ये सब स्वास्थ विभाग की मिली भगत से नर्सिंग होम खोल कर 15 से 20 हजार रुपए मोटी रकम लेकर प्रसव करवाया जा रहा है। जो पूरे जनपद में फल फूल रहा है।

# प्रदर्शनी में दिग्गज़ कलाकारों की अद्भुत केमिस्ट्री की अनमोल तस्वीरें

मुंबई (अनिल बेदाग)। देश की सांस्कृतिक विरासत में गहरी रूचि रखने वाले लोगों के लिए नई दिल्ली के इंडिया इंटरनैशनल सेंटर गैलेक्सी में चल रही प्रदर्शनी लोगों के दिलो-दिमाग पर खूब असर कर रही है और तमाम लोगों को खूब पसंद आ रही है.

द तुली रिसर्च सेंटर फॉर इंडिया स्टडीज़ की ओर से प्रदर्शित की गई %सेल्फ़ डिस्कवरी वाया रीडिस्कवरिंग इंडिया% नामक यह प्रदर्शनी भारतीय सिनेमा और सांस्कृतिक विरासत की




समृद्ध परंपराओं की अद्भुत झलक पेश करती है. प्रदर्शनी को क्यूरेट और प्रस्तुत करने वाले नेविल तुली ने इस मौके पर कहा, इस अनोखी प्रदर्शनी भारत के 200 सालों की कला और संस्कृति के अंतर-संबंधों का अक्स देखने को मिलता है. इनमें से तकरीबन 120 सालों का तो भारतीय सिनेमा का गौरवशाली इतिहास ही रहा हैं। उल्लेखनीय है कि यह प्रदर्शनी नेविल तुली द्वारा पिछले 30 सालों में आरकाइव की गईं और बड़े जतन से सहेजी गईं विश्व की सिनेमाई धरोहर की एक छोटी से झलक मात्र ही पेश करती है।